सूर्योदय प्रात: 6:30 सूर्यास्त संध्या 5:35 पखवाड़ा माघ शु. प्रतिपदा, संवत 2081 तापमान अधिकतम 25° न्यूनतम 12°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 30 जनवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 345, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,532.96 | 631.55 (0.83%) |
| निफ्टी | 23,163.10 | 205.85 (0.90%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| 24 carat सोना | 81,590.00 |
| चांदी | 1040.00 |

# महाकुम्भ में भगदड़...30 की मौत

## मौनी अमावस्या पर स्नान करने पहुंचे थे श्रद्धालु, 60 घायल

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** संगम नगरी प्रयागराज में लगे महाकुम्भ मेले में बुधवार तड़के मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ में भगदड़ जैसी स्थिति बनने से कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। सूत्रों के मुताबिक भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई है, जबकि 60 से अधिक लोग घायल हैं। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। बताया जाता है कि 25 मृतकों की पहचान कर ली गयी है। इस घटना के बाद सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान नहीं करने का निर्णय किया है। बाद में स्थितियां सामान्य होने के बाद अखाड़े स्नान करने को राजी हुए। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुम्भ मेला की स्थिति को लेकर बात की।

वहीं, मौनी अमावस्या के अवसर पर त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे नागा साधु-संतों पर पुष्प वर्षा की गयी। हालांकि, परम्परा के अनुसार सबसे पहले महानिर्वाणी और अटल अखाड़े को निकलना चाहिए था, लेकिन भगदड़ की घटना के बाद अखाड़े के लोग स्नान को तैयार नहीं थे। लेकिन, प्रशासन के काफी प्रयास के बाद नागा साधु-संत स्नान को लिए अखाड़े से निकले। इस दौरान उन पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी।

वहीं, हादसे पर मेला के लिए विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा ने पत्रकारों को बताया कि संगम नोज पर बैरियर टूटने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी, जिसमें कुछ लोग घायल हुए हैं। उनका अभी इलाज चल रहा है। घायलों को मेला क्षेत्र में स्थापित अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई घायलों के रिश्तेदार भी पहुंच गये हैं। इस बीच, अमृत स्नान करने पहुंचा प्रथम अखाड़ा महानिर्वाणी बिना स्नान किये लौट गया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्र पुरी ने पत्रकारों को बताया, 'अखाड़ा परिषद ने आज की घटना को देखते हुए यह निर्णय किया कि आज हम सभी अखाड़े अमृत स्नान नहीं करेंगे।' प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 'अचानक धक्का मुक्की हुई और कई लोग गिर गये। उसके बाद भीड़ ● शेष पृष्ठ 11 पर



### महाकुम्भ में हुई भगदड़ की खबर सुन कर मन व्यथित है : हेमन्त

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि महाकुम्भ में हुई दुखद भगदड़ की खबर सुन कर मन व्यथित है, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गयी है। सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बुधवार को कहा है कि मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ हैं। इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पूर्ण आशा है कि भारत सरकार इस घटना की पूरी तरह से जांच करेगी और ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठायेगी। हम सभी को मिल कर ऐसी त्रासदियों से सबक लेना चाहिए और भविष्य में सुरक्षा के उचित इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए, ताकि ऐसी घटना दुबारा ना हो।



### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुम्भ हादसे पर जताया शोक

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुम्भ हादसे पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात की है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रयागराज महाकुम्भ में भगदड़ की घटना अत्यन्त दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त ● शेष पृष्ठ 11 पर



### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने महाकुम्भ में हुई भगदड़ पर दुख जताया

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रयागराज महाकुम्भ में भगदड़ के दौरान हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा, 'कुछ लोगों की असमय मृत्यु और कई लोगों के घायल होने का समाचार हृदयविदारक है।' कांग्रेस नेता खड़गे ने 'एक्स' पोस्ट में श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि अभी कई महत्त्वपूर्ण स्नान शेष हैं। इसके लिए व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये, जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की हर सम्भव मदद का आह्वान किया है।



## एक झलक

### उपराष्ट्रपति कल करेंगे चेन्नई का दौरा

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति चेन्नई में शिक्षा, सुगमता और कल्याण के लिए वकालत पर बधिर-दृष्टिहीन के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उपराष्ट्रपति अपनी यात्रा के दौरान 31 जनवरी को चेन्नई में शिक्षा, सुगम्यता और कल्याण के लिए वकालत पर बधिर और दृष्टिहीन लोगों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय बहु-दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान, चेन्नई द्वारा किया जा रहा है। यह केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तहत एक संगठन है।

### महात्मा गांधी के जीवन पर अनूठी प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**नयी दिल्ली :** शहीद दिवस के अवसर पर गुरुवार को 'महात्मा की यात्रा : उनके अपने दस्तावेजों के माध्यम से' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी आयोजित होगी। इसका उदघाटन महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी भट्टाचार्य करेंगी। राष्ट्रीय अभिलेखागार और राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार और प्रसार भारती अभिलेखागार के सहयोग से आयोजित होनेवाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन महात्मा गांधी की पोती तारा गांधी भट्टाचार्य करेंगी।

### सऊदी अरब में नौ भारतीयों की सड़क हादसे में मौत

**नयी दिल्ली :** सऊदी अरब में सड़क हादसे में नौ भारतीय नागरिकों की मौत हो गयी है। हादसा सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र के जिजान के निकट हुआ। हादसे पर दुख जताते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि जेद्दा में भारत का वाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों एवं परिवारों के सम्पर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस मामले के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन स्थापित की गयी है।

### उत्तरकाशी में फिर महसूस किये गये भूकंप के झटके

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी में आज अपराह्न 3:28 बजे एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी से उत्तर दिशा में 10 किलोमीटर दूर बताया जा रहा है। उत्तरकाशी में बीते दिनों से लगातार भूकंप के झके महसूस किए जा रहे हैं। बीते कुछ दिनों में यह भूकंप का सातवां झटका था।

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में छह प्रस्ताव पारित

## सीएनटी एक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में मतियस विजय टोप्पो बर्खास्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्ताव पारित किये गये। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी रांची मतियस विजय टोप्पो को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गयी है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट की धारा 71 ए का उल्लंघन करते हुए 1969 के पहले की भूमि को बिना जांचे नियमित किया। 30 वर्ष के टाइम बांड के नियम का भी उन्होंने उल्लंघन किया। टोप्पो अभी निदेशक डीआरडीए हजारीबाग के पद पर कार्यरत हैं।





बैठक के बाद अपर सचिव राजीव रंजन ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के तहत दायर वाद संख्या डब्लूपीएस नम्बर 777/2023, राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य तथा उक्त से उद्भूत अवमानना ● शेष पृष्ठ 11 पर

### इसरो का बड़ा कीर्तिमान 100वां मिशन सफल

**श्रीहरिकोटा :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ऐतिहासिक 100वां प्रक्षेपण सफल रहा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में बुधवार की सुबह 06 बज कर 23 मिनट पर एनवीएस-02 को ले जानेवाले जीएसएलवी-एफ15 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो ने इस कामयाबी को लेकर कहा कि भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नयी ऊंचाइयों पर पहुंच गया। एनवीएस-02 उपग्रह को इसरो वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। यह स्वदेशी नेविगेशन उपग्रह प्रणाली है।

## जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

**केन्द्रीय मंत्रिपरिषद**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट और मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया है। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज जेपीसी की बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल लोकसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

दूसरी ओर, संशोधित विधेयक अपनाये जाने की विपक्षी सदस्यों ने कड़ी आलोचना की है। विपक्ष का कहना है कि यह पूरी तरह से असंवैधानिक है और इससे वक्फ बोर्ड यानी मुसलमान के धार्मिक मसले में सरकारी हस्तक्षेप को अनुमति मिल जायेगी।

दूसरी ओर, समिति के अध्यक्ष का कहना है कि विपक्ष की ओर से उठाये गये कई मसलों और चिन्ताओं का संशोधित स्वरूप में ध्यान रखा गया है। विधेयक के कानून बनने पर वक्फ बोर्ड अपनी जिम्मेदारियों को पारदर्शिता और प्रभावी रूप से निभा पायेगा।

तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि हमने 32 पेजों को लेकर अपना 'डिसेंट नोट' दिया है। हमें कल शाम ही 653 पेजों की ड्राफ्ट रिपोर्ट 7.55 मिनट पर मिली थी। विपक्षी नेता असदुद्दीन औवेसी ने कहा कि इतने कम समय में 653 पेजों की ड्राफ्ट रिपोर्ट को कैसे अध्ययन किया जा सकता है।

### 'राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन' को मंजूरी





**केन्द्र** सरकार ने हरित प्रौद्योगिकियों से जुड़े महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने के लिए 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' को मंजूरी दी है। इस पर सात वर्षों में 34,300 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के व्यय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि द्वारा 18 हजार करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ महत्वपूर्ण खनिज मिशन के शुभारम्भ को मंजूरी दे दी।

### इथेनॉल की कीमत बढ़ी, अब 57.97 रुपये प्रति लीटर

**केन्द्र** सरकार ने इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए अपनी योजना के तहत 'सी हैवी मोलासेस' से प्राप्त इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को आज मंजूरी दी है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए सी हैवी मोलासेस से प्राप्त ईबीपी कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 56.58 रुपये प्रति लीटर से 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की गयी है।



## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हो गये है। घटना स्थल से दो इंसास राइफल बरामद की गयी हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र के बिलाटी टोला के पास स्थित जंगल में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के जवानों की टीम संयुक्त रूप से जंगल में सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी। इसी दौरान उनका नक्सलियों के साथ आमना-सामना हो गया। पुलिस को देख कर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा सम्भाला और जवाबी फायरिंग शुरू की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से जंगल का फायदा उठा कर भागने लगे।

## यमुना को लेकर ओछी राजनीति कर रही आम आदमी पार्टी : मोदी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में चुनाव अभियान को गति देते हुए घोंडा विधानसभा क्षेत्र के करतार नगर में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों ने मन बना लिया है कि 'आप-दा' (आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए भाजपा की ओर से प्रयोग सम्बोधन) से काम नहीं चलेगा। अब लूट और झूठ से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता अब राज्य में 'डबल इंजन' भाजपा की सरकार चाहती है। भाजपा गरीबों के लिए घर बनायेगी, दिल्ली को आधुनिक बनायेगी, हर घर तक नल से जल पहुंचायेगी, टैंकर माफिया से मुक्ति दिलायेगी। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी को यमुना में नदी के मुद्दे पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलती माफ करना भारतीयों का उदार चरित्र है लेकिन जान-बूझ कर, बद इरादे से पाप करनेवालों को दिल्ली एवं देश माफ नहीं करता।

## देश और दुनिया में हमारी बेटियों ने अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया : हेमन्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी में राज्य एवं देश का नाम रोशन करनेवाली ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे और सुश्री निक्की प्रधान को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन के कागजात सौंपे। राज्य सरकार ने आज आधिकारिक तौर पर झारखंड की दो बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान की खेल उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राजधानी रांची में उनका अपना घर होने के सपने को आखिरकार पूरा कर दिया है।

**सीएम ने कहा**

- खिलाड़ियों से किया गया वादा पूरा किया
- ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सुश्री सलीमा टेटे और सुश्री निक्की प्रधान को मिला सम्मान
- जमीन के साथ अपना घर बनाने के लिए राज्य सरकार देगी 35 लाख रुपये
- राज्य सरकार ने बेहतर खेल नीति बनायी



नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में राज्य के अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी को सम्मान-सह-भूखंड आवंटन पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने सलीमा और निक्की की खूब तारीफ की

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है। हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से झारखंड की बेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अलग पहचान बनायी है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कर कमलों से इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नम्बर - 10 (बी) तथा 10 (ए) में 3750-3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए उन्हें प्रदान की गयीं।

**राज्य सरकार ने वादा पूरा किया**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान को रांची में भूखंड देने का निर्णय हमारी सरकार का ही था। आज यह वादा हम पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भूखंड देने के साथ-साथ यह भी घोषणा की, कि इन दोनों खिलाड़ियों को अपना आशियाना ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अंदर के पन्नों पर

3 विरासत को रंगों में संजो कर नयी पीढ़ी तक...

5 धरती माता के शोषण की भरपाई करना हमारा...

7 09 किलो गांजा के साथ 03 तस्कर गिरफ्तार...

9 कटिहार जिला को मुख्यमंत्री ने दी 166.96 करोड़...

10 आईसीसी रैंकिंग में तिलक बने टी-20 के टॉप-2 बैटर...

## एक झलक

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**पतरातू :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को इआइएमएनसी के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिसमें मैटरनल और चाइल्ड हेल्थ के बारे में डॉ. मृणाल और डॉ शहबाज खान के द्वारा सभी सीएचओ और एएनएम विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षणोपरांत डॉ. धीरेन्द्र कुमार के द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया?। मौके पर बीपीएम मनीष कुमार, जितेन्द्र कुमार, परवीन कुमार, सीएचओ गंगा, प्रिया, सद्दाम, अकील, ओलिव, एएनएम सुधा कुमारी, कविता कुमारी, रेखा कुमारी, पूनम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ झारखंड का प्रतिनिधिमंडल मंत्री से मिला

**बुढ़मू :** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ झारखंड का प्रतिनिधिमंडल संघ के महासचिव राजेंद्र प्रसाद महतो के नेतृत्व में बुधवार को स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन से मिला। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मंत्री जी को बताया कि स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के प्रधान सचिव ने 11 अक्टूबर 2021 को कार्मिक सुधार व राजभाषा विभाग झारखंड सरकार को पत्र लिखा था और पत्र में कहा गया था कि वित्तरहित शिक्षा नीति को समाप्त कर नियमावली बनाकर सभी वित्तरहित कर्मचारियों को सेवा सरकारी संवर्ग करते हुए वेतनमान देने संबंधी मामले पर प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा कारवाई करने के लिए कहा गया था लेकिन संचिका अभी तक कार्मिक विभाग में लंबित है। इस पर मंत्री जी ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है. मौके पर दिनेश कुमार, नौशाद अंसारी, सुधांशु कुमार, मधुसूदन साहू, अफरोज आलम, पंकज रजक, पारेश मुंडा, स्वपन कुमार, कंचन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बुढ़मू :** बुधवार को सरस्वती पूजा को लेकर ठाकुरगांव थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक थाना प्रभारी विनीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि सभी पूजा समिति शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा मनाये। वहीं पूजा पंडालों में अश्लील गाने का प्रयोग नहीं करने व किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का निर्देश दिया गया। वहीं विसर्जन शोभा यात्रा शाम 7 बजे तक संपन्न करने का भी निर्देश पूजा समितियों को दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान थाना क्षेत्र में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। मौके पर अवर निरीक्षक अरविंद कुमार, एसआई दिलीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, न्यू स्टार क्लब के सचिव बिपुल तिवारी, दिनेश महतो, रंथेश्वर गिरी, अभिषेक तिवारी, मनोज साहू समेत पूजा समिति के दर्जनों सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नवमनोनीत जिला व प्रखण्ड पदाधिकारियों को सौंपा मनोनयन पत्र



**रांची :** ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कांग्रेस भवन रांची में नवमनोनीत जिला एवं प्रखण्ड प्रखण्ड पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश जी विशेष रूप से उपस्थित हुए और सभी को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी के जिम्मेवारियों से अवगत कराये। अनगड़ा प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी का महासचिव, एतवा उरांव को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी अनगड़ा एवं विजय टोप्पो को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी नामकुम का संयोजक के रूप नियुक्ती पत्र सौंपी गयी है वही एतवा उरांव, विजय टोप्पो प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी पंचायत कांग्रेस कमिटी का विस्तार करेंगे और प्रखण्ड को मजबूत करने के उद्देश्य से संयोजने का कार्य करेंगे । साथ ही साथ उन्होंने ओरमांझी से सुधा देवी को रांची जिला ग्रामीण सचिव एवं अमल खान जी को ग्रामीण जिला सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ती की जानकारी मिलते ही विधायक दल के उपनेता श्री राजेश कच्छप ने बधाई सहित शुभकामनाएं दिया है पदाधिकारीयों ने शीर्ष नेतृत्व का अभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक

# जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की दी गयी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गयी की वित्तीय वर्ष 2024-25 में वर्तमान में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी गई एवं अब तक दिए गए लाभुकों के लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का दस्तावेज को अच्छे से जांच उपरांत ही योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभों का राशि स्वीकृत हो चुकी है उन्हें अभिलंब लाभ देने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन-जिन लाभुकों का स्वीकृति उपरांत भी लाभ नहीं ले रहे हैं उन सभी को नोटिस करें तत्पश्चात लाभुक स्वीकृत राशि योजना का लाभ नहीं लेते हैं तो संबंधित राशि को अन्य लाभुकों में स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया।वहीं उपायुक्त ने अब तक जितने भी लाभुक लाभ ले चुके हैं उन सभी की जानकारी लेने के क्रम में दिए गए रोजगार हेतु लाभ का सही उपयोग कर रहे हैं कि नहीं इसकी जांच करने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, एलडीएम दिलीप महली सहित अन्य उपस्थित थे।

## एबीवीपी ने किया बेड़ो में नगर खेल कुंभ का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो रांची ग्रामीण के तत्वावधान में कठरटोली मैदान में बुधवार को खेलो भारत के तहत नगर खेल कुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें महिला नेट बॉल और पुरुष नेटबॉल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के प्राचार्य प्रो प्रदीप अधिकारी,बर्सर डॉ आशा रानी लकड़ा, अभाविप प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ,नगर मंत्री विक्रम महतो, कॉलेज इकाई के अध्यक्ष सुशांत कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्राचार्य प्रो प्रदीप अधिकारी ने कहा की खेलो के माध्यम से हम सभी का शरीर मजबूत होता है। खेल के माध्यम से हम अगर चाहे तो अपनी पहचान प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बना सकते हैं। प्रादेशिक विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ ने कहा कि खेलो के माध्यम से अपनी संस्कृति और सामूहिकता को जोड़ने का प्रयास नगर खेल कुंभ के माध्यम से किया जा रहा है। महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबले में वंदना कुमारी की टीम व पुरुष वर्ग के मुकाबले में ओम प्रकाश गोप की टीम विजेता बनी। विजेताओं को प्रो नितेश पासवान, शशि गोप, डॉ मीना पूर्ती,डोरंडा कॉलेज की इतिहास विभाग की प्रोफेसर डॉ मंजू मिंज, प्रो विकास कुमार सिन्हा, आकाश रक्षित,अनमोल कच्छप व पराज महतो समेत सभी अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## बेड़ो के बारीडीह जतरा मैदान में सदान-संसद सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

# सदानों के हितों की रक्षा के लिए कालान्तर में परिसीमन वरदान व मील का पत्थर बनेगा : राजेन्द्र प्रसाद

- पेसा कानून में मूलवासी सदानों को भी सरकार से शामिल करने की मांग
- समारोह में सदानों ने अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए भरी हुंकार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** सदानों को हक अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करना होगा। परिसीमन सदानों के समग्र विकास व कल्याण के लिए एक वरदान और मील का पत्थर बनेगा। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहीं। वे मोर्चा के बैनर तले बुधवार को बेड़ो प्रखंड स्थित बारीडीह पड़हा जतरा मैदान में आयोजित सदान - संसद सह मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। इस दौरान सदानों ने परंपरागत नाच गान के साथ मुख्य अतिथि व अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में सदानों ने अपने हक अधिकार की रक्षा करने, परिसीमन कराने, सदान आयोग का गठन कराने,सदानों की भाषा संस्कृति की रक्षा करने व लोकतंत्र में सदानों की भूमिका व महत्व का निर्धारण करने के लिए आवाज बुलंद किया। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान और जनजातियों की भाषा संस्कृति एक जैसी है। सदान और जनजाति एक साथ रहते आए हैं। झारखण्ड की भाषा और संस्कृति के लिए साथ खड़े रहे हैं। अलग राज्य के लिए दोनों समुदायों ने शहादत दी और साथ खड़े रहे।जिसका परिणाम है कि झारखण्ड राज्य मिला। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत परिसीमन होने जा रहा है। परिसीमन में मूलवासी सदानों के हितों की भी रक्षा हो यह सुनिश्चित करना राज्य और केंद्र सरकार की नैतिक की जिम्मेवारी है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पेसा कानून रूढ़िवादी परंपरा के तहत लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा-संस्कृति और रहन-सहन जनजातियों की तरह ही है। इसलिए झारखंड में शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को विचार करना चाहिए। साथ ही पेसा कानून के तहत मूलवासी सदानों को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मूलवासी सदान आयोग बनाने की मांग किया। उन्होंने कहा कि 65% मूलवासी सदानों की अनदेखी राज्य के लिए घातक होगा। कहा कि इस बात को सरकार और राज्य के हर राजनीतिक दलों को समझना होगा।असंवैधानिक तरीके से 112 प्रखंडों के तमाम पंचायतों के मुखिया, प्रमुख , जिला परिषद अध्यक्ष के पद को आरक्षित कर दिया गया। उसमें ऐसे भी कुछ पंचायत थे, जहां जनजातियों की एक भी संख्या नहीं थी। जिसके कारण उन पंचायतों में चुनाव नहीं हो सका था। प्रसाद ने कहा कि ओबीसी के आरक्षण को 27 से घटाकर 14 किया गया। 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य। जो असंवैधानिक है। उन्होंने सरकार से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा लागू करने की मांग किया।? उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ों को तमिलनाडु के तर्ज पर झारखण्ड में 50% तक आरक्षण देने की अनुशंसा की है। उसे राज्य सरकार लागू करे। उन्होंने केंद्र सरकार से वर्ष 2026 में परिसीमन के साथ-साथ विधानसभा की सीट को 160 और लोकसभा की सीट को 28 करने की मांग किया। जातीय जनगणना से देश के लोगों को सही जानकारी मिलेगी। जातीय जनगणना से भेदभाव नहीं होगा बल्कि सभी समुदायों के आबादी और आर्थिक आधार का पता चल पाएगा। जिससे सभी वर्गों का उत्थान करने में सरकार को आसानी होगी। उन्होंने हिंदू- मुस्लिम समुदाय को अधिकार के लिए साथ खड़े होकर आगे आने का आह्वान किया।

## डीटीओ ने किया चुट्टूपालू घाटी व पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया।चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने उपायुक्त के द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में सीसीटीवी कैमरा, साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई वहीं उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने सहित अन्य नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्याल चंदन कुमार वत्स, यातायात पुलिस कर्मी, टोल प्लाजा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू में बाल मेला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में बच्चों ने कई तरह के पकवान बनाये और उनकी बिक्री की। इस दौरान पकौड़ा, चाउमिल, मोमोज, कचरी, अईरसा, ब्रेड चॉप, फ्रेंच राईस के स्टॉल लगाए। मेला में आये अभिभावकों ने बच्चों के द्वारा बनाई गई खाने - पीने की चीजे खरीदकर बच्चों का हौसला बढ़ाया वहीं दुसरी ओर संत माईकल पब्लिक स्कूल ठाकुरगांव और सनराईज पब्लिक स्कूल उमेडंडा का स्थापना दिवस मनाया गया। शुभारंभ डीएसपी आरएन चौधरी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, जिप सदस्य रामजीत गंझू ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान ठाकुरगांव में बच्चों द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी के स्टॉल लगाए गए। स्टॉल लगाकर पर्यावरण को प्रदुषित करने से होने वाले नुकसान, सौर उर्जा से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई साथ ही वर्षा जल बचाने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी दी गई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने रमेश कुमार महतो सचिव मगनू मुंडा, कोषाध्यक्ष जलेश्वर ठाकुर व मीडिया प्रभारी एहसान राजा बने





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के चयन को लेकर पंचायत स्तरीय सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया मौजूद थे। चुनाव में अध्यक्ष पद रमेश कुमार महतो निर्विरोध चुना गया। सचिव व कोषाध्यक्ष के कैंडिडेट अधिक होने के कारण दोनों पदो के लिए वोटिंग प्रक्रिया को अपनाना पड़ा। वोटिंग के द्वारा प्रखंड स्तरीय सिदो कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बरतुवा ग्राम के रमेश कुमार महतो का चयन किया गया। वहीं सचिव मगनु मुंडा कोषाध्यक्ष जलेश्वर ठाकुर व कार्यकारिणी सदस्य राजकिशोर महतो, संजीव कुमार महतो, एहसान राजा, शाहिद परवेज, आनंद उरांव, प्रदीप मुंडा, अमरेंद्र पहान, प्रकाश बेदिया के रूप में चयन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने बताया कि क्लब के नाम से बैंक में संयुक्त खाता खोला जाएगा। इस क्लब का काम होगा ग्रामीण स्तर पर खेलकूद गतिविधि को बढ़ावा देना है। मौके पर नशा पान से दूर रहने का बीडीओ ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलाया गया।

## टोनागतू स्थित काशीनाथ मार्केट में डिजिटल सेवा केन्द्र का हुआ उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के साड़म पंचायत के टोनागातु गाँव में काशीनाथ मार्केट पर बुधवार को डिजीटल सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस डिजिटल सेवा केन्द्र का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार उमाकांत महतो के द्वारा फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुलने से ग्रामीणों के लिए समस्त डिजिटल समाधान सेवा उपलब्ध होगा। सेवा केंद्र के संचालक उपेंद्र महतो ने बताया कि 24 घंटे ग्रामीणों की सेवा में तत्पर रहूंगा। इस केंद्र के उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को वीडिंग फोटोग्राफी, फोटो बुक, बैनर डिजाइनिंग, आउटडोर फोटोग्राफी, माडलिंग फोटोग्राफी, एचडी विडियो शूटिंग, करिज्मा शूटिंग आदि सेवाएँ मिलेंगी। इस अवसर पर बिनोद बिहारी महतो, प्रेम कुमार मेहता, मणिलाल महतो, मंदिर, सचिन साइंस वाला, शंकर चंदा, बाबूलाल शेखर सिंगर सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## गरीब समाज सेवा संघ ने भुरकुंडा पंचायत में लगाया मोतियाबिंद जांच शिविर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** गरीब समाज सेवा संघ के द्वारा बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में मोतियाबिंद का सिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पप्पू चौहान, पप्पू सिंह और सुनील कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में ओंकार मिशन के डॉ. मोहंती, डॉ. इफ्तकार ने योगदान दिया। जिनका स्वागत उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार और समाजसेवी पप्पू सिंह के द्वारा किया गया। इस शिविर में 120 मरीज का जांच किया गया। जिसमें 30 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनका ऑपरेशन 30 जनवरी को डिवाइन ओंकार मिशन के सौजन्य से रामगढ़ में किया जाएगा। मरीज को ले जाने के लिए गरीब समाज सेवा संघ की ओर से गाड़ी की व्यवस्था की गयी है।कि जो पंचायत भवन भुरकुंडा से 12:00 बजे खुलेगी। बताया जाता है यह शिविर पिछले तीन वर्षों से नियमित रूप से लग रहा है। शिविर में गरीब समाज सेवा संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार, समाजसेवी पप्पू सिंह, मोहम्मद इफ्तेश्वर, अशोक चौहान, सुनील सोनी, सुनील कुमार सिंह, सुभाष करमाली, डॉ केसी दास, विजय पासवान दिनकर सिंह, रोशन कुमार पासवान, विनोद साव, पिंकी सागर, रोहिणी कुमारी, रेणुका दास, सविता देवी, सुधा तिवारी, विजयलक्ष्मी शर्मा, लीला सागर, तीज राम, सहित संघ के कई लोग उपस्थित थे।

## महाकुंभ की धर्म संसद में धर्मांतरण पर व्याख्यान देंगी खूंटी की प्रिया मुंडा

**खूंटी :** खूंटी की प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और बिरसा वाहिनी फाउंडेशन की संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया मुंडा को प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में आयोजित धर्म संसद में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रिया मुंडा इस संसद में देशभर में चल रहे धर्मांतरण के ज्वलंत मुद्दे पर अपना व्याख्यान देंगी। इस अवसर पर प्रिया मुंडा ने कहा कि इतने बड़े मंच पर आदिवासी समाज की सबसे बड़ी समस्या को रखने का अवसर मिलना सचमुच खूंटी एवं झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने यह सम्मान खूंटी की जनता को समर्पित करते हुए इस आमंत्रण के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का आभार प्रगट किया है।

## आदर्श विद्या मंदिर मुरतो में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के मुरतो गांव स्थित आदर्श विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जहां सबसे पहले बौतर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक इंद्र मोहन राय द्वारा झंडारोहण किया गया। वही गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। वही छात्र छात्राओं न एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने राम मंदिर में हुई राम प्रतिष्ठा, सुभाष चंद्र बोस जयंती व गणतंत्र दिवस पर एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। स्कूल के निदेशक अभिजीत राज ने कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा गणतंत्र है। इसकी एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखना हम सबका पुनित कर्तव्य है। देश को उन्नति के चरम उत्कर्ष तक पहुंचाने के लिए हम सबको अथक परिश्रम करना होगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में हम सभी को सहयोग करना होगा।साथ ही अभिभावकों से कहा कि बच्चों की प्रगति के लिए आपका सहयोग, मार्गदर्शन और सुझाव आवश्यक है। वहीं स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका राज,प्रिसिंपल मुकेश राम सहित सभी शिक्षक छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

# जिन्दल स्टील एंड पावर ने ओडिशा में 70,000 करोड़ के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने ओडिशा में विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर 70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है। यह घोषणा ओडिशा में सतत औद्योगिक विकास और सामुदायिक उत्थान के प्रति जेएसपी की प्रतिबद्धता की परिचायक है। जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने तीन दिवसीय उत्कर्ष ओडिशा 2025 कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। यह कार्यक्रम आज भुबनेश्वर में शुरू हुआ, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन भारत के औद्योगिक विकास में ओडिशा की महत्वपूर्ण भूमिका और राज्य के विश्व स्तरीय विकास केंद्र के रूप में उभरने का शुभ संकेत दे रहा था। इस अवसर नवीन जिन्दल ने कहा, ₹हमारा लक्ष्य ओडिशा को अग्रणी अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक केंद्र बनाना है और यहां के लोगों के जीवन स्तर में सतत सुधार लाना है। हम 70,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेंगे, जिससे न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि ओडिशा के हजारों परिवारों के जीवन में भी बदलाव आएगा। इसके साथ ही हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा, हम ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के दृष्टिकोण के अनुरूप क्योंझर जिले में एक स्टील प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं का भी अध्ययन कर रहे हैं।₹ उत्कर्ष ओडिशा 2025 कार्यक्रम ने भारत की आर्थिक प्रगति में ओडिशा के महत्व को रेखांकित किया और सतत विकास के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग पर जोर दिया। जेएसपी पहले से ही ओडिशा के अंगुल में देश के पहले कोल गैसीफिकेशन प्लांट के माध्यम से स्टील उत्पादन कर रहा है, जो हरित प्रथाओं को अपनाने और आयातित कोकिंग कोयले पर निर्भरता को कम करने में सहायक है। अंगुल स्टील प्लांट की वर्तमान क्षमता 6 एमटीपीए से बढ़कर इस वर्ष 12 एमटीपीए हो जाएगी और 2030 तक 25.2 एमटीपीए तक पहुंच जाएगी। इसे दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पर्यावरण-अनुकूल स्टील प्लांट बनाने के साथ-साथ हाइड्रोजन आधारित ग्रीन स्टील उत्पादन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। जेएसपी ने ओडिशा के सामुदायिक विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। पिछले एक दशक में कंपनी ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आजीविका, खेल, कला और संस्कृति पर केंद्रित स्थायी सामाजिक पहलों में 900 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिससे राज्य भर में अनगिनत लोगों के जीवन में बदलाव आया है।

## टाटीसिलवे में 15 से 22 फरवरी तक चलेगी श्रीमद् भागवत कथा, 14 को कलश यात्रा में शामिल होंगी 2100 महिलाएं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में 15 से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाना है। प्रख्यात कथा वाचक इंद्रेश जी उपाध्याय 8 दिन तक भागवत प्रेमियों को कथा का रसपान कराएंगे। भागवत के सभी प्रसंगों का उल्लेख कर श्रद्धालुओं का आनंदित करेंगे। बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के कार्यालय में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गई। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष रासेश्वर मिश्रा ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों में शिक्षा संस्कार सांस्कृतिक, वैचारिक एवं आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण संवर्धन और धार्मिक चेतना को जागृत करने के उ?द्देश्य से 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ईईएफ मैदान में किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्य इन्द्रेश जी उपाध्याय (वृंदावन) के श्रीमुख से भागवत कथा का प्रेम रस प्रवाहित होगा। कथा आरंभ के एक दिन पूर्व 14 फरवरी को भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाला जाएगा।

## एक झलक

### महुआ माजी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार्जशीट दाखिल

**रांची** : राज्यसभा सांसद महुआ माजी के खिलाफ चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में जांच अधिकारी ने अपनी जांच पूरी कर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए 15 फरवरी की तारीख उपस्थिति के लिए निर्धारित की है। चार्जशीट में आरोप प्रथम दृष्ट्या सही पाए गए हैं। मामला विधानसभा चुनाव के दौरान सरकारी बिजली खंभों पर महुआ माजी के बैनर और पोस्टर लगाने से जुड़ा है। इस संबंध में हिंदपीढ़ी थाने में कांड संख्या 122/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में पुलिस ने महुआ माजी से पूछताछ की थी, जिसके बाद थाने से ही उन्हें जमानत दे दी गई थी।

### पत्रिका उप समिति की हुई बैठक




**रांची** : झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पत्रिका उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में हुई। बैठक में पत्रिका के प्रकाशन की तैयारी की समीक्षा के साथ ही आगामी संस्करण के प्रकाशन पर भी चर्चा हुई। उप समिति चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने कहा कि सदस्यों के सुझाव के अनुरूप पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका में चैंबर की गतिविधियों, प्रमंडलीय समस्याएं, फेडरेशन की भावी योजनाओं का सारांश और स्टेकहोल्डर्स से जुडे सरकार की नीति, पॉलिसी और नोटिसों का उल्लेख बुलेटिन में प्रमुखता से किया जायेगा। इससे हमारे सदस्य व्यापार जगत की गतिविधियों से अपडेट रहेंगे। बैठक के दौरान बुलेटिन में प्रकाशन हेतु कंटेंट की समीक्षा के साथ ही विज्ञापनों की बुकिंग भी ली गई। चर्चाओं के क्रम में फरवरी के प्रथम सप्ताह में चैम्बर के इस सत्र की पहली पत्रिका का विमोचन करने का निर्णय लिया गया। स्टेकहोल्डर्स से जुड़े मुद्दों पर पत्रिका में आर्टिकल के प्रकाशन हेतु इच्छुक विशेषज्ञों से उप समिति द्वारा आर्टिकल प्रेषित करने की भी अपील की गई। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, पत्रिका उप समिति के चेयरमेन एवं संपादक मुकेश कुमार अग्रवाल, सह संपादक प्रमोद सारस्वत, सदस्य मनोज मिश्रा, अल्तमस आलम और अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

### 30 हजार लोगों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ

**रांची/खूंटी** : सड़क सुरक्षा माह के तहत उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी-निजी कार्यालय, विद्यालय, थाना, बैंक एवं अन्य प्रतिष्ठानों में बुधवार को सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, छात्र सहित लगभग 30000 लोगो ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ ली। इसके साथ ही जिले के हाट-बाजार में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को यातायात नियम, साइनेज, गुड समारीटन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य विषयों की जानकारी दी गई। जिले के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और एनडी ग्रोवर पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के जरिये जानकारी दी गई कि सभी लोग सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें एवं सड़क दुर्घटना में यथासंभव कमी लाने का प्रयास करें। दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को समय से सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करें। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अथवा एंबुलेंस हेल्पलाइन को सूचित करें।

धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय चित्रकार शिविर का कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने किया भव्य उद्घाटन

# विरासत को रंगों में संजो कर नयी पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य : चमरा लिंडा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार, झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ही राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वह बुधवार को डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, रांची में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन कर रहे थे। यह ऐतिहासिक आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमारी अस्मिता और प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी शौर्यगाथा को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। इस चित्रकार शिविर के माध्यम से हमें उन वीर सेनानियों की वीरता को पुनः जीवंत करने का अवसर मिला है। साथ ही, झारखंड का जनजातीय समाज हमेशा से अपनी कला, संस्कृति और संघर्षशीलता के लिए जाना जाता है। यहां के कलाकारों की प्रतिभा अद्भुत है, और यह शिविर उन कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा, जिससे वे अपनी कला के माध्यम से इतिहास को संजो सकें।

**मंत्री ने कहा**

- जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरव को चित्रों में उकेरने की अनूठी पहल
- राज्यभर के प्रतिभाशाली जनजातीय चित्रकारों की भागीदारी
- सोहराई, कोहबर, पिठौरा जैसी पारम्परिक कलाओं में वीरों की गाथा



**शिविर का उद्देश्य और महत्त्व**

**इस** वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का ऐतिहासिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में झारखंड के वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन हेतु यह चार दिवसीय जनजातीय चित्रकार शिविर (29 जनवरी से 01 फरवरी 2025) आयोजित किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वीरभूमि से जुड़े जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित अन्य अमर योद्धाओं के संघर्ष और योगदान को चित्रों के माध्यम से जीवंत करना है।

**जनजातीय कलाकारों की भागीदारी**

**इस** शिविर में झारखंड के कोने-कोने से आये वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की गाथाओं को जीवंत रूप देंगे। चित्रकला की विभिन्न शैलियों, जैसे सोहराई, कोहबर, पिठौरा, गोंड, वारली और अन्य जनजातीय कला रूपों का प्रयोग किया जाएगा, जिससे झारखंड की समृद्ध कला परम्परा को भी बल मिलेगा। संस्थान परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन शिविर के अंत में सभी चित्रों को एक विशेष प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया जायेगा, जिसमें झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े चित्रों को प्रदर्शित किया जायेगा। इन चित्रों को झारखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, संग्रहालयों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित करने की योजना बनायी जा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास से अवगत हो सकें।

**सरकार की जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने की पहल**

**चमरा** लिंडा ने यह भी घोषणा की, कि झारखंड सरकार राज्य के जनजातीय कलाकारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के जनजातीय कलाकारों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार कई योजनाओं पर कार्य कर रही है।

**जनजातीय समाज में उत्साह**

**इस** आयोजन को लेकर जनजातीय समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई समुदायों के प्रतिनिधि, कलाकार, शोधार्थी और विद्यार्थी भी इस शिविर में शामिल हुए। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि झारखंड की गौरवशाली परंपरा को नयी पहचान देने में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

**समापन समारोह में होगा विशेष सम्मान**

**यह** चार दिवसीय शिविर 01 फरवरी 2025 को सम्पन्न होगा। समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ चित्रकारों को विशेष सम्मान और पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही, झारखंड सरकार द्वारा इन चित्रों को आधिकारिक रूप से संरक्षित करने की योजना भी बनायी गयी है।

धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाओं को एक नयी पहचान देगा। यह न केवल झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करेगा, बल्कि जनजातीय चित्रकारों को भी एक नया मंच प्रदान करेगा। जनजातीय समाज की अमूल्य धरोहर को सहेजने के लिए इस तरह के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से टीसीडीसी प्रबंध निदेशक नियोलसन बागे, कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा व अन्य मौजूद थे।

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में 'डीएवी लिटरेचर कान्क्लेव' का भव्य आयोजन

## साहित्य ही मानव जीवन को उत्कृष्टता प्रदान करता है : एस.के. मिश्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में आज 'डीएवी लिटरेचर कॉन्क्लेव (साहित्य गोष्ठी) का भव्य आयोजन हुआ। यह आयोजन डीएवी सेंटर फॉर अकैडमिक एक्सीलेंस एवं डीएवी यूनाइटेड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताअतिथि प्रोफेसर डॉ. गौरी शंकर झा (सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, रांची विश्वविद्यालय), प्रोफेसर डॉ. श्रेया भट्टाचार्जी (डीन, स्कूल ऑफ लैंग्वेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड), प्रोफेसर डॉ. प्रकाश चंद्र पांडा (मुख्य प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, रांची) एवं डॉ. सैकत बैनर्जी थे। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड,जोन-जे एस.के. मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत सैपलिंग एवं शॉल भेंट कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्य ही मानव जीवन को उत्कृष्टता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि साहित्य कला ही मनुष्य और पशु के बीच का अंतर स्पष्ट करती है तथा यह मानवता एवं सृजनात्मकता को विकसित करने में सहायक होती है। एम के सिन्हा, प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड, जोन-'बी' ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए साहित्य का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसे किसी भी राष्ट्र की आत्मा बताया।

## अमाल खान बने कांग्रेस के जिला सचिव



**ओरमांझी** : कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने ओरमांझी प्रखण्ड के चाडू पंचायत के डटमा गांव निवासी अमाल खान को पत्र जारी कर जिला ग्रामीण सचिव पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने कहा है कि आप अपने कर्तव्यों को निः स्वार्थ भाव से निभाते हुए संगठन मजबूती के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे। वहीं अमाल खान ने कहा कि संगठन की मजबूती और कांग्रेस की नीतियों का प्रचार करने का दीढ संकल्पित है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने लड्डू खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


## सॉफ्ट स्किल पर कार्यशाला का शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी (सरला बिरला विश्वविद्यालय) के तत्वावधान में विवि प्रेक्षागृह में सॉफ्ट स्किल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारंभ किया गया। एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह, प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी तथा उप प्राचार्या मीनल श्वेता ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उदघाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. गोपाल पाठक ने पुरातन काल के साथ ही नए युग में भी सॉफ्ट स्किल की उपयोगिता की चर्चा की। उन्होंने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में सॉफ्ट स्किल की अपरिहार्यता पर प्रकाश डाला। सेवा कार्य में भी इसकी उपयोगिता पर उन्होंने बात की। प्रो. सी. जगनाथन ने अपने विदेश दौरे के दौरान इसकी उपयोगिता के संस्मरण उपस्थित श्रोताओं के साथ साझा किया। अलग-अलग संस्कृति के लोगों को एक दूसरे का सम्मान करने की भी उन्होंने सलाह दी। व्यक्तित्व विकास के लिए सॉफ्ट स्किल को उन्होंने आधार करार दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह ने नई तकनीक और वैश्विक संपर्क के लिए सॉफ्ट स्किल की आवश्यकता पर बल दिया।



## मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान पर्व भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। श्याम भक्तों में अमावस्या स्नान का बहुत महत्व है। नियमित सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए। 5:30 बजे की मंगला आरती के बाद बाबा श्याम एवं सभी देवी देवताओं के मंड के पर्दे लगाकर महास्नान अनुष्ठान मंदिर के आचार्यों द्वारा विधि विधान से प्रारंभ किया गया। खाटूनरेश को दूध गंगाजल शहद घी इत्यादि से स्नान कर रूह इत्र का मसाज किया गया। महास्नान के पश्चात बाबा श्याम को नवीन पोशाक बागा एवं कोलकाता से मंगाए गए डच गुलाब व्हाइट स्टार मॉर्गन फुल लाल गुलाब तुलसी दल रजनीगंधा केसरिया गेंदा की मोटी मोटी मालाओं से सजाया गया। तत्पश्चात बाबा श्याम को पंचमेवा का भोग लगाया गया एवं पंचदीप के विशेष श्रृंगार आरती करके भक्तों के बीच महास्नान चरणामृत एवं प्रसाद वितरित किया गया।

मेडिका हॉस्पिटल, रांची ने झारखंड की कबड्डी स्टार के सपनों को फिर से दी उड़ान

## 17 साल की धारवी ने घुटने की गम्भीर चोट के बाद की शानदार वापसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने 17 साल की उभरती कबड्डी खिलाड़ी को घुटने की गंभीर चोट से उबारकर उसके सपनों को एक नई उड़ान दे दी। मेडिका हॉस्पिटल, जो मणिपाल हॉस्पिटल्स ग्रुप का हिस्सा है, ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सफलता की जानकारी दी। इस मौके पर धारवी के आर्थोस्कोपिक एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) रिकंस्ट्रक्शन के बाद शानदार रिकवरी का जश्न मनाया गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक साइंस), डॉ. राकेश अग्रवाल (सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक साइंस), डॉ. श्याम देव कुमार (सीनियर एसोसिएट, फिजियोथेरेपी) और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार मिश्रा मौजूद थे। बता दें कि धनबाद की रहने वाली धारवी रेलवे के लिए पेशेवर कबड्डी खेलती हैं और एक राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं। 2023 में कबड्डी खेलते समय उनके बाएं घुटने में गंभीर चोट लगी, जिससे उनका करियर खतरे में पड़ गया। यह चोट उनके एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (ACL) और मेडियल मेनिस्कस के फटने का कारण बनी।

## एक्सआईपीटी में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 29 छात्र-छात्राएं चयनित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पोलिटेक्नीक एण्ड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), बरगावां, नामकुम, राँची में बुधवार, 29 जनवरी को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। देश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में शामिल, पुणे स्थित पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड इस ड्राइव में शामिल हुई। लिखित परीक्षा एवं पर्सनल इंटरव्यू के पश्चात 29 छात्र-छात्राओं का चयन कंपनी द्वारा किया गया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र इस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए थे। संस्थान के इस उत्कृष्ट सफलता से नये सत्र में नामांकन के लिए भी काफी उत्सुकता है और नामांकन प्रक्रिया काफी जोर शोर से चल रही है। एक्सआईपीटी, कोऑर्डिनेटर, डॉ अशोक सांडिल एसजे, प्रिंसिपल, श्री लोचन खलको, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर, डॉ जॉर्ज फ्रांसिस ओस्टा ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के डीएसडब्लू डॉ. अनुराग लिंडा का किया घेराव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बुधवार को एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के डीएसडब्लू डॉ. अनुराग लिंडा का घेराव किया। राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि 1 दिन पूर्व छात्र-छात्राओं के रात के खाने में मरा हुआ चूहा मिला, ये कोई नयी बात नहीं है यहां पर, इससे पूर्व भी हो चुका है। खाने की खराब क्वालिटी और एक्सपायरी डेट वाला मसाला देने के कारण 20 से अधिक छात्रों की तबीयत बिगड़ गई, जिनमें से कई को उल्टियां हुईं। गंभीर स्थिति में दो छात्रों का रिम्स में इलाज चल रहा है, जबकि बाकी की हालत सामान्य है। घटना के बाद छात्रों ने वार्डन एवं विवि के उच्च पदाधिकारीयों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ था। गुस्साए छात्रों ने एडमिन बिल्डिंग के पास धरना दिया, मास कम्युनिकेशन और साइंस विभाग के छात्रों का कहना है कि खाने का 3 माह का पैसा एडवांस देने होता है एवं 2600 रुपए हर महीने देने के बावजूद खराब खाना परोसा जा रहा है। 50 घंटा हो गए है, अभी तक विवि प्रशासन द्वारा जांच कमिटी का गठन नहीं किया गया है। विवि प्रशासन कहती है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद जांच कमिटी बनाई जाएगी, लिपापोती किया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन महोदय से मांग करती है कि टेंडर प्रक्रिया द्वारा मेस का चयन हेतु फिर से रि-टेंडर कराया जाए, सिक्युरिटी सुपरवाइजर को निष्काशित किया जाए एवं जांच कर दोषियों पर एवं मेस इंचार्ज, स्टाफ को अविलंब हटाया गया, छात्र छात्राओं की जान के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाए अन्यथा ठरवक आंदोलनरत होगी एवं महामहिम राष्ट्रपति के संज्ञान में मामला देगी एवं कुलपति/कुलसचिव को छात्र छात्राओं के प्रति गैर जिम्मेवार कार्य/लापरवाही करने हेतु हटाने की मांग करेगी।

### भगवान श्रीमन्नारायण के कृपाकटाक्ष को प्राप्त करने के लिए मौनी अमावस्या पर हुई विशेष पूजा-उपासना



**रांची** : बुधवार को दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में स्नान-दान की पुण्यतमा मौनी अमावस्या तिथि में मंत्रविद् साधना से सुगंधित धूप जलाकर घंटा बजाते हुए गंध ,पुष्प, अक्षत, तुलसीदल इत्यादि से पंचपात्रों में गंगाजल भरकर मुद्राद्वारा शोधन करके दिक्बंधन क्रिया से दिक्पाल देवता का आह्वान करके फिर घंटानाद करते हुए पांचरात्र आगम विधि से तिरु आराधना शुरू हुआ। पुनः-पुनः अर्ध्य ,पाद्य,आचमनीय ,पुनराचमनीय और पुष्पांजलि आदि क्रिया करते हुये नक्षत्र,कुंभ और कर्पूर की वाती से क्रमानुसार पृथक-पृथक वैदिक मंत्रों का सुंदर स्वर में उच्चारण करते हुए महाआरती हुई। खीर फल और मेवा का बाल भोग लगा।

## भाषा की अपनी एक शक्ति होती है : डॉ. जी. सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बुधवार को गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज इंस्टीट्यूट ऑफ अडवांस्ड स्ट्डीज इन एजूकेशन रांची झारखंड के भाषा विज्ञान एवं साहित्य विभाग द्वारा ग्लोबल एस्पेक्ट्स ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता डी ए भी उरीमारी, हजारीबाग के सेवानिवृत प्रिंसिपल डॉ जी सिंह को महाविद्यालय परिवार ने सॉल से सम्मानित किया साथ ही अंग्रेजी विषय के विद्यार्थी के प्रशिक्षु शिक्षकों ऋषभ, राम, सतीश ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह कैनवास पेंटिंग भेंट किया। व्याख्यान की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्रमाधव सिंह ने किया संचालन डॉ ओम प्रकाश ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मजहरूल हक ने किया। मुख्य वक्ता डॉ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें भाषा के माध्यम से अपने क्लास रूम टीचिंग के आई टू आई कॉन्टैक्ट के साथ साथ इफेक्टिव बना पाते हैं। उन्होंने अपने इंटरेक्टिव सेशन में बतलाया कि लेंग्वेज का परफेक्ट रूप राइटिंग होता है। अपने लेक्चर के दौरान उन्होंने अपनी दो पुस्तकों द लाइफ फ्रोम द एशेज (राख से जीवन) की चर्चा की। व्याख्यान में महाविद्यालय के सत्र 2024 26 एवं 2023 2025 के प्रशिक्षुओं सहित डॉ रितेश, डॉ समीर, प्रो दुलाल, डॉ ओम प्रकाश, प्रो राकेश, प्रो भागीरथ, प्रो धनंजय उपस्थित रहे।



## राज्य में निर्माणाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय पर हो पूरा : शिल्पी नेहा तिर्की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग से जुड़े भवनों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर जोर देने का निर्देश दिया है। नेपाल हाउस में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में निमार्णाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को कहा है। बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि नये भवन के निर्माण कार्य के साथ-साथ पहले से बन कर तैयार भवन का भी रख रखाव जरूरी है। खासकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़े लैंप-पैक्स के लिए ये निर्देश ज्यादा जरूरी है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि उत्पाद के स्टोरेज से जुड़े भवनों का निर्माण कार्य तय समय सीमा के अंदर होनी चाहिए। राज्य में जर्जर लैंप-पैक्स के स्थान पर नये भवन का निर्माण समय की आवश्यकता है। राज्य में निमार्णाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज के साथ-साथ छोटे कोल्ड स्टोरेज की भी समीक्षा की गई। राज्य में पर्याप्त संख्या में कोल्ड स्टोरेज नहीं होने से कृषि उत्पाद , फल , सब्जी के रख रखाव में किसानों को परेशानी हो रही है। ऐसे कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के क्रम में गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा जोर देने का निर्देश दिया गया है। बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहने की वजह से धान की अच्छी पैदावार हुई है। मोटा अनाज और दलहन की भी पैदावार पहले की तुलना में बेहतर है। किसानों को समय पर बीज वितरण के लिए राज्य में स्टोरेज की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए विभाग को भवन की जरूरत है और भवन निर्माण विभाग को इसके लिए समय सीमा के अंदर भवन उपलब्ध कराना होगा। बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्धिख, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक : राज्यपाल



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासिका ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं। राज्यपाल बुधवार को राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए उन्होंने अनुकरणीय कार्य किए। उनकी शासन-व्यवस्था पूर्णतः प्रजा के हितों पर केंद्रित थी, जिससे समाज को नई दिशा प्रदान की। राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है।

छात्र-छात्राओं की समस्याओं पर मुखर रहेगा अबुआ अधिकार मंच

## छात्र-छात्राओं की आवाज बनेगा अबुआ अधिकार मंच : अभिषेक शुक्ला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अबुआ अधिकार मंच रांची विश्वविद्यालय इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक शुक्ला ने की। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई। मौके पर मौजूद अबुआ अधिकार मंच अभिषेक शुक्ला ने मंच में सभी साथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि 'अबुआ अधिकार मंच राज्य के छात्र-छात्राओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा और आने वाले समय में उनकी आवाज बनकर उभरेगा।'

बैठक में मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय के हर महाविद्यालय, पीजी कैंपस, बी.एड कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज में अबुआ अधिकार मंच के तहत छात्र इकाई गठन करने का निर्णय लिया गया।

## एक झलक

### थाना प्रभारी समेत टाटा के दो सुरक्षागार्ड पर न्यायालय में मामला दर्ज

**जोड़ापोखर (धनबाद):** चाउमीन विक्रेता राजेश कुमार गुप्ता ने जोड़ापोखर थाना प्रभारी सहित दो टाटा सिक्योरिटी रवि झा एवं मनोज गुप्ता पर धनबाद न्यायलय में शिकायतवाद संख्या 292/25 सीपी केश दायर किया है। श्री गुप्ता ने बताया कि डुमरी दो नंबर मोड में गुमटीनुमा चाऊमीन बिक्री करते थे टाटा का सुरक्षा गार्ड रवि झा मनोज गुप्ता प्रत्येक दिन चाऊमीन पार्सल ले जाते थे उधर नहीं देने पर दुकान उजाड़ देने की बात करते थे, 8 जनवरी को दुकान पहुंचे एवं पचास हजार के रंगदारी मांगने लगे इसी दरमियान जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा दल बल का साथ पहुंचते ही दुकान को उजाड़ दिया गया। जिससे सदमा मेरे पिता गुलाब चंद गुप्ता दस जनवरी को हार्ड अटेक आने से मुत्यु हो गई। श्री गुप्ता ने बताया कि चार पांच माह से रवि झा एवं मनोज गुप्ता मेरे दुकान में आते थे और उधार लेकर जाते थे आठ जनवरी को दुकान पहुचकर कहा कि यहां रंगदारी देना होगा नहीं तो दुकान उजाड़ दिया जायेगा।

### इस्पात मंत्री को पत्र देकर ग्रामीणों के लिए मांगी चिकित्सा सुविधा

**पाथरडीह (धनबाद):** सेल चासनाला कोलियरी कर्मचारी संघ के संयुक्त महासचिव प्रवीर ओझा ने मंगलवार को इस्पात मंत्री भारत सरकार से मिल एक ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सेल बीएसएल कोलियरी डिवीजन के टासरा रेलवे साइडिंग के प्रदूषण से चासनाला बस्ती के लोग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। यहां के लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विनम्र अनुरोध किया है। कहा कि टासरा रेलवे साइडिंग चासनाला बस्ती के मध्य बसा हुआ है। और वहां 24घंटे भारी मात्रा में कोयले के परिवहन और लदाई से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण को रोकनेके लिए कोई स्थाई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण चासनाला बस्ती के ग्रामीण बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों को चिकित्सा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जब की प्रबंधन को कई बार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। लेकिन ग्रामीणों को सहायता नहीं मिल सका। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा की टासरा रेलवे प्रदूषण से प्रभावित ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए आदेश पारित करने की कृपा करे, ताकि लोगो को चिकित्सा सुविधा मिल सके।

### केन्द्रीय श्रमिक संगठनों का जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन 05 फरवरी को

**धनबाद :** केन्द्रीय श्रमिक संगठनों एवं बीसीसीएल में कार्यरत श्रमिक संगठनों की एक संयुक्त बैठक जगजीवन नगर स्थित सीटू कार्यालय में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में एके झा, अर्जुन सिंह, हरिप्रसाद पप्पू, मानस चटर्जी, एसएस डे, अरुण कुमार सिंह, आनंदमयपाल, आर के तिवारी, तपन बनर्जी, रामप्रीत प्रसाद, भरत भूषण, सुनील कुमार राय, सत्यनारायण, नंदू यादव, वीरेंद्र पासी, महेश निषाद, विनोद पासवान, विद्यासागर पांडे, सुरेश प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र राय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक के बाद प्रेस वार्ता करते हुए राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा ने बताया कि आगामी 5 फरवरी 2025 को पूरे देश में मजदूर, किसान और जनविरोधी नीति के खिलाफ जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर सभी संगठनों के मजदूर इस कार्यक्रम में 10 बजे दिन में शिरकत करेंगे। बैठक में कोल इंडिया के एमडीओ नीति का जबरदस्त विरोध किया गया। इसके खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष करने का निर्णय लिया गया। संयुक्त मोर्चा की ओर से लोदना क्षेत्र में एक आउटसोर्सिंग के आतंक के खिलाफ मजदूरों की अधिकार की रक्षा के लिए, डिपार्टमेंटल माइंस को चालू रखने के लिए पिछले वर्ष संयुक्त मोर्चा और प्रबंधन के बीच समझौते को लागू करने के सवाल पर बीसीसीएल के सीएमडी को एक पत्र लिख कर तत्काल आपातकालीन बैठक बुलाने की मांग की जायेगी।

# धरती माता के शोषण की भरपाई करना हमारा कर्तव्य : सीएमडी

**कार्यशाला**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** सीएसआईआर -सीआईएमएफआर, डिगवाडीह के आदित्यनाथ लहरी सभागार में बुधवार को सस्टेनेबिलिटी इन कोल बेनिफिशिएशनः चैलेंजेस एंड ऑपर्च्युनिटीज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कोयला एवं खनिज प्रसंस्करण अनुसंधान समूह द्वारा सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के डिगवाडीह परिसर में सस्टेनेबिलिटी इन 'कोल बेनिफिशिएशनः चैलेंजेस एंड ऑपर्च्युनिटीज' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोयला खनन, प्रसंस्करण एवं उपयोग जैसे टाटा स्टील, बीसीसीएल, आईआईटी आईएसएम, एनटीपीसी आदि से विभिन्न विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन सत्र डिगवाडीह परिसर स्थित आदिनाथ लाहिड़ी हॉल में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष प्रो. डीडी मिश्रा उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ मंचासीन महानुभवों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात संस्थान के उत्कृष्ट वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार बनर्जी ने मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों तथा सभागार में उपस्थित संस्थान के सभी विशिष्ट अतिथियों एवं सदस्यों



का स्वागत किया तथा कार्यशाला की सफलता की कामना की। इसके बाद कार्यशाला आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. उदय शंकर चट्टोपाध्याय द्वारा कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय एवं महत्व प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बीसीसीएल की कोयला वाशरियों के विकास में कोयला प्रसंस्करण के क्षेत्र में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के स्थापना से लेकर अब तक के सतत योगदान का उल्लेख किया। संक्षिप्त परिचय के बाद कार्यशाला स्मारिका का अनावरण गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इसके बाद सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष प्रो. डीडी मिश्रा ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत में बिजली की मांग बढ़ रही है और सभी पारंपरिक और गैर-पारंपरिक बिजली संयंत्रों को पूरी क्षमता से चलाने पर भी इस मांग को पूरा करना मुश्किल है। इस संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया कि कोयला बिजली उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण जीवाश्म ईंधन के रूप में बना रहेगा, हालांकि, हमें पर्यावरणीय पहलुओं पर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने कार्यशाला के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. समीरन दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान परिदृश्य में ग्लोबल वार्मिंग ने नीति निमार्ताओं को ऊर्जा सुरक्षा का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए मजबूर किया है और हमारी धरती माता के शोषण की भरपाई करना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए उन्होंने खदान बंद करने की उचित योजना के महत्व का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा के लिए मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन पर निर्भर करता है, हालांकि पर्यावरण सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए वैज्ञानिक हस्तक्षेप अनिवार्य है। उन्होंने आगे बीसीसीएल वाशरियों के मुद्रीकरण की प्रस्तावित योजना का वर्णन किया, जहां कोयला उपभोक्ताओं को बीसीसीएल के बुनियादी ढांचे पर वाशरी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और वे पूरे धुले हुए उत्पाद को ले जा सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के अंत में कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ मनीष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद तकनीकी सत्र में कोयला एवं खनिज प्रसंस्करण अनुसंधान समूह के संरक्षक डॉ उदय शंकर चट्टोपाध्याय ने कोयला बेनिफिशिएशन में स्थिरता और सीएमपी अनुसंधान समूह की भूमिका पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। टाटा स्टील के अनुसंधान एवं विकास प्रमुख डॉ असीम कुमार मुखर्जी ने भारत में इस्पात उद्योग के लिए कोयला धुलाई में चुनौतियां और आगे का रास्ता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के ईंधन खनिज एवं धातुकर्म इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार ने कोयला वाशरियों से उत्पन्न मिडिलिंग्स से स्वच्छ कोयला वसूली पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। अतनु महाता, सहायक महाप्रबंधक, कोक ओवन ऑपरेशन, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड, डब्ल्यूबी ने वर्तमान इस्पात बाजार परिदृश्यों के संबंध में भारत में कोक निर्माण के लिए चुनौतियां और आयातित कोक के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक ब्लास्ट फर्नेस कोक की गुणवत्ता को प्रभावित किए बिना कोयला मिश्रण में धुले कोयले के उपयोग की संभावनाएं पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## सनी सिंह ने किया हम बदलेंगे का पोस्टर लॉन्च

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सनी सिंह ने बुधवार को जीएन कॉलेज में हम बदलेंगे का पोस्टर जारी किया। यह मुहिम भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा वरुण चौधरी के निगरानी में दिल्ली मुख्यालय में जारी किया गया था। इसके बाद यह मुहिम पूरे भारतवर्ष में सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय में चलाया जा रहा है। इस मुहिम के तहत बच्चों को राजनीतिक और प्रेरित करना तथा उन्हें कैंपस में खुद की आवाज को कैसे बुलंद करेंगे यह जानकारी और जिम्मेदारी बच्चों को दी जा रही है। मौके पर मौजूद पूर्व धनबाद महानगर अध्यक्ष सनी सिंह ने बताया कि इस मुहीम में जुड़ने से उन्हें भारतीय राजनीति की ट्रेनिंग दी जाएगी उन्हें कांग्रेस के विधायक तथा सांसदों के साथ मिलकर काम करने का मौका मिलेगा, जिससे उनमें बेहतर




लीडरशिप क्वालिटी डेवलप होगी। इस मुहिम के तहत महिलाओं एससी-एसटी ओबीसी एवं माइनॉरिटी स्टूडेंट्स को एक स्पेशल इनविटेशन दिया गया है और केंपस एंबेसेडर बनाने के लिए इन सारे बातों को मद्देनजर रखा जाएगा। सभी को उसमें दिए गए स्कैनर को स्कैन करके अपनी सभी जानकारी को भरना है और स्क्रुटनी के जरिए इस संगठन डिसाइड करेगी की किस कॉलेज और विश्वविद्यालय का एंबेसडर बनाया गया है। मौक पर एनएसयूआई प्रदेश सचिव प्रिया गुप्ता, पूर्व धनबाद महानगर अध्यक्ष सनी सिंह, अनिकेत कुमार, ऋतुराज, अभिषेक, साहिबा, हैप्पी समेत अनेकों एन एस यू आई के सदस्य मौजूद थे।

## 04 फरवरी को स्थापना दिवस को लेकर झामुमो ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद):** कतरास स्थित लिलोरी मंदिर के पप्पू धर्मशाला में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक रतीलाल टुडू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 4 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का 53 वें स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर विचार विमर्श की गई। इसमें मुख्य रूप से धनबाद जिला अध्यक्ष लखी सोरेन जिला सचिव मनु आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सभी लोगों ने एक स्वर में कहा की 4 फरवरी को ऐतिहासिक जन सैलाब देखने को मिलेगा क्योंकि इस बार गांडे के विधायक



कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहेगी। इसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भी हामी भरी। वहीं पत्रकार को संबोधित कर जिला सचिव मनु आलम ने कहा कि धनबाद गोल्फ ग्राउंड में 53 वेन स्थापना दिवस में लाखों लाख की संख्या में लोगों का जन सैलाब देखने को मिलेगा जिसमें महिलाओं की भागीदारी अधिक होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने चुनाव से पहले घोषणा की थी कि दिसंबर से महिलाओं को महिला सम्मान योजनाओं से जोड़ दिया जाएगा जिससे हर मां उन्हें 1000 रुपया के बदले 2500 मिलेंगे और सरकार ने यह कर दिखाया है। इसलिए महिलाएं ज्यादा से ज्यादा संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़ रही हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव जग्गू महतो संगठन सचिव मदन महतो, रतीलाल टुडू जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मीणा हेंब्रम, राजेंद्र प्रसाद राजा, रंजीत महतो, सूरज चौहान, शिवप्रसाद महतो, नूतन सिंह, अपूर्ण भैया, रंजीत टुडू, विक्की मालाकार, प्रफुल्ल मंडल, सजल रजवार, महताब अंसारी, सुरेश महतो, भागीरथ महतो, नीलकंठ गोस्वामी, रितिक सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद ने मनाया भारतीय समाचार पत्र दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार को धनबाद इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद, जिला 325, चैप्टर 8181 ने भारतीय समाचार पत्र दिवस पर सभी समाचार पत्रों को समाचार पत्र पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने, सामाजिक-राजनीतिक मामलों से पाठकों को अवगत कराने और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जो भारत के लोकतंत्र की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, इन सभी महत्वपूर्ण योगदानों के लिए देश के सभी समाचार पत्रों को बधाई धन्यवाद देकर सेलिब्रेट किया। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने बताया कि आज हम स्वतंत्रता के पूर्व 1780 में पहले समाचार पत्र 'हिक्कीस बंगाल गजट' के




प्रकाशन की स्मृति में इंडियन न्यूजपेपर डे मना रहे हैं। इसी साप्ताहिक अखबार ने पत्रकारिता के नये युग की शुरूआत की। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्याओं ने समाज के प्रति समाचार पत्रों की जिम्मेदारी को अहम बताते हुए प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। दैनिक जीवन में समाचार पत्र के योगदान की सराहना की गयी। प्रेस प्रतिनिधियों को शॉल, पौधे एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। इनरव्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन की सदस्याओं ने बताया कि प्रतिवर्ष नेशनल न्यूजपेपर डे का आयोजन इनर व्हील क्लब द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लीना झा, सचिव ऋतु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, एडिटर गीता चौबे, ऊषा सिंह, मनीषा गांधी आदि सदस्याओं ने भाग लिया।

### कोलियरी प्रबंधन ने विस्तारीकरण को लेकर सड़क के दोनों ओर ओबी डंप कर सड़क मार्ग किया बंद

**पाथरडीह (धनबाद) :** बीसीसीएल के सुदामडीह एएसपी कोलियरी प्रबंधन ने ईस्ट वर्ड एक्सटेंशन ऑफ फायर पैच ए परियोजना का विस्तारीकरण के लिए मंगलवार की शाम को पाथरडीह से सुदामडीह मेन कालोनी होकर मोहलबनी विरसा पुल जाने वाली मुख्य सड़क पर ओबी गिराकर रास्ता बंद कर दिया है। जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। प्रबंधन के इस करवाई के विरुद्ध ग्रामीणों ने बुधवार को आउटसोसिंग कम्पनी जिटीएस का काम बंद कर ओबी परिवहन पूर्ण रूप से ठप कर दिया है, तथा प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जम कर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय थाना बस्ती, हाटताला, सवारडीह, सुतुकडीह, मेन कालोनी के ग्रामीणों का आने जाने का एक मात्र यही मुख्य साधन सड़क है।

## बीआईटी में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद):** बीआईटी सिंदरी में एडुविटे के सौजन्य से कल्चरल सोसाइटी और कैरियर डेवलपमेंट सेंटर के द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए आयोजित किया गया है। जिससे इस वर्ग के छात्रों का समग्र विकास हो सके और वे अपने कैरियर में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। इस शिविर मे छात्रों को पाइथन प्रोग्रामिंग, डेटा साइंस और वेब डेवलपमेंट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कैरियर और डेवलपमेंट सेंटर के चेयरमैन डॉ धनश्याम ने बताया कि आज तेजी से बदलते डिजिटल परिदृश्य में कैरियर को आगे रखने के लिए इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता होना आवश्यक है। कल्चरल सोसाइटी के प्रो. इंचार्ज डॉ अभिषेक आनंद हेंब्रम ने कहा कि कमजोर वर्ग के छात्रों को एक्सपर्ट बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## एसपीएम इंटर कालेज में वार्षिक खेलकूद महोत्सव सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** एसपीएम इंटर कालेज सिंदरी के दो दिवसीय खेलकूद महोत्सव का मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कालेज के शासी निकाय के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि जैक सदस्य व एसएसएनएमएम इंटर कालेज सिजुआ के प्राचार्य डॉ. एके महतो थे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कालेज व छात्र हित में कुछ घोषणाएं कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा जेके बनर्जी ने संचालन प्रो सहाना राय ने किया। कार्यक्रम का संयोजन परीक्षा नियंत्रक प्रो पिंकी सिंह , प्रो संजय कुमार , प्रो० उमेश कुमार मिश्रा ने किया। प्रतियोगिता प्रो एसके पाल, प्रो अजय कुमार, प्रो उज्वल कुमार तथा सुकुमार चक्रवर्ती की कुशल देखरेख में संपन्न हुई। मौके पर प्रो० उमानाथ लाल दास, प्रो० रमा प्रो० प्रियंका, प्रो० हर्ष, प्रो० गीता, प्रो० राहुल, मदन मोहन पाठक, शिवपूजन सिंह, मलय मंडल, अनिल बाउरी, रुपा, पुनम, सावित्री, गोपाल, बेबी, सत्यनारायण, जगदीश आदि मौजूद रहे।

### 7.5 एकड़ जमीन में किया गया अफीम की खेती को नष्ट

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी थाना अंतर्गत ग्राम गुरूडीह, तार, कनबहिया ओला के जंगली क्षेत्र में पुलिस निरीक्षक पेलावल एवं वन विभाग के संयुक्त छापामारी कर करीब 7.5 एकड़ जंगली जमीन में पोस्ता का पौधों को नष्ट किया गया। इस संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में बड़ा अभियान चलाया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। पुलिस व वन विभाग के संयुक्त कारवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की तो वहां पाया कि अफीम के छोटे-छोटे पौधे उग आए हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और उसे नष्ट भी किया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जायेगी।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत निकाली मोटरसाइकिल रैली




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को परिवहन कार्यालय से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह तथा आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली परिवहन कार्यालय से लुबी सर्कुलर रोड होते हुए पूजा टॉकिज, डीआरएम चौक, कोर्ट मोड़, रणधीर वर्मा चौक से परिवहन कार्यालय पहुंची। रैली को रवाना करने के बाद जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि सड़क पर पैदल, टू व्हीलर या चार पहिया वाहन से चलने वाले लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश रैली के माध्यम से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात विभाग एवं ट्रैफिक विभाग द्वारा नियमित रूप से ऐसा अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर ट्रैफिक डीएसपी ने कहा कि विगत एक माह से चलने वाले जागरुकता अभियान का प्रभाव लोगों पर पड़ा है। विभाग द्वारा 12 महीने ऐसे कार्यक्रम चलाए जाते हैं। परिणामस्वरूप लोग जागरुक हो रहे हैं। जिन वाहन चालकों पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का प्रभाव नहीं पड़ा है उनके विरुद्ध अब दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। मौके पर आरसीडी के सहायक अभियंता पंकज कुमार, ओम प्रकाश, कनीय अभियंता अनिल कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, शुभम कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार एवं यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे।


### बिना हेलमेट के टू व्हीलर चालकों को दिया नि :शुल्क हेलमेट

**धनबाद :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी एवं ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक तथा सिटी सेंटर पर बिना हेलमेट के टू व्हीलर चलाने वालों को पकड़ा गया। तायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे लगभग 50 चालकों के बीच निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। कुछ लोगों के हेलमेट बहुत खराब स्थिति में पाए गए। उनको भी नयी हेलमेट देकर अच्छी क्वालिटी की हेलमेट पहनने और हमेशा हेलमेट लॉक लगाने के लिए समझाया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार एवं यातायात पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# बीआईटी में हुआ टेक उद्धव 2024 पुरस्कार वितरण समारोह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी, बुधवार 29 जनवरी आईईटीई स्टूडेंट्स फोरम, बीआईटी सिन्दरी द्वारा आईटी विभाग में आयोजित टेक उद्धव 2024 का पुरस्कार वितरण समारोह प्रतिभा, नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता का भव्य उत्सव रहा। इस कार्यक्रम में टेक उद्धव के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी मेहनत और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर इम्तेयाज अहमद, आईईटीई



स्टूडेंट्स फोरम, बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर-इन-चार्ज रहे। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स और उभरती हुई तकनीकों पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए, जिससे छात्रों को सीखने और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली। अपने संबोधन में उन्होंने प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव और इस क्षेत्र में निरंतर कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि बीआईटी सिंदरी के छात्रों के साथ-साथ जीईसी पलामू सहित अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। इसने टेक उद्धव 2024 को एक प्रतिस्पर्धी और विविध मंच बना दिया, जहां युवा तकनीकी प्रतिभाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों, आयोजकों, संकाय सदस्यों और समर्थकों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। बीआईटी सिंदरी और अन्य भाग लेने वाले संस्थानों के छात्रों ने अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाया, जिससे सहयोग और तकनीकी उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा मिला। इस शानदार प्रतिक्रिया के साथ, आईईटीई-एसएफ, बीआईटी सिंदरी तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में अपनी पहचान लगातार मजबूत कर रहा है, जिससे छात्रों को अपने कौशल प्रदर्शित करने और इंजीनियरिंग और नवाचार के भविष्य में योगदान देने का एक बेहतरीन मंच मिल रहा है।

### बहुप्रतीक्षित रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग की वार्षिक तकनीकी संगोष्ठी का भव्य उद्घाटन

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में बहुप्रतीक्षित रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के वार्षिक तकनीकी संगोष्ठी, का भव्य उद्घाटन समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। यह आयोजन परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ, जिसमें बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय समेत प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार गुप्ता (प्रभारी, रासायनिक अभियांत्रिकी), डॉ. अनिल कुमार रजक (प्रभारी, धातुकर्म अभियांत्रिकी), डॉ. सी. ठाकुर (प्रभारी, गणित विभाग), डॉ. निरुपमा, प्रो. अशोक बरनवाल, तथा अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अजय उरांव, प्रो. मनीष, प्रो. सुनील, और डॉ. रघुनाथ सम्मिलित हुए। उनकी उपस्थिति और सहयोग ने इस संगोष्ठी के तकनीकी उत्कृष्टता एवं



नवाचार को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया। 29 जनवरी से 1 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम में बौद्धिक प्रोत्साहन और रचनात्मकता के अनगिनत अवसर होंगे। प्रौद्योगिकियों और नवीन रुझानों पर चर्चा की जायेगी। सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. पंकज राय ने ऐसे तकनीकी आयोजनों की महत्ता पर जोर दिया और बताया कि यह कार्यक्रम सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने का कार्य करता है।

## सम्पादकीय.....

# दिल्ली में दलित-ओबीसी मत निर्णायक

**रमेश** सर्राफ धमोरादिल्ली विधानसभा चुनाव में दलित-ओबासी मत निर्णायक भूमिका में है। इस बार सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आआपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहे है। आआपा चौथी बार सरकार बनाने के लिए संघर्षरत है। भाजपा दिल्ली में डबल इंजन सरकार का सपना पाले है। कांग्रेस को लगता है कि उसका वनवास खत्म होगा। कहने को तो दिल्ली केंद्रशासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।दिल्ली के चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकुलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी विजयी हुई थी। इसलिए आआपा का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है। पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडी गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आआपा जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही हैं।भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कुल 13 सीटों पर दलित प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आआपा ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के लोगों को टिकट दिया है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफ रहा है। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है। दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आआपा का कब्जा है।

## किसने क्या कहा



यमुना को लेकर ओछी राजनीति कर रही आम आदमी पार्टी

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

भारतीयों में है दूध में शक्कर की तरह हर जगह एडजेस्ट होने की कला

**मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री (मध्य प्रदेश)**



# महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण

विशेष | **गिरीश्वर मिश्र**

> सभी एक दूसरे पर कीचड़ उछलते हैं और विगत इतिहास के पन्नों से उदाहरण निकाल-निकाल कर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। पर कौन छोटा है और कौन बड़ा यह कहना मुश्किल होता है क्योंकि सभी दलों के इतिहास ऐसी घटनाओं से भरे पड़े होते हैं और वर्तमान में बड़ी समानताएं दिखती हैं। उदाहरण के लिए अपराध की पृष्ठभूमि यानी दागी नेता लोगों को प्रश्रय देने की मजबूरी कमोबेश सभी दलों में दिखती है। उनकी पात्रता को लेकर संदेह होने पर भी उनसे भय के कारण मौका दिया जाता है। अनेक नेता लाज शर्म छोड़ अपने धन-दौलत की बदौलत पार्टियों से टिकट पाने में सफल हो जाते हैं और फिर जीतने के बाद धन-उगाही ही उनका राजनीतिक कर्म हो जाता है।

**बापू** की स्मृति सात्विक मूल्यों के लिए सतत संघर्ष की याद दिलाती है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादा धन-सम्पदा न रखना), प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न करना, शारीरिक श्रम, आपसी सौहार्द बनाए रखना गांधी जी के जीवन सूत्र थे। इनको लेकर वे निजी सामाजिक जीवन में खुद चलते थे और अपने साथ के लोगों को उनको अपनाने के लिए कहते थे। उनकी संगति में बहुतेरों ने अपने लिए स्वदेशी विचार-व्यवहार को अपनाया भी। गांधी जी के प्रभाव में खादी और चरखा घर-घर प्रचलित हुआ। स्वावलंबन के लिए सबने व्रत लिया। विकेंद्रीकृत और प्रजातांत्रिक तरीके से स्थानीय स्तर पर सामाजिक जीवन चलाने के कई सफल प्रयोग भी उन्होंने किए। स्थानीय और वैश्विक के अंतर्संबंधों को मानवीय स्तर पर समझने की उनकी कोशिश अनोखी थी। सीधा-सादा, सच्चा और लोक की रक्षा को समर्पित उनकी नीति स्वभाव में समावेशी थी । उन्होंने एक मानवीय राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात किया और साहस के साथ उसे अपनाया। जीवन भर गांधी जी प्रयोग करते रहे और स्वयं को परखते रहे। उनके लिए ह्यसर्वह्न का कल्याण उचित अनुचित तय करने की कसौटी थी। इस तरह की सोच समय से आगे थी और स्वतंत्र भारत के कर्णधारों को कदाचित बहुत प्रिय नहीं थी इसलिए उसका हाशियाकरण उनके जीते जी ही शुरू हो गया था जिसे वह प्रकट भी कर रहे थे। स्वतंत्र भारत में मनाए गए पहले और अंतिम जन्म दिवस पर दो अक्तूबर 1947 को उन्होंने बड़े दुखी मन से अपनी मृत्यु की कामना की थी। कुछ महीनों बाद ही 1948 की जनवरी में उनके आकस्मिक और मर्मांतक दैहिक अवसान से देश के सम्मुख कई प्रश्न खड़े हुए। उनके विचार जीवित हैं और उनको स्मरण भी किया जाता है परंतु अब अनुष्ठान अधिक हैं और वास्तविकता के धरातल पर उनको उतारना बेहद मुश्किल हो रहा है। अब तो कई नेता देश की प्राथमिकता को दांव पर लगाने में भी लोग नहीं चूकते।

अपने मूल सैद्धांतिक स्वभाव से राजनीति जनार्दन की जनता की सेवा के लिए है और सरकार का दायित्व और काम मुख्यतः जनता की सुख-सुविधा की व्यवस्था को सुनिश्चित करना और उनके लक्ष्यों को पाने में मदद करना है। इस दृष्टि से नेतागिरी समाज को समर्पित जनसेवा का उपक्रम हो जाता है। सच्चाई और ईमानदारी देश के निर्माण और प्रगति का आधार होता है। यह दुखद सच्चाई है कि बदलते दौर में अब भारत की राजनीतिक पार्टियां देश सेवा से विराट हो कर व्यापार और उद्योग धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अब इन पार्टियों के चुनाव प्रचार का नजारा वोट की फसल खरीदने के लिए बोली लगाने जैसा होता जा रहा है। चुनाव में भाग लेने वाली एक पार्टी हिसाब लगा कर वोट बेंचने के लिए मतदाताओं तक पहुंच कर उसको खरीदने का सौदा करती है। यह कहते हुए वैध या पात्र मतदाता का पंजीकरण किया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि अगर उनकी सरकार बनी तो उसे कुछ हजार रुपए जरूर दिए जाएंगे । इस तरह के अवैध और अनर्गल प्रयास यही साबित करते हैं कि छद्म, छल और कपट से वोट को खरीदना और बटोरना धोखेदार राजनेताओं की पसंदीदा शैली होती जा रही है। ऐसे में राजनीतिज्ञों की बिरादरी की साख तेजी से घट रही है और उन पर आम जनों का भरोसा घटता जा रहा है। अब मंच, रैली और फोन आदि भिन्न-भिन्न तरीकों से मतदाताओं तक अधिकाधिक पहुंच बनाई जाती है। घर-घर चलते घनघोर प्रचार के साथ वादा, संकल्पों और गारंटियों के एक से एक तोहफों की घोषणाओं की भरमार होती है। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्माटन आदि को लेकर मुफ्त सुविधाओं की बरसात किश्तों में हो रही है। हर पार्टी दूसरी पार्टी से बढ़चढ़ कर दावे ठोंक रही है। जहां तक पुराने अधूरे वादों का सवाल है और अपनी असफलता का सवाल है उसका ठीकरा विपक्षी दल पर फोड़ना आम बात है। पार्टियां मतदाता को लुभाने और घेर कर अपने पक्ष में करने के सभी जुगाड़ लगा रही हैं। समानता और समता की दुहाई देने वाली पार्टियां जाति, धर्म और क्षेत्र का खुले आम फायदा उठा रही हैं। नागरिक सुविधाओं की कमी और अव्यवस्था से जूझ रहे मध्य वर्ग के लोगों को राजनैतिक पार्टियों के वादे कुछ राहत देने वाले लगते हैं तो गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को बेहद प्रलोभित करने वाले होते हैं। उनको सम्मान राशि में रुपयों पैसों को लेकर तात्कालिक फायदा दिखता है और भोली भाली जनता उसी के हिसाब से वोट डालने के लिए अपना मन बनाती और बिगाड़ती रहती है। कोई राजनेता यह नहीं बताता कि इन वादों और गारंटियों की अनंत सूची के लिए धन कहां से आएगा और इसकी प्रक्रिया क्या होगी। राजनैतिक विचारधारा से लगाव अब कोई मायने नहीं रखता। समाज, देश और मानवता आदि के व्यापक सरोकार वाली सोच अब पूरी तरह से हाशिए पर पहुंचती दिख रही है। साथ ही चचाओं में भी नैतिकता के जरूरी मानक की चेतना जाती रही। सार्वजनिक मंच राजनैतिक वाद-विवाद में होने वाली चचाएँ हास्यास्पद रूप से चरित्र-हनन पर केंद्रित होती जा रही हैं।

# फ्री योजनाएं : जन कल्याण या आर्थिक

गौरतलब | **प्रो. महेश चंद गुप्ता**

> भारत में रेवड़ी बांटने का चलन शुरू करने का श्रेय दक्षिण भारत की पार्टियों को है। वहां 1967 में मद्रास के चुनावों में मुफ्त उपहारों का चलन पहली बार शुरू हुआ। तब राज्य में गंभीर खाद्य संकट था। ऐसे में सीएन अन्नादुरई के नेतृत्व में डीएमके ने एक रुपये प्रति किलो चावल उपलब्ध कराने का वादा किया। नतीजतन, मतदाताओं ने वहां 234 विधानसभा सीटों में से 138 सीटें डीएमके की झोली में डाल दीं।


**देश** की राजनीति में चुनावी वादों के तहत फ्री योजनाओं का चलन गहन बहस का विषय बना हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच यह मुद्दा फिर से राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन चुका है। कल्याणकारी राज्य के सिद्धांत पर आधारित भारत में जन कल्याणकारी योजनाएं स्वाभाविक हैं लेकिन इन योजनाओं का स्वरूप जब मुफ्त रेवडियां बांटने जैसा हो जाए तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह चलन देश के लोगों को आत्म निर्भरता की ओर ले जा रहा है या पराश्रितता की ओर धकेल रहा है?

दिल्ली चुनाव में महिलाओं को नकद पैसा देने की घोषणाओं की होड़ है। विभिन्न राज्यों में चुनावों के समय ऐसा ही किया जा रहा है। मतदाताओं को बिजली, पानी, बस यात्रा सुविधा फ्री में दी जा रही है। इसके बाद अब पैसा भी देंगे, यह रवैया समझ से बाहर है। विभिन्न देश अपने नागरिकों की शिक्षा, चिकित्सा आदि पर खर्च करते हैं पर नकद देने का उदाहरण शायद भारत में पहला ही है। माना, एक कल्याणकारी राज्य होने के नाते लोगों का जीवन सुखमय एवं सुविधा पूर्ण बनाना सरकारों का दायित्व है और ऐसी योजनाओं को जनता में लोकप्रियता मिल रही है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम एक कल्याणकारी राज्य की परिभाषा से भटक रहे हैं और लोगों को हर चीज फ्री में देने की लत लगाकर आखिर हम देश को कहां ले जा कर खड़ा करना चाहते हैं?

देश के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना सरकारों का दायित्व है। प्राचीन काल से ही शासक जनता की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखते आए हैं। प्राचीन भारत में मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक और विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय ने जनता की सुख सुविधाओं का ध्यान रखा और जन-जन की भलाई के काम किए। लेकिन तब राज्य का ध्यान केवल जरूरतमंदों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने और समाज में समानता लाने पर केंद्रित था। स्वतंत्रता के बाद समाजवादी और मिक्स इकोनॉमी मॉडल के तहत गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गईं पर आज ये योजनाएं मूलभूत जरूरतें पूरी करने से ज्यादा वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बन चुकी हैं। देश का धन समाज के कल्याण और राष्ट्र की सुरक्षा पर खर्च हो, यह ठीक है मगर जिस तरह चुनाव जीतने के लिए इसे फ्री घोषणाओं पर लुटाया जा रहा है, उससे तो यह एक विकृति के रूप में सामने आ रहा है।

## आज का इतिहास

- डेनमार्क और ल्यूबेक के बीच 1522 में युद्ध।
- पुर्तगाल ने मलक्का की खाड़ी को 1641 में मलाया डचों को सौंप दी।
- हॉलैंड और स्पेन के बीच 1648 में शांति समझौता हुआ।
- इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' को 1649 में फांसी दी गई।
- ब्रिटेन के राजकुमार 'चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट' की 1788 में रोम में मौत हो गयी।
- लाइफबोट के तौर पर निर्मित पहली नाव का 1790 में टायन नदी में परीक्षण।
- कोरिया और चीन की स्वतंत्रता के बारे में 1902 में जापान और ब्रिटेन के बीच पहली 'आंग्ल-जापानी संधि' पर लंदन में हस्ताक्षर हुए।
- लॉर्ड कर्ज़न ने 1903 में मेटकाफ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया।
- 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम 1911 में बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया।
- 'हाउस आफ लॉर्ड्स' ने 1913 में आइरिश होम रूल बिल को खारिज किया।
- एडॉल्फ हिटलर ने 1933 में आधिकारिक रूप से जर्मनी के चांसलर की कमान सम्भाली।
- सोवियत संघ की एक पनडुब्बी में 30 जनवरी, 1941 को जर्मनी का एक पोत डूब गया, जिससे उसमें सवार करीब 9 हजार लोगों की जान चली गई।
- स्टालिन ग्राफ के पास सोवियत फौजों से 1943 में जर्मन सेना हारी।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नाथूराम गोडसे ने 1948 में आज ही के दिन हत्या की थी।
- रात्रि एयर मेल सेवा की शुरूआत 1949 में हुई।
- दक्षिण वियतनाम में सेना ने 1964 में सत्ता पर कब्जा किया।
- दूसरे विश्व युद्ध के समय देश के प्रधानमंत्री रहे विंस्टन चर्चिल को 30 जनवरी 1965 को ब्रिटेन के लोगों ने अंतिम विदाई दी।




## जीना और मरना

**जिस** भांति हम जीते हैं, उसे जीवन नाममात्र को ही कहा जा सकता है। हमे न जीवन का पता है; न जीवन के रहस्य का द्वार खुलता है। न जीवन के आनंद की वर्षा होती है; न हम यह जान पाते हैं कि हम क्यों जी रहे हैं, किसलिए जी रहे हैं? हमारा होना करीब-करीब न होने के बराबर होता है। किसी भांति अस्तित्व ढो लेते हैं, जीवित रहते हुए मुर्दे की भांति। लेकिन ऐसा भी होता है कि मरते क्षण में भी कोई जीवंत होता है कि उसकी मृत्यु को भी हम मृत्यु नहीं कहते। बुद्ध की मृत्यु को हम मृत्यु नहीं कह सकते हैं और अपने जीवन को हम जीवन नहीं कह पाते हैं। कृष्ण की मृत्यु को मृत्यु कहना भूल होगी। उनकी मृत्यु को हम मुक्ति कहते हैं। उनकी मृत्यु को हम जीवन से और महाजीवन में प्रवेश कहते हैं। उनकी मृत्यु के क्षण में कौन-सी प्रांति घटित होती है, जो हमारे जीवन के क्षण में भी घटित नहीं हो पाती। किस मार्ग से वे मरते हैं कि परम जीवन को पाते हैं।

और किस मार्ग से हम जीते हैं कि जीवत रहते हुए भी हमें जीवन की कोई सुगंध का भी पता नहीं पड़ता है। जिसे हम शरीर कहें, वह हमारे लिए कब्र से ज्यादा नहीं है, एक चलती-फिरती कब्र। और यह लंबा विस्तार जन्म से लेकर मृत्यु तक, बस आहिस्ता-आहिस्ता मरते जाने का ही काम करता है। ऐसे रोज-रोज और मौत के करीब पहुंचते हैं।

## सुविचार

फल की अभिलाषा छोड़ कर कर्म करनेवाला मनुष्य ही मोक्ष प्राप्त करता है।
**गीता**

अपने भाई-बंधु जिसका आदर करते हैं, दूसरे भी उसका आदर करते हैं।
**महाभारत**

# इबादत के दुश्मन ये संकीर्ण व रुग्ण मानसिकता के लोग

**निर्मल रानी**

**जिस** समय अबू धाबी में स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत वर्ष 14 फरवरी 2024 को किया गया था उस समय भारतीय मीडिया में इसकी जोरदार चर्चा हुई थी। अबू धाबी में 27 एकड़ जमीन पर बने इस पहले एवं विशाल हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में 42 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस मंदिर के निर्माण हेतु 13.5 एकड़ जमीन अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद ने वर्ष 2015 में बीएपीएस संस्था को दान स्वरूप भेंट की थी। गौरतलब है कि संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 26 लाख भारतीय रहते हैं जो वहां की कुल जनसँख्या का लगभग 30% हिस्सा है। इससे पहले दुबई में भगवान शिव व भगवान कृष्ण के दो अलग अलग मंदिर और एक गुरुद्वारा तथा अबू धाबी में एक चर्च पहले से मौजूद थे परन्तु यहाँ कोई मंदिर नहीं था। हालाँकि अबू धाबी में निर्मित हुये इस विराट व भव्य मंदिर के निर्माण के बाद यह प्रचारित करने की कोशिश की गयी कि यह अरब जगत में निर्मित पहला हिंदू मंदिर है परन्तु यह सच्चाई से कोसों दूर गोदी मीडिया द्वारा सत्ता की चापलूसी के लिये गढ़ा गया एक नरेटिव मात्र था। क्योंकि बहरीन की राजधानी मनामा में सिंधी हिंदू समुदाय का श्रीनाथजी का मंदिर एक सदी से भी अधिक पुराना है। पड़ोसी देश सऊदी अरब में रहने और काम करने वाले हिंदू भी पवित्र अवसरों पर इस मंदिर में पूजा-पाठ करने आते हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में 125 वर्ष प्राचीन मोतीश्वर मंदिर भगवान शंकर का मंदिर हैं। जबकि मस्कट के ही रुवी में 150 साल पुराना कृष्ण-विष्णु मंदिर भी है। इस मंदिर को ओमान के सुल्तान ने ओमान में बसे गुजराती हिन्दू समुदाय के लिए मित्रता के प्रतीक के रूप में निर्मित कराया था। इसके अलावा भी दुबई में संपन्न भारतीय समुदाय में दक्षिण भारतीयों के अलावा सिंधी, मराठी, गुजराती, पंजाबी और करीब सभी प्रमुख धर्मों के कई दशकों पुराने अनेक धार्मिक स्थान हैं। यहाँ इन्हीं मंदिरों में ही पूजा अर्चना,हवन यज्ञ धर्म व आध्यात्मिक से जुड़े समारोह, उत्सव व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि दुबई और उसके आसपास के कुछ शहरों और खाड़ी के अन्य हिस्से में दिवाली की रात ठीक उसी तरह की रोशन होती है, जैसे भारत में होती है।

यह तो उन इस्लामिक देशों में मंदिरों की स्थिति है जहाँ मूर्ति पूजा प्रतिबंधित मानी जाती है परन्तु केवल धार्मिक सौहार्द व सम्मान के कारण अरब जगत के कई देश धार्मिक सहिष्णुता का परिचय देते हुये एक दूसरे की धार्मिक मान्यताओं व परंपराओं का आदर व सत्कार करते हैं। निश्चित रूप से जब भारतीय समाज ऐसी खबरों से बाखबर होता है तो उसे बेहद खुशी होती है। परन्तु ठीक इसके विपरीत हमारे देश में असहिष्णुता का दिनोंदिन बढ़ता सिलसिला हमारे लिये शर्मिन्दिगी का सबब बनता जा रहा है। यदि हम अरब देशों में मंदिरों के निर्माण पर खुश हो सकते हैं। जब हम बांग्लादेश,पाकिस्तान या अफगानिस्तान जैसे देशों में मंदिर गुरुद्वारों व चर्चों पर होने वाले हमलों पर क्रोधित होते हैं तो हमें स्वयं सौहार्द की मिसाल पेश कर दुनिया के सामने सहिष्णुता व सद्भाव का एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिये। परन्तु यहाँ तो सत्ता के संरक्षण में स्थिति दिन प्रतिदिन कुछ और ही होती जा रही है। गुजरात से शुरू हुआ धार्मिक असहिष्णुता का यह घिनौना खेल अब उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों तक जा पहुंचा है।

# अमेरिका की फंडिंग बन्द होने से बीमार होता विश्व स्वास्थ्य संगठन

गौरतलब | **प्रियंका सौरभ**

> डब्ल्यूएचओ, जिसके लिए यह 1948 में अपनी स्थापना के बाद से जाना जाता है, अमेरिका के हटने के परिणामस्वरूप निम्न-गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करेगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य हलकों के अनुसार, भारत को महामारी की तैयारी, टीबी, एड्स, रोगजनक और एंटीबायोटिक प्रतिरोध निगरानी, अन्य कार्यक्रमों में अधिक निवेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि वह विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर रहे हैं।

**यूएस** विश्व स्वास्थ्य संगठन की वित्तीय स्थिति वापसी के कारण तनावपूर्ण है। यू.एस. विश्व स्वास्थ्य संगठन के बजट का सबसे बड़ा दाता था, जो 2023 में स्वैच्छिक योगदान का 13% और मूल्यांकन किए गए योगदान का 22.5% था। फंडिंग के अचानक बंद होने से एक बड़ा संसाधन अंतराल पैदा हुआ, जिससे महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य पहलों को खतरा हुआ, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों (कम और मध्यम आय वाले देशों) में। यू.एस. ने रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) जैसे संगठनों के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन समितियों को वैज्ञानिक ज्ञान का योगदान दिया, जिसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वापसी ने वैश्विक निगरानी और महामारी की तैयारी के लिए आवश्यक साझेदारियों को तोड़ दिया। महामारी की तैयारी, निष्पक्ष टीका वितरण और प्रतिक्रिया समन्वय के लिए एक एकल विश्वव्यापी ढांचा बनाने के अमेरिका के प्रयासों को विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली महामारी संधि वार्ता से बाहर निकलने के फैसले से बाधा पहुँची। क्योंकि वापसी ने राष्ट्रीय हितों को अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता से आगे रखा, इसने बहुपक्षवाद को कमजोर किया। अन्य देश भी ऐसा ही कर सकते हैं, जिससे विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे वैश्विक संगठनों में विश्वास कम हो सकता है। वैश्विक स्वास्थ्य शासन का पहला प्रभाव शक्ति संतुलन में बदलाव है। अमेरिका के बाहर निकलने से चीन और वैश्विक दक्षिण को अंतर को भरने का मौका मिला। जैसे-जैसे चीन ने अपने संसाधनों और प्रभाव का विस्तार किया, भारत जैसे देश निम्न और मध्यम आय वाले देशों के बारे में अधिक मुखर हो गए और निष्पक्ष स्वास्थ्य नीतियों को बढ़ावा दिया। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में कमजोर आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीकाकरण कार्यक्रमों और रोग उन्मूलन पहलों का समर्थन करने की कम क्षमता से असमान रूप से प्रभावित हुई थी। यू.एस.-विश्व स्वास्थ्य संगठन साझेदारी की समाप्ति ने महत्त्वपूर्ण अनुसंधान और नवाचारों के प्रसार में देरी की और अंतरराष्ट्रीय महामारी निगरानी नेटवर्क में हस्तक्षेप किया। भारत और अन्य वैश्विक दक्षिण देशों के लिए वैश्विक स्वास्थ्य शासन के पुनर्गठन पर अधिक प्रभाव डालने का एक मौका है। वैक्सीन कूटनीति और समग्र स्वास्थ्य पहलों में अपने नेतृत्व के कारण भारत एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थित है। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा छोड़ी गई नेतृत्व की भूमिका को संभालने की उनकी क्षमता संसाधनों की कमी और परस्पर विरोधी प्राथमिकताओं, जैसे क्षेत्रीय संघर्षों से बाधित है।

जब तक सरकार अनुमति देती है, विश्व स्वास्थ्य संगठन राष्ट्रीय स्वास्थ्य पहलों में भाग लेता है। इसके अतिरिक्त, यह भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई स्वास्थ्य पहलों के साथ सहयोग करता है और उनका समर्थन करता है, जिनमें एचआईवी, मलेरिया, तपेदिक, उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (एनटीडी), रोगाणुरोधी प्रतिरोध और बहुत कुछ शामिल हैं।

## राशिफल



**मेष** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी।

**तुला** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं।

**वृष** आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**मिथुन** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**धनु** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा।

**कर्क** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**मकर** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी।

**सिंह** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**कुंभ** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**कन्या** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मीन** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### नगर पंचायत ने चलाया अभियान, सडक पर से अवैध निर्माण सामग्री हटायी

**लातेहार** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग और नगर पंचायत द्वारा सड़कों पर अवैध रूप से रखी निर्माण सामग्री को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। बुधवार को नगर पंचायत की टीम ने शहर की विभिन्न सड़कों पर पड़े छरी, बालू और अन्य निर्माण सामग्रियों को हटाया और संबंधित मालिकों से जुमार्ना वसूला। इस सम्बन्ध में नगर प्रशासक राजीव रंजन ने बताया कि 01 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता अभियान और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बालू, छरी और अन्य निर्माण सामग्री रखने से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। खास कर मोटरसाइकिल चालकों फिसलने का खतरा रहता है, जिससे गंभीर हादसे हो सकते हैं। वहीं नगर प्रशासक ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सड़कों पर किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री न रखें। यदि जांच के दौरान अवैध रूप से ईट, बालू या छरी पायी गयी, तो नगरपालिका अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न, एक दावा अनुमोदित

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई ने विभिन्न विकास योजनाओं हेतु वनाधिकार अधिनियम के तहत अनापत्ति प्रमाण पत्र के प्रस्ताव एवं सामुदायिक वन पट्टा के दो प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किये। बैठक में विचार-विमर्श के उपरांत एक सामुदायिक दावा प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया, जबकि अन्य प्रस्तावों को जांच हेतु एफआरसी कमेटी को भेजने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल कुमार आशीष, जिप सदस्य बरवाडीह संतोषी शेखर, जिप सदस्य महुआडांड स्तेला नगेशिया सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### लातेहार में मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**लातेहार** : जिला खेल पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने की। इस बैठक में लातेहार जिले में खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय द्वारा संचालित सभी आवासीय और डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख रूप से आवासीय और डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की गयी। जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने सभी प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि वे महीने के अंत तक केंद्र के प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ियों के छात्रवृत्ति भुगतान हेतु बिल समर्पित करें। इसके अलावा, उन्होंने केंद्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया।डीएसओ श्री कुमार ने लातेहार जिले का वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार करने की जिम्मेदारी आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक आलोक सिंह और वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा को सौंपा।बैठक में लातेहार जिला के खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल सहित प्रशिक्षक अमिता रंजना मिंज, तरसुस कुजूर, सुमित उरांव, पीटर किंडो, सरिता एक्का, कमलेश उरांव, वाहिद अंसारी, आसिफ अली, सुरेश उरांव, सुधीर खाखा, जीवन किशोर मिंज, और अंकित तिर्की भी उपस्थित थे।

### विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आकर महिला घायल

**भवनाथपुर** : खरौंधी थाना क्षेत्र के मेलवान निवासी राजमुनी विश्वकर्मा की पत्नी पानपती देवी बुधवार के सुबह खेत में आलू कोड़ने के दौरान जमीन पर गिरे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहा उसका इलाज डाक्टर के द्वारा किया जा रहा है।

# 09 किलो गांजा के साथ 03 तस्कर गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहर थाना की पुलिस ने तीन तस्करों को 9 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया की 28 जनवरी को 12.00 बजे पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के सामने नवनिर्मित भवन के पास तीन व्यक्ति अवैध रूप से अवैध गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गुलशन बिरवा, पुलिस अवर निरीक्षक, शहर थाना के नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए रेलवे स्टेशन नवनिर्मित भवन के पास पहुंचा तो पुलिस को पहुंचता देख तीन संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रवास करने लगे। यह देख साथ मौजुद पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी करते हुए तीनों संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा तथा



नाम पता पुछते हुए उससे भागने का कारण पुछा तो तीनों के द्वारा अपना अपना नाम हबीस अंसारी,दीलिप कुमार, एवम पिंटू कुमार, दोनों सा पकरिया, तीनों थाना पांकी पलामू बताये हुए भागने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिये। तीनों के पास मादक पदार्थ पाये जाने की सम्भावना देखते हुए, अमर सिंह बलहोत्रा, अंचलाधिकारी सदर मेदिनीनगर के द्वारा विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी लेने के क्रम में पकड़ाये व्यक्ति हथीस अंसारी के पहने हुए जोगर्स के दांये पॉकेट से 01 वियो कम्पनी का एंडरोयड मोबाईल एवं पीठ में टांगे गये ग्रे एवं काला रंग का टुरिस्ट बेग से 06 पॉकेट ब्राउन टेप से साटा हुआ गांजा जैसा अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ तथा दीलिप कुमार के पहने हुए जिन्स के बांये पॉकेट से इनफिनिक्स कम्पनी का एंडरोयड मोबाईल एवं पीठ पर टांगे हुए मैरून रंग का बेग से 03 पॉकेट गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ तथा पिंटू कुमार के .पहने हुए जिन्स के बांये पॉकेट से रियलमी कम्पनी का एंडरॉयड मोबाईल बरामद हुआ। बरामद गांजा जैसा पदार्थ का कुल बजन करीब 8.959 ' पाया गया। जिसको विधिवत जमा किया गया तथा उपरोक्त तीनों व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि गांजा जैसा मादक पदार्थ को मिथलेश भुईयां नामक व्यक्ति जो पांकी थाना अन्तर्गत चांदी गंगवार जंगल में रहता है। के द्वारा इन तीनों को 09 पैकेट गांजा जैसा पदार्थ देकर बनारस में रहने वाले अमित कुमार गुप्रा नाम के व्यक्ति को देने को बोला गया था। पलामू पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र का किया दौरा



**गुमला** : परियोजना निदेशक, आईटीडीए रीना हांसदा ने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित 500 की आबादीवाले कोब्जा पंचायत स्थित आंवरा लोंगरा गांव का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी को प्रमुख समस्याओं के रूप में रखा। सुश्री हांसदा ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने गांव की वर्तमान स्थिति का भी गहन निरीक्षण किया और स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की समस्याओं के निवारण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इसके अतिरिक्त, सुश्री हांसदा ने गांव में दिनांक 12 फरवरी 2025 को एक विशेष शिविर के आयोजन का निर्देश दिया। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

## श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31वां वार्षिकोत्सव 08 फरवरी से, तैयारियां जोरों पर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31वें वर्षगांठ का तीन दिवसीय कार्यक्रम आगामी 8 फरवरी से शुरू होगा। आयोजन की तैयारियां मंदिर समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई हैं। मंदिर के सचिव आशीष टैगोर व सह सचिव रंजीत कुमार ने बताया कि 8 फरवरी को कलश यात्रा के साथ वार्षिकोत्सव की शुरूआत होगी। 09 फरवरी को दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा, जबकि 10 फरवरी को नौ कन्या पूजन के उपरांत दोपहर 12:30 बजे से 4:30 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन रात 9 बजे से भगवती जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। श्री टैगोर ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए अर्थ संग्रह का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और श्रद्धालुओं से तन, मन व धन से सहयोग करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर की स्थापना वर्ष 1994 में माघ मास, शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुई थी। तब से हर वर्ष इस तिथि को मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इससे पहले मंदिर समिति की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया।

### जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय रोजगार मेले का भव्य आयोजन

## अपनी क्षमता व रुचि के अनुसार करें करियर का चयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिला प्रशासन एवं पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी जे एस एल पी एस के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नगर भवन, गुमला में भव्य जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेन्द्र जारिका ने रोजगार मेले के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मेला दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डी डी यू -जी के वाई )के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आयोजित किया गया है।कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से 1000 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। इस रोजगार मेले में 25 कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से कुल 684 युवाओं का पंजीकरण किया गया। इनमें से 201 युवाओं का विभिन्न क्षेत्रों में चयन हुआ, जिसमें 16 युवक-युवतियों को उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा,यह मेला केवल रोजगार प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा अपनी मेहनत, कौशल और आत्मविश्वास से हर चुनौती का सामना कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत लातेहार में 346 आवेदनों को मिली स्वीकृति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मंध समिति के समक्ष प्रस्तुत 346 आवेदन पत्रों की जांच कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्वीकृत आवेदनों को आगे बढ़ाते हुए पात्र लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान कर उनके व्यवसाय को बढ़ावा देना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राज कुमार पासवान, नगर प्रशासक राजीव रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, श्रम अधीक्षक, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हिरण और सामर को जंगल में पुनर्वास की तैयारी

## पलामू टाइगर रिजर्व में सॉफ्ट रिलीज सेंटर की अनूठी पहल

**उमेश यादव**

**गारू/लातेहार** : पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) एक बार फिर बाघों की उपयुक्त आवास बनाने के प्रयासों में सक्रिय हो गया है। तत्कालीन बारेसांढ़ रेंजर तरुण कुमार सिंह के प्रयास से जोड़ा सखुवा नामक स्थान पर सामर सॉफ्ट रिलीज सेंटर बनाने के साथ ही यह पहल शुरू हुई थी। इसके बाद हिरण और सामर को रिजर्व फॉरेस्ट के सॉफ्ट रिलीज सेंटर में लाया गया है। बारेसांढ़ रेंज के जोड़ा सखुवा,टेनो, बैगिन दह, हेनार, रामनदाग और परसापानी में यह माहौल तैयार हो गया है। यह पहल न केवल वन्यजीवों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए अनुकूल इको सिस्टम तैयार करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है।



**क्या है सॉफ्ट रिलीज सेंटर?**

**सॉफ्ट** रिलीज सेंटर वह स्थान है जहां जंगली जानवरों को जंगल में छोड़े जाने से पहले एक कण्ट्रोल्ड एनवायरनमेंट में रखा जाता है। यह प्रक्रिया उनके प्राकृतिक आवास में वापस लौटने की तैयारी के लिए की जाती है ताकि इन जानवरों को प्राकृतिक परिस्थितियों में ढलने और खुद को जंगल के जीवन के अनुरूप बनाने का अवसर मिलता है।

**आखिर हिरण और सामर ही क्यों हैं महत्वपूर्ण?**

**हिरण** और सामर जंगल के इको सिस्टम में मुख्य शाकाहारी प्रजातियों में से एक हैं। ये जानवर बाघ जैसे शिकारियों के लिए प्रमुख और आकर्षक आहार के स्रोत हैं। इनके जंगल में उचित संख्या में होने से बाघों को पर्याप्त भोजन उपलब्ध होता है, जिससे उनके प्राकृतिक आवास को मजबूत किया जा सकता है।

**बाघों के पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम**

**पलामू** टाइगर रिजर्व में 1990 से 2015 के बिच से बाघों की संख्या में लगातार गिरावट देखी जा रही थी। उप निदेशक जिसका कारण बताते हैं कि, उन दिनों में अधिकारीयों की क्षेत्र भ्रमण करना आसान नहीं था। हालांकि इन दिनों लगातार पीटीआर में बाघ की मौजूदगी के प्रमाण मिल रहे हैं। बाघ की उपस्थिति को सुधारने के लिए जंगल में शाकाहारी जानवरों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई। इसी उद्देश्य से हिरण और सामर को लाकर सॉफ्ट रिलीज सेंटर में रखा गया है।

**उप निदेशक कुमार आशीष नें कहा**

**पलामू** टाइगर रिजर्व के दक्षिणी क्षेत्र के उपनिदेशक कुमार आशीष ने कहा कि बाघों के सुरक्षित प्रवास के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार किया जा रहा है, जिसमें हिरणों का पुनर्वास भी शामिल है। एक बाघ के सुरक्षित प्रवास के लिए आवश्यक होता है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय परिसर से जिला खेल स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। मैराथन में दिखा उत्साह इस मैराथन दौड़ में उपायुक्त समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने नारे लगाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। दौड़



समाहरणालय परिसर से शुरू होकर कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त हुई। उपायुक्त की सादगी ने जीता लोगों का दिल सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक मंडली द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व पर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर उपायुक्त स्वयं मंच के सामने दरी पर बैठकर नाटक का आनंद लेते नजर आए। उनकी इस सादगी और जनसंपर्क के प्रति उनके सहज व्यवहार को देखकर उपस्थित लोग प्रभावित हुए और उनकी सराहना की। नाटक में सड़क पर यातायात नियमों के पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व सहित अन्य सुरक्षा उपायों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मददगार साबित होंगे।

## लिंग चयन तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध को लेकर जागरूकता रैली को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

- पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग निर्धारण अपराध : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : प्री कंसेप्सनल एंड प्री नेटल डायग्नोस्टिक तकनीक अधिनियम (पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट) 1994 की जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज रैली निकाली गई। उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत लिंग निर्धारण अपराध है। सेव द गर्ल चाइल्ड कैंपेन के तहत इसके लिए जनमानस में जन-



जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता से लिंग चयन तकनीकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाये जाने में मदद मिलेगी। समाहरणालय से निकलकर रैली शहीद चौक, छह मुहान, हॉस्पिटल चौक होते हुए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचकर समाप्त होगी। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डीपीएम (स्वास्थ्य) प्रदीप कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## चिकित्सा शिविर में 429 मरीजों की हुई जांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : बीएसएल सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के द्वारा बुधवार को सीएसआर के तहत पंडरिया पंचायत के बेल पहाड़ी के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 429 मरीजों की जांच व दवा वितरण किया गया। इस शिविर का उद्घाटन माइंस अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम नें दिप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर डॉ विजय राम ने कहा कि निशुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और इस क्षेत्र के गरीबों और वंचित




लोगों को मुक्त दावों का वितरण करना था। कहा कि सेल हमेशा से अपने कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास की जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कटिबद्वरहा है। कहा कि आगे भी इस तरह से क्षेत्र में निशुल्क मैडिकल कैंप लगाकर इलाज और दवा मुफ्त में जाएगी।सेल भवनाथपुर खदान अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विजय कुमार राम के द्वारा सभी व्यक्तियों पुरुष, महिला और बच्चे की उचित जांच की गई और दवा दि गई।सभी का बीपी जांच और वजन किए गए और मुफ्त दवाएं दी गई।निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेल भवनाथपुर के महाप्रबंधक (खदान) मनोज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर मे सेल कर्मी मुकेश दुबे, अनिला मिंज, सरोज कुमारी, नजमुद्दीन अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## टोल टैक्स प्लाजा में कर्मी को गोली मार कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : सदर थाना अंतर्गत जोरकट में पिछले कुछ दिन पहले 7 जनवरी की एक मजूर को गोली मारकर फरार आरोपी को पलामू पुलिस ने धरदबोचा है। यह घटना टोल टैक्स प्लाजा पर निर्माण कर रही कंपनी के कर्मी पर गोली चलाने के मामले में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार को पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन से मिली गुप्त सूचना से 2 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, घटना में उपयुक्त हथियार भी बरामद हुई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया की पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि इस कांड में संलिप्त शुटर शुभम रेडमा की तरफ घुम रहा है तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक



टीम गठित कर रेडमा से इस कांड में संलिप्त अभियुक्त, शुभम उम्र 23 वर्ष पिता पंकज कुमार दुबे, आकाश कुमार उम्र 30 वर्ष पिता सूरज राम दोनों सा० बेलवाटिकर थाना शहर, जिला पलामू का अपराध स्वीकारोक्ति बयान लिया गया जिसमें अभियुक्तों द्वारा अपना-अपना अपराध स्वीकार करते हुए कांड में प्रयुक्त एक पिस्टल, तीन जिन्दा गोली, एक खाली मैगजीन एवं प्लसर मोटरसाइकिल अभियुक्तों की निशानदेही पर बरामद किया गया।

### भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन

## छात्रों ने रोबोटिक्स एंड एडवांस्ड सिक्योरिटी सिस्टम में दिखाया अपना दमखम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : देवी मंडप स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का संचार होता है एवं विज्ञान में अधिक रुचि बढ़ती है जिससे आविष्कार करने की प्रेरणा मिलती है। छात्र छात्राये नित नए सोच से आगे बढ़ते है और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते रहेंगे। इस प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक कुल 257 मॉडल प्रस्तुत किया गया जिसमें एडवांस्ड शटर सिक्योरिटी सिस्टम ,वॉइस कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन,मोबाइल कंट्रोल्ड होम ऑटोमेशन, ट्रैफिक सिस्टम,वॉल्यूम बेस्ड ट्रैफिक सिस्टम, ह्यूमन अटानोमी, वायरलेस टेक्नोलॉजी, सर्विलांस बोट लाइट हॉउस, वाटर हार्वेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड, मोटर बोट,वैक्यूम क्लीनर,फायर अलार्म, फैन हाउस, मॉर्निंग अलार्म, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट,वाटर लेवल इंडिकेटर, लेजर सिक्योरटी सिस्टम, आटोमेटिक ट्रैफिक लाइट,वाटर प्यूरीफायर, वाटर फ्लो अलार्म, सोलर कार,सोलर एनर्जी पावर प्लांट, होम रेमेडीज, लाइट डिवाइस विथ मैगनेट,सिगरेट एंड इट्स इफेक्ट न लंग्स, सुसपेंशन ब्रिज, भूकंप अलार्म, साइक्लोनिक वैक्यूम क्लीनर, पॉल्युशन



अब्जॉर्बिंग ट्री, हैड्रोलिक क्रेन, पॉल्युशन फ्री बाइक, स्पाई गन, विंड मिल, एटीएम, हैड्रोलिक लिफ्टर, स्मार्ट सोलर सिटी, एक्वा फार्मिंग, एम एल डी,एंड स्पीड इंडिकेटर, लाई फाइ, कलैप हैंड बल्ब, मृदा अपरदन, होम सिक्योरिटी सिस्टम, डी एन ए आइसोलेशन, चंद्रयान 3, स्मोक आब्जर्बर, आटोमेटिक वाटर पंप, आदि मॉडल प्रस्तुत किया गया। पांचवी वर्ग के छात्राओं ने बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए रोबोट बना कर अपना रोबोटिक्स में दबदबा दिखाया उन्होंने यह बताया कि किस तरह से मानव रहित हम अपने सीमा की सुरक्षा कर सकते है। जरूरत पड़ने पर यह रोबोट गोली और हैंड ग्रनेड जैसे घातक हथियार को भी चल सकते है।क्लास सिक्स के विद्यार्थियों ने रॉकेट और मिसाइल लांचर, जीरो ग्रेविटी, को दिखाया और बताया कि किस तरह से हम गुरुत्वाकर्षण को जीरो कर सकते है और उसका उपयोग हम विज्ञान में कर सकते है।क्लास सेवन की राही स्मृति ने ह्यूमन टोरसो के आंतरिक अंगों की व्याख्या से सबका ध्यान अपने ओर आकर्षित किया। क्लास पांचवी की स्टूडेंट्स ने स्मार्ट बल्ब बनाया जिसे मोबाइल से कंट्रोल किया जा सकता है। क्लास सेवन और आठ की की छात्र छात्राओ ने शटर सिक्योरिटी सिस्टम बनाकर दिखाया और बताया कि कैसे कोई चोर अगर चोरी की नियत से शटर तोड़ेगा तो सेंसर चालू हो जाएगा और अलार्म के साथ साथ एक ही साथ पाँच लोगो को कॉल जाएगा। सोलर रोबोट बनाया जिससे मानवीय भूल और ईंधन का बचत हो सके और उनसे जुड़ी विभिन्न जानकारियां लोगो को उपलब्ध करायी एवं उनसे होने वाले फायदे को भी बताया।

## एक झलक

### सदर अस्पताल, लातेहार में आज चिकित्सकों का पालीवार शेड्यूल

**लातेहार :** लातेहार स्थित सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिकित्सकों की पालीवार तरीके से समय सारणी निम्नवत है : सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक की शिफ्ट में डॉक्टर 1. डॉ. सुनील भगत (मेडिसिन) मोबाइल : 8084291256 2. डॉ. मार्शा टोपनो (स्त्री रोग विशेषज्ञ) मोबाइल : 9334162090 3. डॉ. पवन (नेत्र रोग) मोबाइल : 9110147766 4. डॉ. प्रियंका (दंत चिकित्सक) मोबाइल : +91 87897 63331 5. डॉ. रुचिरा वर्मा (मेडिसिन) मोबाइल : 9065522273 शाम की शिफ्ट (दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक) 1. डॉ. सुदामा राम (ईएनटी) मोबाइल : 9470958996 2. डॉ. सीमा रानी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) मोबाइल : 8210312397 रात्रि पाली (रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक) 1. डॉ. अरुण कुमार शरन (मेडिसिन) मोबाइल : 9930327172 2. डॉ. सीमा रानी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) मोबाइल: 8210312397 सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, मोबाइल 7903651269 पर किसी भी जानकारी के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

### 17 वर्षीय लड़की ने किया कीटनाशक का सेवन

**गुमला :** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सत्र बस्ती नाबालिक लड़की ने कीटनाशक का सेवन कर लिया हालत खराब होने पर प्रजेंट तत्काल उसे सदर अस्पताल मंगलवार की रात 9 :00 बजे लेकर आए जहां उसका इलाज किया गया लेकिन इलाज के क्रम में लड़की ने काफी हाई वोल्टेज ड्रामा किया वह इलाज करने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं थी परिजन अस्पताल के कर्मियों के द्वारा लाख समझाने का बावजूद भी वह इलाज नहीं कराई। काफी देर समझाया जाने के बाद डॉक्टर ने उसका इलाज शुरू किया जानकारी के मुताबिक मंगलवार के साथ किसी बात को लेकर लड़की ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया हालांकि किसी कारण से यह कदम उठाया उसका पता नहीं चल पाया है। लड़की के परिजन भी इस बारे में स्पष्ट कुछ नहीं बता पाये।

### दो बाइक की टक्कर में दो लोग घायल, भर्ती

**गुमला :** गुमला सिसई रोड स्थित डूमर टोली मोड में मंगलवार की शाम 7 :00 बजे दो बाइक में टक्कर हो गयी घटना में प्रतापपुर निवासी ज्योति टोप्पो और डूमर टोली निवासी जोसेफ तिर्की घायल हो गए तत्काल स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी वही पेट्रोलिंग में निकली गश्ती पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों डीएसपी रोड के एक दुकान में काम करते हैं छुट्टी होने बाद बाइक से अपने घर जा रहे थे वहीं तभी डूमर टोली के पास घर जाने के लिए जैसे ही मुड़े सामने से एक बाइक सवार दोनों को जोरदार टक्कर मार दिया घटना के बाद बाइक सवार घटना स्थल से फरार हो गया।

### पिकअप वाहन व बाइक में हुई टक्कर, तीन लोग घायल

**गुमला :** रायडीह थाना क्षेत्र के कटकांया तीखा मोड़ में एक धान लदा पीकअप वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों में बाइक चालक 23 वर्षीय रोहित मुंडा, छात्र जितेंद्र मुंडा और छात्रा हीरामुनी कुमारी के नाम शामिल है।

## उपायुक्त ने रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों को बढ़ायें : शशि रंजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त-सह-रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शशि रंजन की अध्यक्षता में आज रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। उपायुक्त ने रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों को बढ़ाने का निदेश दिया। उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों को जनकल्याण के कार्यों एवं गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। उन्होंने ब्लड बैंक को समृद्ध करने के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करने, आदिम जनजाति एवं सुदुरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैम्प लगाने, कपड़ा बैंक बनाकर जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कपड़ा वितरित करने, बुक बैंक तैयार कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के बीच पुस्तक आदि पाठ्य सामग्री का वितरण कराने आदि का निदेश दिया। रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों के अनुरोध पर उन्होंने मोक्ष यात्रा वाहन का रेट रिवाइज करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने, यूपीआई बनाने के साथ अगले तीन महीने तक कार्य करने के लिए एक्शन प्लान तैयार करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण से किये गये कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं। रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा जनहित के कार्य-गतिविधियों में स्थानीय प्रशासन भी सहयोग करेगी। बैठक में रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष आलोक पाठक, सचिव डॉ. सत्यजित गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, संयोजक सुधीर अग्रवाल, सदस्य अखिलेश तिवारी, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, कमल जैन, उदय शंकर दुबे, आलोक माथुर उपस्थित थे।



## पलामू के कारीगरों व शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना से लाभान्वित करने की दिशा में बरतें तत्परता



**मेदिनीनगर :** पलामू के कारीगर और शिल्पकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित होंगे। योग्य लाभुकों को योजना के लाभ से लाभान्वित किये जाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निदेश पर तत्परता के साथ कार्य किये जा रहे हैं। योजना के तहत विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त आवेदनों का आज उपायुक्त शशि रंजन ने समीक्षा की। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत समिति के समक्ष प्राप्त 673 आवेदन पत्र जांच कर प्रस्तुत किये गये। इसमें 336 आवेदन पत्र सही पाये गये। त्रुटिरहित आवेदनों को सर्वसम्मति से स्वीकृत करते हुए राज्य को भेजने पर सहमति बनी, ताकि योग्य लाभुकों को इस योजना का लाभ मिल सके। त्रुटिपूर्ण 337 आवेदनों को अस्वीकृत करते हुए निरस्त कर दिया गया। उपायुक्त ने विभिन्न प्रखंडों में प्राप्त आवेदनों की जांच कर योग्य लाभुकों को लाभान्वित किये जाने की दिशा में कार्य करने में गति लाते हुए योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में श्रम नियोजन मंत्री की न्यायालय में हुई पेशी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका :** व्यवहार न्यायालय के एमपी -एमएलए सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय मे झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव पेश हुए। कोर्ट मे पेश होने के बाद मंत्री संजय यादव बुधवार को रांची मे होने वाले कैबिनेट की बैठक मे शामिल होने के लिए रवाना हो गये। गोड्डा जिला के पथरगामा थाना मे 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव अचार संहिता उल्लंघन मामले मे मंत्री संजय यादव पर मामला दर्ज हुआ था। मामले में गवाहों की गवाही शुरू है। वहीं दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक होने के कारण कोर्ट के आदेश पर श्रम मंत्री बैठक में शामिल होने के लिए रांची के लिए प्रस्थान कर गये।

## झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर डीएससी को सौंपा ज्ञापन

**गुमला :** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ ने बुधवार की अपराह्न 3:00 बजे जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला को बकाया मानदेय भुगतान और 60 साल के बाद सेवा मुक्त हुए सदस्यों के परिजनों को उनके स्थान पर कार्य करने को लेकर ज्ञापन सोपा है। संघ के अध्यक्ष देवकी देवी ने बताया कई बार विभाग को आवेदन देकर बकाया मानदेय भुगतान देने की मांग की है लेकिन विभाग द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई जिसको लेकर संगठन आक्रामक रुख अपनाने को तैयार है। देवकी देवी ने कहा अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो विभाग और सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा इतने कम मानदेय में काम कर कई लोग रिटायर हो गये। अब उनको जीने खाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके परिवार का कोई एक सदस्य को काम में रखा जाता है तो बुढ़ापे का सहारा मिल जाएगा। वही आगे बताया कि मांगे पूरी नहीं होने पर 25 फरवरी को जिला अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जायेगा।

## केन्द्रीय बजट में सेविका सहायिकाओं का मानदेय नहीं बढ़ेगा तो 05 फरवरी को बजट के खिलाफ विरोध दिवस : सीटू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की बैठक अम्बेडकर पार्क कोडरमा में जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सेविका सहायिकाओं की समस्याओं पर चर्चा की गयी और हेमंत सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग की गयी। साथ ही 1 फरवरी को संसद में पेश होने वाले केन्द्रीय बजट से सेविका सहायिकाओं का न्यूनतम मानदेय 26 हजार करने की भी मांग की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि केन्द्र सरकार अगर मानदेय में बढ़ोतरी नहीं करती है तो 5 फरवरी को केन्द्र सरकार की बजट के खिलाफ विरोध दिवस मनाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि मोदी सरकार के बजट से कुछ उम्मीद करना बेकार है। यह एक जनविरोधी सरकार है। पिछले 11 सालों में जनता पर सिर्फ टैक्स का बोझ नहीं डाला है। महंगाई और बेरोजगारी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। मजदूर वर्ग पर चौतरफा हमला जारी है। श्रमिकों को गुलाम बनानेवाली चार लेबर कोड जो कोरोना काल में बिना चर्चा के काला कृषि कानून के साथ संसद में पास करा लिया गया था। किसानों ने अपने संघर्ष और बलिदान के वजह से काला कानून को वापस लेने पर मोदी सरकार को मजबूर कर दिया था। ट्रेड यूनियनों के लगातार विरोध के चलते लेबर कोड लागू नहीं हुआ है। अब यह सरकार इस मजदूर विरोधी लेबर कोड को 01 अप्रैल से लागू करने की साजिश कर रही है।




## निबंधन कार्यालय का नया परिसर चांदली शिफ्ट हो जाने से जनता व अधिवक्ता को भारी परेशानी : बाबूलाल




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता गिद्ववार अघन उरांव, सचिन बाबूलाल श्रीवास्तव सह सचिव अधिवक्ता अमर कुमार तीनों पदाधिकारी द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया, बार सचिव अधिवक्ता बाबूलाल ने बताया कि हम सभी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता गण एवं पदाधिकारी द्वारा गुमला उपायुक्त को दिनांक 18 दिसंबर 2024 को एक ज्ञापन सौंप कर हम सभी ने तीन मांगे रखी थी, पहला एडिशनल कलेक्टर एसी का कोर्ट, दूसरा उपायुक्त का कोर्ट तथा तीसरा निबंध का कार्यालय जिस परिसर में चला करता था वहीं पर चले ताकि अधिवक्ता और आम जनता को परेशानी उठानी ना पड़े परंतु उपायुक्त द्वारा तीन मांगों में दो मांग जिसमें एसी कोर्ट और उपयुक्त कोर्ट स्वीकार किया गया और तीसरा निबंध कार्यालय पर कोई विचार नहीं किया गया जिससे अधिवक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है उपयुक्त से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह कार्य हमारे कार्य क्षेत्र से बाहर है श्री बाबूलाल ने कहा कि रजिस्ट्री ऑफिस चांदली चले जाने से काफी दिक्कत हो रही है निबंधन कार्यालय का मनमानी बढ़ चुका है, दूसरी बात आम जनता को हजारों लाखों रुपए ले जाने में लूटपाट और सुरक्षा का भै सता रहा है,नेट, भी वहां ठीक से काम नहीं करता है।

## महाकुम्भ भगदड़ में पलामू की महिला की भी मौत, बहन गम्भीर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** उतरप्रदेश के प्रयागराज में 144 साल के बाद लगे महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में पलामू की एक महिला भी शामिल है। महिला रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव की रहने वाली है, जिसकी पहचान गायत्री देवी (60) अमरेश पांडेय की पत्नी के रूप में हुई है। महिला की बहन गंभीर हो गयी। गायत्री देवी का एक बेटा सीआरपीएफ में है। वह प्रयागराज क्षेत्र में ही ड्यूटी पर तैनात है। महिला के शव को पलामू लाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, अमरेश पांडेय अपनी पत्नी गायत्री देवी और अपने रिश्तेदारों के साथ सोमवार को महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज गये थे। सभी लोग मंगलवार दोपहर में कुंभ मेला क्षेत्र पहुंच गये थे। मौनी अमावस्या पर प्रातः स्नान के लिए मंगलवार की रात को त्रिवेणी संगम तट के किनारे बालू पर ही सो गये थे। इसी बीच, मंगलवार की देर रात डेढ बजे अचानक भगदड़ मच गयी। भगदड़ में गायत्री देवी भीड़ के नीचे दब गयीं और उनकी मौत हो गयी। अमरेश पांडेय ने बुधवार को बताया कि पत्नी के अलावा साढू गढ़वा के झूरा निवासी कयास दुबे और साली तेतरी देवी एवं अन्य रिश्तेदार कुंभ स्नान के लिए गए हुए थे। हम लोग मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए रात में ही संगम तट पर पहुंच गए थे। संगम किनारे सो रहे थे। इसी बीच रात करीब 1 से 2 बजे के बीच भारी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। भीड़ हमारे ऊपर से गुजरने लगी। पुरुष सदस्य तो किसी तरह बच गए, लेकिन महिलाएं भीड़ में कुचल गई। उसकी पत्नी गायत्री देवी की मौत हो गई, जबकि साली तेतरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। तेतरी देवी को पुलिस वाले एंबुलेंस से लेकर अस्पताल चले गए। उनकी हालत गंभीर है। अस्पताल में इलाज चल रहा है। अमरेश पांडे भी भीड़ के नीचे दब गए थे। किसी तरह वह खड़े होकर बचे। गायत्री देवी की मौत की सूचना मिलते ही टोलरा गांव में मातम पसर गया है।



## भवनाथपुर के प्रतिष्ठित रेडीमेड व्यवसायी कुमार रामचंद्रम को किया गया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** दुबई के आबुधाबी में आयोजित एनुअल डॉलर मीट कार्यक्रम में भवनाथपुर के प्रतिष्ठित रेडीमेड व्यवसायी कुमार रामचंद्रम उर्फ मुनू जायसवाल को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान कम समय में उपलब्धि प्राप्त करने पर डॉलर कंपनी के मालिक विनोद गुप्ता के द्वारा उन्हें मोमेंटो पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। बुधवार को कुमार रामचंद्रन जायसवाल ने बताया कि मेरे द्वारा भवनाथपुर, विशुनपुरा, रमुना, कांडी, केतार, कोण, रामगढ़, विंढमगंज, नगर ऊंटारी, कचनरवा में डॉलर कंपनी का रेडीमेड का थोक समान सप्लाई किया जाता है, परिणाम यह रहा कि बहुत ही कम समय में डॉलर कंपनी से जुड़ी रेडीमेड गारमेंट्स का व्यवसाय को कंपनी के एक सप्लायर के तौर पर क्षेत्रों में एक अलग पहचान स्थापित की। इस मौके पर अमन जायसवाल, तन्नु जायसवाल, प्रदीप कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।




कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
Email ID Zplohardaga@gmail.com Mobile no - 06526-222064

अति अल्पकालीन सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कुडू बस स्टैण्ड में नव निर्मित दुकानों को खुले डाक से आवंटित किया जाना हैं। इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकान किराये पर लेना चाहते है, निर्धारित जमानत की राशि का **DDC-cum-CEO, Zila Parishad Lohardaga** के पदनाम से निर्गत डी0डी0 के साथ आवदेन जमा कर सकते है।

| क्र0सं0 | दुकान संख्या | दुकान का न्यूनतम मासिक किराया | जमानत की राशि (प्रतिदुकान) | आवेदन करने की अंतिम तिथि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 3,4,5,8,9,10,11,12,13,14,15 एवं 16 | 2055.00 | 20000.00 | 05.02.2025 | 06.02.2025 |

नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सुचना पट्ट या लोहरदगा जिला के **website www.Lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा।

PR.NO.345415 Lohardaga(24-25):D


## ट्रांसपोर्टर की हत्या का खुलासा, हथियार के साथ पांच गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के मानगो थाना क्षेत्र के मनान गली में हुए ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें रोहित दीक्षित, शुभम कुमार, विमल गोप, विवेक कुमार और अंकित शर्मा शामिल है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर दो हथियार, एक गोली और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की है। जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि साल 2014 में रोहित के पिता की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में संतोष सिंह को आरोपित बनाया गया था और वह जेल भी गया था। बीते कुछ महीनों से रोहित का आपराधिक चरित्र वाले लोगों के साथ उठना-बैठना चल रहा था। इसी दौरान अन्य साथियों ने उसे बहका दिया, जिसके बाद रोहित ने संतोष की हत्या का प्लान बनाया। इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार रौनक सिंह और निखिल ने आर्थिक रूप से मदद की थी। रोहित ने एक अन्य साथी से हथियार लिया था। विमल और विवेक ने रेकी की थी जबकि रोहित, शुभम और अंकित ने संतोष को गोली मारी थी। पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिता की मौत का बदला लेने के लिए ट्रांसपोर्टर की हत्या की गयी थी।


कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
पता- ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204
Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

ज्ञापांक:– दिनांक:–

आम–सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) हेतु नगर पंचायत बुण्डू कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। शहरी स्थानीय निकाय में रहने वाले आवास विहीन वैसे योग्य लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गये हैं, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि यदि वे योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक हैं तो सभी दस्तावेजों के साथ नगर पंचायत बुण्डू कार्यालय में सम्पर्क कर आवेदन पत्र समर्पित कर सकते हैं।

कौन कर सकते हैं आवेदन :–
- आवेदक अथवा उसके परिवार के सदस्य के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का घर नहीं होना चाहिए।
- योजना में संबंधित लाभुक के परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम रू 3 लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं।
- लाभूक दोहरा लाभ अथवा पूर्व से संचालित आवास योजना का लाभ नहीं लिया गया हो।

आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजो का होना आवश्यक है :–
- आवेदन हेतु लाभुक का Active मोबाईल नम्बर आधार कार्ड से लिंक्ड हो
- परिवारिक फोटो
- मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- बैंक अकाउंट हेतु पासबुक की छायाप्रति
- आय प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड की छायाप्रति
- भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ –पत्र
- भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र
- अद्यतन होल्डिंग रसीद
- पारिवारिक आधार कार्ड (लाभूक के माता / पिता / बच्चों का)
- पासपोर्ट साइज़ फोटो
- जाति प्रमाण पत्र लिया गया हो

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर पंचायत बुण्डू में सम्पर्क किया जा सकता है।

Link to apply/QR code
https://pmaymis.gov.in/PMAYMIS2_2024/PmayDefault.aspx

प्रशासक ,
नगर पंचायत बुण्डू

PR.NO.345377 Urban Development(24-25):D


## झुमरीतिलैया में नशीले पदार्थों के जरिये लूट की घटना का खुलासा, बिहार के मुजफ्फरपुर से पकड़े गये अपराधी

# रुपये की लूट में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** 23 जनवरी 2025 को बैंक ऑफ इंडिया, शाखा-झुमरी तिलैया में एक वृद्ध व्यक्ति 50000 /- रूपया बैंक से निकालकर सिढ़ी से उतरने के क्रम में 02 अज्ञात व्यक्ति द्वारा कुछ नशीले पदार्थ शुंघाकर कुल 57500/- (संतावन हजार पांच सौ रूपया) के लूट के घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना के संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 27/2025, दिनांक- 23.01.2025 धारा-309 (4) भारतीय न्याय संहिता दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। काण्ड की गंभीरता को देखते हुए काण्ड का उद्भेदन एवं अज्ञात अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा थना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा गहन अनुसंधान एवं पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को मिली गुप्त सूचना तथा तकनिकी साक्ष्य के आधार पर काण्ड में संलिप्त 02 अपराधकर्मी को बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिला के ब्रह्मपुरा थानान्तर्गत इमली चट्टी, सरकारी बस स्टैण्ड के समीप अशोका होटल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपने स्वीकोरोक्ति बयान में इस घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार किये है तथा ये दोनों बिहार गया के टावर चौक के पास भी 20000/- छीनतई की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किये है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. राजकुमार साह, उम्र 23 वर्ष, पिता- बब्लु साह उर्फ धमेन्द्र गुप्ता, साकिन- मिरजानहाट मस्जिद के पास, मुर्तजाचक जगदीशपुर, थाना- बाबरगंज, जिला-भागलपुर (बिहार)। 2. आशिष साह, उर्फ खोनवा, उम्र 40 वर्ष, पिता स्व० जगदीश साह,साकिन- वारसलीगंज मलिकपुर, नियर- ठाकुरबाड़ी, थाना-मुजाहिद्पुर, जिला- भागलपुर (बिहार)। जप्त समाग्री 1। दोनों अभियुक्तों के पास से कुल- 65640/- रूपया। 2. मोबाईल-02, 3. बैंक ऑफ इंडिया का 01 एटीएम कार्ड. 4. एक आयकर कार्ड 5। दो आधार कार्ड।6। घटना के समय पहना हुआ चेकदार फुल शर्ट एक। छापामारी दल में शामिल अधिकारी। पु०नि० विनय कुमार, प्रभारी तिलैया थाना, पुअनि कृष्ण कान्त यादव, तिलैया थाना, सशस्त्र / पैंथर आरक्षी तिलैया थाना।



## एक झलक

### फरवरी की शुरुआत में दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर

**पटना :** पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव तराई वाले इलाकों को प्रभावित करेगा। इसकी वजह से बिहार में एक या दो फरवरी से फिर से मौसम बिगड़ने के आसार हैं। इस दौरान प्रदेश के अधिसंख्य भागों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सर्द पछुआ हवा के कारण सुबह-शाम ठंड का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार आज 11 जिलों में पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, सुपौल, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज में घना कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। पटना समेत अन्य भागों में हल्का कोहरा छाया रहेगा। धूप निकलने के साथ सर्द पछुआ हवा का प्रवाह बना रहेगा। मंगलवार को पटना समेत 18 जिलों के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम 12.0 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 6.2 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी सबसे ठंडा रहा। राजधानी पटना समेत दिन में धूप निकलने के साथ पछुआ का प्रवाह जारी रहा। बांका, जमुई, औरंगाबाद, डेहरी, पूसा, जीरादेई, मोतिहारी का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के नीचे दर्ज किया गया। पूर्णिया में अति घना कोहरा व तराई वाले इलाकों में घना कोहरा का प्रभाव बना रहा।

### विद्यालयों में स्वच्छता सामग्री का किया गया वितरण

**भागलपुर :** डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत भागलपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर एवं सबौर प्रखंड के चयनित विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता शिक्षा के लिए स्वच्छता सामग्री का वितरण किया गया। स्वच्छता संबंधित शिक्षक मैन्युअल पुस्तक, विद्यार्थियों के कार्यपुस्तिका, पोस्टर, स्कूल कीट और साबुन उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर संस्था के जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने कहा कि जिले के चयनित कुल 100 विद्यालयों के शिक्षकों का स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उसके उपरांत विद्यालयों को स्वच्छता संबंधित किट मुहैया किया जा रहा है। सप्ताह में 45 मिनट स्वच्छता की पाठशाला चलाया जाएगा। जिसमें संबंधित टूल के द्वारा बच्चों में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए जानकारी प्रदान करना एवं उन्हें व्यवहार में परिवर्तन कर उनमें स्वच्छता के गुणों का विकास करके उन्हें स्वच्छता दूत के रूप में विकसित करना है। जिसमें बच्चों को स्वच्छता संबंधित टूल के द्वारा द्वारा 15 सप्ताह यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अवसर पर चंद्रकांत भारती और आनंदी प्रसाद सिंह ने सहयोग किया।

### सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये सरस्वती पूजा, थाने में हुयी शांति समिति की बैठक

**बेतिया :** सरस्वती पूजा वीणा वादनी की पूजा है, इसे सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए आवश्यक है । पूजा में कहीं से किसी प्रकार की गडबडी बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। यह बातें बुधवार को थाने परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए प्रमुख कृष्ण देव चौधरी ने कहीं। प्रमुख कृष्ण देव चौधरी ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील किया कि वे अपने क्षेत्र में युवकों को पूजा शांति पूर्ण माहौल में आयोजित करने की अपील करें । साथ ही कहीं भी किसी प्रकार की गडबडी होतीं हैं तो पुलिस प्रशासन को सहयोग करे। प्रभारी थानाध्यक्ष सुजीत दास ने कहा कि पूजा को शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस चौकस है ।

### एसडीओ ने निर्माणाधीन हाजीपुर-सुगौली रेल लाइन का किया स्थलीय निरीक्षण


**पूर्वी चंपारण :** जिले में सुगौली प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली निमार्णाधीन हाजीपुर-सुगौली रेल लाइन का सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान एसडीओ ने भटहां पंचायत सहित जहां भी निर्माण कार्य क्षेत्र में समस्या उत्पन्न हुई है ।

## कटिहार जिला को मुख्यमंत्री ने दी 166.96 करोड़ की सौगात

# 145 विकास योजनाओं का लोकार्पण

एजेंसी

**कटिहार :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में बुधवार को कटिहार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कुल 166.96 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 56.50 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं 110.46 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने जिन 88 योजनाओं का लोकार्पण किया उसमें मुख्यरूप से ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का निर्माण, कदवा प्रखंड के कुम्हरी में फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण, हसनगंज में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण,



नगरनिगम क्षेत्र अंतर्गत सड़क एवं नाला निर्माण आदि शामिल है। नीतीश कुमार ने जिन 57 योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें मुख्यरूप से अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, मदरसों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष एवं कम्प्यूटर लैब का निर्माण, विभिन्न प्रखंडों में होल-डे मिल्क बूथ का निर्माण, विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा क्रम में सबसे पहले गोगबिल झील का हवाई सर्वेक्षण करते हुए कोढ़ा प्रखंड के रामपुर पंचायत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, मनरेगा भवन, पंचायत सरकार भवन आदि का निरीक्षण किया। रामपुर के बाद उन्होंने कटिहार नगर निगम स्थिति राजेन्द्र स्टेडियम में प्रस्तावित स्पोर्ट काम्प्लेक्स के निर्माण हेतु स्टेडियम का अवलोकन किया। इसके बाद नितीश कुमार ने शरीफगंज में अल्पसंख्यक बालक छात्रावास का भ्रमण एवं विभिन्न विभागीय शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



एजेंसी

**भागलपुर :** जिले के सन्हौला प्रखंड के साहुपाड़ा गांव में श्रीश्री 108 नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश शोभायात्रा यात्रा में 501 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। महादेव स्थान के शिव गंगा से पवित्र जल भरने के बाद यह यात्रा पूरे साहुपाड़ा गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। संध्या 4 बजे से अष्टयाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ, जो पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ 24 घंटा जारी रहेगा। अषटयाम समापन होने के भजन संध्या का आयोजन होगा, जबकि शुक्रवार को पूरे गांव में शिवलिंग की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। मंदिर निर्माण के संयोजक पुणेंद्र कुमार ने बताया कि मेरी पत्नी महादेव की अनन्य भक्त थीं ।

## विधायक ने भूदान की जमीन को लेकर दो पक्षों के विवाद को सुलझाया




एजेंसी

**अररिया :** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के अड़राहा में भूदान की जमीन को लेकर वर्षों से चले आ रहे दो पक्षों के विवाद को विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने थानाध्यक्ष और अंचलाधिकारी की मौजूदगी में सुलझाया।विधायक जनसंपर्क कार्यालय में बुधवार को दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के आधार पर समझौता कराया गया। अड़राहा विनोबा टोला वार्ड संख्या 6 से वार्ड सदस्य महेन्द्र मंडल,पूर्व सरपंच अरुण ऋषिदेव की उपस्थिति में सत्य नारायण मंडल पिता स्व. दुखा मंडल बनाम सहदेव ऋषिदेव,जगदेव ऋषिदेव पिता स्व.झब्बू ऋषिदेव, सदानन्द ऋषिदेव पिता स्व. जीतन ऋषिदेव एवं अन्य महादलित व्यक्ति ?यों के बीच जमीन संबंधित विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया।दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते में यह तय किया गया ।

## एनयूएसआरएल में पांच दिनों तक चला एफडीपी प्रोग्राम, देशभर के कई एक्सपर्ट्स ने दिये व्याख्यान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** रांची स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (NUSRL) में 24 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित फैकल्टी डवेलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का समापन हुआ। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास समापन समारोह में शामिल रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों को देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों और अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में बेहतर माहौल बनाने, शिक्षण विधियों में नयी तकनीकों का उपयोग करने और अन्य कई विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रोग्राम का



उद्घाटन सत्र प्रोफेसर डॉ. शांता कुमार, डायरेक्टर, GNLU गांधी नगर के द्वारा हुआ। पहले दिन NUSRL ने इस कार्यक्रम के दौरान GNLU के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) भी किया। प्रोग्राम के दूसरे सत्रों में कई प्रमुख विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया इनमें मुख्य रूप से प्रोफेसर डॉ. एन. के. चक्रवर्ती, वीसी, ठवखर, कोलकाता ने लीगल रिसर्च डिजाइन पर व्याख्यान दिया। डॉ. सत्याकी रॉय, को-ऑर्डिनेटर, NPTEL, IIT कानपुर ने ऑनलाइन कोर्स और उसके तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी।

## सांसद और उसके समर्थकों ने पत्रकार को पीटा

एजेंसी

**भागलपुर :** भागलपुर हवाई अड्डे के समीप सड़क किनारे बुधवार को भागलपुर के जदयू सांसद अजय मंडल और उनके समर्थकों की दबंगई देखने को मिली। सांसद और उनके समर्थकों ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दो पत्रकारों के साथ मारपीट की ।साथ ही भद्दी भद्दी गालियां दी। जिसे खबर में नहीं लिखा जा सकता है। सांसद और उनके समर्थकों ने पत्रकारों को दौड़ा-दौड़ा कर सड़क पर लात घूसे से जमकर पीटा। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस तमाशबीन बनी रही। पत्रकार कुणाल शेखर और सुमित कुमार का दोष इतना ही था कि उन्होंने संसद की गाड़ी में बैठे कार्यकताओं की वीडियो बनाने की कोशिश की। सांसद लिखे गाड़ी में



सांसद खुद मौजूद नहीं थे। बल्कि उनके समर्थक और कुछ कार्यकर्ता मौजूद थे। इस घटना में चोटिल हुए पत्रकार कुणाल शेखर को मायागंज अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी। कुणाल शेखर ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर वह और सुमित हवाई अड्डा के समीप समाचार संकलन कर रहे थे। तभी हवाई अड्डे की गेट पर संसद की बोर्ड लगी गाड़ी आई।

## सरकारी स्कूल की पानी टंकी में असामाजिक तत्वों ने डाला सल्फॉस की गोली

# बच्चों और शिक्षकों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** जिले के चकिया थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया है। दरअसल चकिया केसरिया मार्ग पर स्थित कोयला बेलवा मध्य विद्यालय के पानी के टंकी में असमाजिक तत्वो ने सल्फास की गोली डाल दिया।गनीमत यह रही कि जिस दौरान पानी की टंकी में सल्फास की गोली डाली गई। उस दौरान स्कूल में बच्चे नहीं थे। जिस कारण किसी बच्चे ने उस जहरीली पानी को नहीं पिया।अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह जब स्कूल खुला तो बच्चों और शिक्षकों ने अजीब सी गंध



महसूस किया। जिसके बाद आनन-फानन में स्कूल के सभी कमरे और छत की जांच की गई।इस दौरान जब पानी की टंकी को खोला गया तो टंकी में सल्फास का गोली रखा मिला।वही टंकी के आस पास सल्फॉस के पाउडर भी मिले।जिसके बाद टंकी के मेन नॉब को बंद किया गया ताकि सभी नल में पानी बंद हो सके।फिर टंकी की सफाई कराई गयी।इस अप्रत्याशित घटना को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रेम नारायण कुमार ने बताया कि शिक्षको और बच्चो की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।असामाजिक तत्वों का मंसूबा पानी की टंकी में सल्फास डालकर बड़ा हादसा करने की थी। स्कूल के छात्र-छात्राओ ने कहा कि हम लोग जब स्कूल पहुंचे तो अजीब सा गंध वाला पाउच नीचे गिर पड़ा था,जिसका गंध पूरे स्कूल में फैला था।उस गंध को शिक्षको ने भी महसूस किया। हम लोग जब पैकेट दिखाये तो उसकी पहचान सल्फॉस नामक जहर के रूप हुई।

### प्रावि आदिवासी टोला मधुरा में मनाया गया भारतीय समाचार पत्र दिवस

**अररिया :** फारबिसगंज के तिरसकुण्ड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में बुधवार को भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाया गया। मौके पर स्कूल के प्रधान शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने बच्चों को बताया कि यह दिवस 29 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य मीडिया की स्वतंत्रता व भूमिका को समझना है। यह दिन भारतीय पत्रकारिता की महत्ता व योगदान को सम्मानित करने के लिए है। 29 जनवरी 1780 को भारत का पहला समाचार पत्र द बंगाल गैजेट्स प्रकाशित हुआ था। बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि भारत में प्रिंटिंग प्रेस की शुरूआत पुर्तगालियों ने गोवा में की थी।

## स्कार्पियों और बाइक की टक्कर में दो की मौत

एजेंसी

**पटना :** बिहार में दरभंगा जिले के बहेड़ी-सिंघिया मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो नाबालिग किशोरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बिरौल थाना क्षेत्र के सर्दी गांव के 18 वर्षीय रमेश सदा और 8 वर्षीय दीपक सदा के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा जिले के जगन्नाथपुर में हुआ है। एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार रमेश, दीपक और राजा सदा को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां रमेश को मृत घोषित कर दिया गया। दीपक और राजा सदा को डीएमसीएच रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान दीपक की भी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया और मृतकों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय मुखिया कल्पना प्रिया ने घटना की पुष्टि की और मृतकों के परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग की। उधर, परिजनों ने बताया कि रमेश सदा अपने गांव के राजा सदा और उसके सगे भाई दीपक सदा के साथ बाइक पर सवार होकर देवकुली धाम मेला देखने जा रहा था। रास्ते में जगन्नाथपुर में मिले गांव के ही कृष्ण कुमार से सड़क किनारे बात करने लगा। इसी दौरान बहेड़ी की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने इन्हें रौंद दिया।

### फोरलेन पर सड़क दुघर्टना में व्यवसायी की मौत

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेहरी धौड़ाढ ओपी क्षेत्र लेरूआ गांव के पास एक टोटो में अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यवसाई की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार टोटो में पीछे से आ रही है तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक अपने वाहन समेत फरार हो गया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय डेहरी के बारह पत्थर मोहल्ला निवासी गोविंद कुमार के रूप में की गई है।

## मोतिहारी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने को लेकर साइकिल यात्रा पर निकला सुगौली का युवक



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने को लेकर सुगौली प्रखंड के भटहा पंचायत का युवक रविरंजन यादव साइकिल से बिहार यात्रा पर निकला है।यात्रा पर निकले युवक का उप प्रमुख प्रतिनिधि शंभु साह सहित अनेक जनप्रतिनिधियो ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। यात्रा पर निकले युवक रवि रंजन यादव ने कहा कि वह सरकार के साथ लोगों को जागरूक करेगा ताकि पूर्वी चंपारण सहित बिहार के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित हो,ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए इधर उधर भटकना नही पड़े। साथ ही से बिहार के छात्रो को भी इसका पूरा लाभ मिल सके।मौके पर वरीय नेता शैलेन्द्र सिंह,चिंटू सिंह,वरुण सिंह,संजय यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अंतर महाविद्यालय खो खो प्रतियोगिता की शील्ड पर एम वी कॉलेज ने किया कब्जा

एजेंसी

**डेहरी आन सोन :** डेहरी आन सोन स्थित महिला कालेज डालमियानगर में आयोजित दो दिवसीय वीकेएसयू अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता में बक्सर का एम वी कॉलेज विजेता बना। संघर्षपूर्ण मैच में बक्सर की टीम 17- 14 से विजेता बना। बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार बक्सर के पूजा कुमारी व बेस्ट चेजर का पुरस्कार तिलौथू की मोहिनी कुमारी को मिला। निर्णायक मंडल में जिले रेफरी नीरज कुमार व रशीद और बक्सर जिले के रेफरी रोहित व गोलू कुमार शामिल थे।



उद्घोषक तिलौथू राधा शांता कालेज के पीटीआई विनोद सिंह थे।प्रायोजित में विश्विद्यालय के आधे दर्जन कालेज की टीम रोहतास महिला कॉलेज सासाराम, एसएस कॉलेज सासाराम,अनुमंडल डिग्री महाविद्यालय नौहट्टा, महिला कॉलेज डेहरी ,राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू एवं एम वी कॉलेज बक्सर हिस्सा लिया। विजेता व उपविजेता टीम को टीम को हड्डी रोग चिकित्सक डा कुमार अंशुमन व प्राचार्य डॉ दिग्विजय सिंह ने दिया ।मौके पर राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ माधुरी सिंह , डॉ गीता पांडेय,संजय सिंह बाला समेत कालेज के सभी शिक्षक,कर्मी और छात्राएं मौजूद थी।

## परवरिश कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय कार्यशाला



एजेंसी

**नवादा :** नवादा जिले के कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में ह्यदोस्त एजुकेशन द्वारा संचालित 'परवरिश' कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को किया गया ।दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों को बच्चों के मानसिक विकास के महत्व और सही परवरिश के दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चे के जीवन के पहले पांच वर्ष उसके मानसिक विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं।

# लूटी गयी ऑटो के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी

**भागलपुर :** जिले के कहलगांव थाना अन्तर्गत ग्राम हरचन्दपुर नहर के पास हुए टेम्पू लूट कांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में 04 अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही झारखंड के साहिबगंज से ऑटो बरामद कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को कहलगांव डीएसपी ने दी। डीएसपी ने बताया कि बीते 20 जनवरी को कहलगाँव थाना अन्तर्गत ग्राम-हरचन्दपुर नहर के पास 04 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा टेम्पू चालक का हाथ पैर बांधकर उसका टेम्पू, मोबाईल



तथा 700 रू लूट लिया गया। इस संबंध में टेम्पू चालक के आवेदन के आधार पर कहलगाँव थाना में सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कहलगाँव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय सूत्रों के आधार पर साहिबगंज के राधानगर थाना क्षेत्र से लूटी गयी टेम्पू बरामद किया गया तथा इस घटना में संलिप्त 04 अपराधकर्मियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार सोनू कुमार एवं सुनील कुमार ने लूटी गई टेम्पू एजुल शेख एवं सैफुद्दीन को बेच दिया था, जिसे एजुल शेख के घर से बरामद किया गया है। इस कांड में संलिप्त शेष अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## कायाकल्प प्रमाणीकरण को लेकर एचडब्ल्यूसी मुड़बल्ला व बांसबाड़ी का हुआ पियर असेसमेंट

एजेंसी

**अररिया :** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार व स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण सहित मरीजों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के मूल्यांकन के उद्देश्य से चयनित स्वास्थ्य संस्थानों के कायाकल्प प्रमाणीकरण का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य अधिकारियों के विशेष टीम द्वारा बुधवार को अररिया प्रखंड अंतर्गत मुडबल्ला व बांसबाड़ी एचडब्ल्यूसी का पियर असेसमेंट किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम में डीसीक्यूए डॉ मधुबाला, अररिया पीएचसी के बीएचएम मो



खतीब, पीरामल स्वास्थ्य के पीआई राजीव कुमार शामिल थे। पियर असेसमेंट टीम ने दोनों केंद्रों का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने उक्त दोनों केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, केंद्र में मरीजों के लिये उपलब्ध सुविधाएं, स्वच्छता प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण संबंधी उपाय, प्रदत सेवाओं का दस्तावेजीकरण व संस्थान के प्रति समुदाय की प्रतिक्रियाओं की गहन समीक्षा की. मरीजों को उपलब्ध

# आईसीसी रैंकिंग में तिलक बने टी-20 के टॉप-2 बैटर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा टी-20 के टॉप-2 बैटर बन गए हैं। वे बुधवार को जारी ICC रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। इतना ही नहीं, वरुण चक्रवर्ती ने 25 स्थानों की छलांग लगाकर टॉप-5 गेंदबाजों में जगह बनाई है। 22 साल के तिलक वर्मा अब केवल ट्रैविस हेड से पीछे हैं। हेड 855 रैंकिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। वहीं, तिलक वर्मा के 832 रैंकिंग पॉइंट्स हैं। टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग के वरुण चक्रवर्ती के 679 अंक हैं। वे 30वें स्थान पर थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में 5 विकेट झटके थे। इसका उन्हें फायदा मिला। इस मुकाबले में तिलक वर्मा ने 14 गेंद पर 18 रन बनाए थे। उन्होंने दूसरे टी-20 में नाबाद 72 रन की पारी खेली थी। सबसे पहले टी-20 रैंकिंग देखिए...



तिलक के पास सबसे युवा नंबर-1 बनने का मौका

तिलक वर्मा के पास सबसे युवा वर्ल्ड नंबर-1 टी-20 बैटर बनने का मौका है। वे 22 साल 82 दिन के हैं। या ह रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम दर्ज है। बाबर 23 साल 105 दिन की उम्र में टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज बने थे। दरअसल, भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज के 2 मुकाबले शेष हैं। अगला मुकाबला 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा। फिर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 2 फरवरी को सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। इन मुकाबलों में तिलक के पास ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ने का मौका है। तिलक (832 रन) सबसे ज्यादा रैंकिंग पॉइंट हासिल करने वाले भारतीय बैटर्स की सूची में चौथे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और केएल राहुल उनसे ज्यादा रैंकिंग पॉइंट्स हासिल कर चुके हैं।

**ICC टी-20 रैंकिंग**
**बैटिंग**

| रैंक | प्लेयर | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 855 |
| 2 | तिलक वर्मा | भारत | 832 |
| 3 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 782 |
| 4 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 763 |
| 5 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 749 |
| 6 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 712 |
| 7 | पथुम निसांका | श्रीलंका | 707 |
| 8 | मोहम्मद रिजवान | पाकिस्तान | 704 |
| 9 | यशस्वी जायसवाल | भारत | 685 |
| 10 | कुसल परेरा | भारत | 675 |

**अभिषेक को 59 पायदान का फायदा, यशस्वी को नुकसान**

युवा ओपनर अभिषेक शर्मा ने बैटिंग रैंकिंग में 59 अंकों की छलांग लगाई है। वे 549 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 40वें नंबर पर पहुंच गए है। वहीं, लियम लिविंगस्टन 5 स्थानों के फायदें के साथ 32वें और बेन डकेट 28 स्थान के फायदे के साथ 32वें स्थान पर आ गए हैं। अभिषेक ने तीसरे टी-20 में 14 बॉल पर 24 रन की पारी खेली थी। वे सीरीज में 212.96 के स्ट्राइक रेट से 115 रन बना चुके हैं। वहीं, लिविंगस्टन ने 56 और डकेट ने 58 रन बनाए हैं। आदिल रशीद नंबर-1 बॉलर बने, अकील हुसैन को पीछे छोड़ा इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद (718 रैंकिंग पॉइंट्स) टी-20 के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 रैंकिंग पॉइंट्स) को पीछे छोड़ा। आदिल को एक स्थान का फायदा हुआ। उन्होंने तीसरे टी-20 में अपने कोटे के 4 ओवर में 15 रन देकर एक विकेट लिया था। भारतीय गेंदबाजों में वरुण चक्रवर्ती के अलावा, अक्षर पटेल 645 अंक के साथ 11वें स्थान पर आ गए हैं। उन्हें 5 स्थान का फायदा मिला है।

**ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में बदलाव नहीं, पंड्या टॉप पर**

टी-20 के ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के टॉप-10 में बदलाव नहीं हुआ है। हार्दिक पंड्या 255 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर कायम हैं। वे टॉप-10 में शामिल इकलौते भारतीय ऑलराउंडर हैं। पिछले हफ्ते की टेस्ट रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं बुमराह गेंदबाजी के टॉप पर बरकरार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप पर कायम हैं। टेस्ट ऑलराउंडर में वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं। जबकि स्टीव स्मिथ (746 पॉइंट्स) एक स्थान के फायदे के साथ 8वें स्थान पर हैं। ऋषभ पंत 739 अंक के साथ नंबर-9 पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को 2 पायदान का फायदा हुआ है। वे 15वें स्थान पर हैं।

**वनडे की बैटिंग रैंकिंग में बदलाव नहीं**

बैटिंग में बदलाव नहीं, तीक्षणा तीसरे नंबर पर आए।
वनडे की बैटिंग रैंकिंग के टॉप-10 में बदलाव नहीं हुआ है।

## एक झलक

### इरफान पठान ने कहा इस कारण हारी भारतीय टीम

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदाबज इरफान पठान ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में भारतीय टीम की हार का कारण स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाना बताया है। इस मैच में भारतीय टीम जीत के लिए मिले 172 रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी जबकि अभिषेक शर्मा ने शुरूआत में ही आक्रामक पारी खेली थी। इरफान पठान ने सोशल मीडिया में लिखा, टी20 प्रारूप में थोड़ी धीमी विकेट पर स्ट्राइक रोटेट करने की क्षमता बहुत अहम होती है। भारतीय टीम ने अंत में बहुत देर तक बहुत अधिक समय बिताया। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने पारी शुरू करते हुए अर्धशतक लगाया। उन्होंने बटलर के साथ अच्छी साझेदारी करके इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि इंग्लैंड का मध्य क्रम वरुण चक्रवर्ती के सामने टिक नहीं पाया। अंतिम विकेट के लिए आदिल राशिद और मार्क वुड ने 10 रन बनाए। इंग्लैंड ने 171/9 का स्कोर बनाया।

### एलार्डिस ने आईसीसी सीईओ पद छोड़ा

**दुबई :** ज्यॉफ एलार्डिस ने आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद से इस्तीफा दे दिया है। एलार्डिस ने कहा है कि वह जीवन में कुछ नया करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने से पद छोड़ा है। एलार्डिस को साल 2020 में मनु साहनी को पद से हटाए जाने के बाद सीईओ बनाया गया था। इस दौरान वह आठ महीने तक इस पद पर अंतरिम तौर पर इस पद पर रहे। इसके बाद नवंबर 2021 में उन्हें स्थायी रुप से इस पद पर नियुक्त किया गया था। वह साल 2012 से ही आईसीसी के साथ हैं। आईसीसी में वह शुरूआती दिनों में जनरल मैनेजर के पद पर रहे थे। एलार्डिस ने कहा, आईसीसी के सीईओ पद पर कार्यरत रहना मेरे लिए गर्व की बात थी। इस दौरान हमने जो भी लक्ष्य हासिल किए उस पर मुझे गर्व है, चाहे वह क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर ले जाना हो या आईसीसी सदस्यों को वित्तीय लाभ पहुंचाना हो। मैं आईसीसी के अध्यक्ष, बोर्ड के तमाम सदस्यों और पूरे क्रिकेट समूह का पिछले 13 वर्षों में मुझे दिए समर्थन करने के लिए आभारी हूं। मुझे विश्वास है कि आने वाला समय क्रिकेट के लिए उत्सुकता भरा समय होगा और मैं इसके लिए वैश्विक क्रिकेट समूह को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।
वहीं आईसीसी प्रमुख जय शाह कहा, मैं आईसीसी बोर्ड की ओर से एलार्डिस का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूं।


### हैरी की सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

**राजकोट :** इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक तीसरे टी20 में स्पिनर रवि बिश्नोई का शिकार बने जिसके बाद से ही वह सोशल मीडिया में मजाक का केन्द्र बन गये। इसका कारण है कि हैरी ने भारत आते ही धुंध से हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा था कि इससे उन्हें स्पिनरों को खेलने में समस्या आ रही थी। पहले ओर दूसरे टी20 को लेकर उनका ये बहाना चल गया।

## आईसीसी में बड़ा बदलाव: मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने छोड़ा पद

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में चल रहे उथल-पुथल के बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की और कहा कि नए सीईओ की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। आईसीसी में पिछले साल नवंबर से ही प्रशासनिक बदलाव का दौर चल रहा था, जब दो शीर्ष अधिकारियों को हटाया गया था। एलार्डिस का इस्तीफा इसी कड़ी में एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल हुए ट्वेंटी-



20 विश्व कप में गड़बड़ियों के कारण प्रशासन पर सवाल उठे थे। वहीं, आगामी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में भी कई अड़चनें आई हैं, जिससे जवाबदेही के मुद्दे उठाए जा रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों को लेकर विवाद
आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि एलार्डिस ने पद छोड़ने का निर्णय स्वयं लिया है। हालांकि, हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में उनकी भूमिका की जांच

## एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

# सलीमा टेटे बनीं कप्तान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें भारत इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी के खिलाफ मुकाबला करेगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ करेगी। टीम की कमान मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी। अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलन टीम चयन पर भारतीय महिला हॉकी



टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, यह टीम अनुभव और युवा प्रतिभा का अच्छा मिश्रण है, जो टूर्नामेंट में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का सामना करने में मदद करेगा। महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले कुछ युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हमें भरोसा है कि टीम दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करेगी।

**भारतीय महिला हॉकी टीम**

गोलकीपरः सविता, बिचू देवी खारिबाम। डिफेंडरः सुशीला चानू पुखरंबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री। **मिडफील्डरः** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी, बलजीत कौर, शर्मिला देवी।

## राउंड 09 में गुकेश ने मेंडोंका को हराकर बढ़त बनायी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नीदरलैंड के विज्क आन जी में चल रहे टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंका को मात देकर एकमात्र लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। गुकेश, जो हाल ही में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने हैं, ने 43 चालों में अपनी चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, वे 10वें दौर में प्रवेश करने वाले एकमात्र लीडर बने, जिनके पास संभावित नौ में से 6.5 अंक हैं। दूसरी ओर, आर. प्रज्ञानानंद, जो नौवें राउंड में लीडर के रूप में आए थे, स्थानीय दिग्गज अनीश गिरी से हार गए। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और स्लोवेनिया के



टाटा स्टील शतरंज खेलते हुए गुकेश

व्लादिमीर फेडोसेव अब प्रज्ञानानंद से आगे निकल गए, जिससे वे चौथे स्थान पर पहुंच गए। आने वाले मुकाबले और खिलाड़ियों की स्थिति गुकेश के आगामी चार मुकाबलों में दो डच खिलाड़ी, मैक्स वार्मरडैम (2646 रेटिंग) और जॉर्डन वैन फॉरेस्ट (2680) शामिल हैं। इसके अलावा, उन्हें गत विजेता चीन के वेई यी (2751) से भी चुनौती मिलेगी।

## अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में उपविजेता रहे मुरादाबाद के यशपाल अरोड़ा

एजेंसी

**मुरादाबाद :** मुरादाबाद निवासी टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता की डबल्स श्रेणी में उपविजेता का खिताब हासिल किया। 18 जनवरी से 28 जनवरी हरियाणा के झज्जर जिले में (एमटी-400) टेनिस टूर्नामेंट-2025 का आयोजन हुआ था। मुरादाबाद लौटे टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा ने बुधवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में उन्होंने 60 प्लस से अधिक आयु वर्ग में सिंगल एवं डबल्स श्रेणी में भाग लिया। सिंगल्स में चंडीगढ के एसएन वशिष्ठ खिलाड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में उन्हें नंबर एक खिलाड़ी चंद्र भूषण से शानदार मुकाबले में 1-6 और 4-6 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा। वहीं डबल्स में उन्होंने लकपा शेरपा (दार्जलिंग) के



साथ जोड़ी बनाई। क्वार्टर फाइनल में शंकर देव मिश्रा और शिबू मैथ्यूज की जोड़ी को 6- 3 और 6-2 के स्कोर से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद यह जोड़ी फाइनल में पहुंची। फाइनल में मुकाबला शरद टाक एवं अरुण की जोड़ी से हुआ और 3-6 और 3-6 के स्कोर से यशपाल व शेरपा को हार मिली। उन्हें उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। यशपाल ने बताया कि अगला टूर्नामेंट 29 जनवरी से मुंबई में आयोजित हो रहा है।

## हैरी की सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

**राजकोट :** इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक तीसरे टी20 में स्पिनर रवि बिश्नोई का शिकार बने जिसके बाद से ही वह सोशल मीडिया में मजाक का केन्द्र बन गये। इसका कारण है कि हैरी ने भारत आते ही धुंध से हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा था कि इससे उन्हें स्पिनरों को खेलने में समस्या आ रही थी। पहले ओर दूसरे टी20 को लेकर उनका ये बहाना चल गया पर जब तीसरे मैच में भी वह बिश्नोई का शिकार बने तो उनपर मजाकिय मीम्स बनने लगे।
ब्रूक जब से भारत आए हैं, भारतीय स्पिनरों ने उन्हें लगातार परेशान किया है। पहले दो टी20 में वह जहां वरुण चक्रवर्ती की गेंदों पर वह आउट हुए ।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ देवभूमि उत्तराखंड में 38 वीं नेशनल गेम्स प्रारंभ

एजेंसी

**देहरादून :** रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ देहरादून के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम मे राष्ट्रीय खेल प्रारम्भ हो गए। लोगो को स्वस्थ रहने के संकल्प के साथ ये खेल आज से प्रारम्भ हो गए देर रात हुए उद्घाटन समारोह के अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा निर्धारित किये गए संख्या के आधार पर वुशु और शूटिंग के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया।

**मनीष मुंडा ने नीभाई ध्वज वाहक की भूमिका**

**झारखण्ड** के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी मनीष मुंडा ने ध्वज वाहक की भूमिका निभाई।





मनीष मुंडा ने झारखण्ड के लिए कई राष्ट्रीय पदक सहित अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं। उद्घाटन समारोह के अवसर नेशनल गेम्स कोऑर्डिनेशन कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक और चीफ डी मिशन शिवेंद्र दुबे ने भाग लिया । हैंडबॉल ऋषिकेश मे चल रहें बीच हैंडबॉल के इवेंट मे खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया । झारखण्ड के खिलाड़ियों ने तेलंगाना को 40-32 के स्कोर से पराजित किया। वूशु वुशु खिलाड़ी निशांत तिर्की और कविता कुमारी ने अपने अपने ग्रुप में जीत अगले चक्र मे प्रवेश किया।

## हांसी फ्लिक ने स्जेसनी को बार्सिलोना में पहली पसंद का गोलकीपर बनाया

एजेंसी

**मैड्रिड :** एफसी बार्सिलोना के मुख्य कोच हांसी फ्लिक ने मंगलवार को पुष्टि की कि वोइशिएक स्जेसनी अब इनाकी पेना से आगे उनकी पहली पसंद के गोलकीपर बन गए हैं। आर्सेनल, रोमा और जुवेंटस के पूर्व गोलकीपर स्जेसनी अक्टूबर में बार्सिलोना से जुड़े थे, जब मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन घुटने की चोट के कारण बाहर हो गए थे। हालांकि, फिटनेस संबंधी चिंताओं और इनाकी पेना के अच्छे फॉर्म के कारण स्जेसनी का डेब्यू 4 जनवरी को हुआ, जब उन्होंने कोपा डेल रे में बारबास्ट्रो पर बार्सा की 4-0 से जीत में हिस्सा लिया। इसके बाद



उन्होंने स्पेनिश सुपरकप के दोनों मैच खेले, जिसमें बार्सिलोना ने खिताब जीता, हालांकि फाइनल में उन्हें लगभग आधे घंटे शेष रहते बाहर भेज दिया गया। इनाकी पेना ने बेतिस के खिलाफ बार्सा की 2-0 कोपा डेल रे जीत और गेटाफे के खिलाफ 1-1 ला लीगा ड्रॉ में बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन फ्लिक ने चैंपियंस लीग में बेनफिका के खिलाफ स्जेसनी को चुना।

## स्टीव स्मिथ ने पूरे किऐ 10,000 टेस्ट रन

एजेंसी

**गाले :** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को हासिल की। स्मिथ से पहले रिकी पोंटिंग, एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ इस ऐतिहासिक क्लब में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने अपने 115वें टेस्ट में यह मील का पत्थर छुआ, जिससे तेजी से यह आंकड़ा पार करने के मामले में वह ब्रायन लारा के बाद दूसरे स्थान पर हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में स्मिथ जो रूट



(12,972 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की मजबूत शुरूआत**

श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। समाचार लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट के नुकसान पर 239 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा 102 रन और स्टीव स्मिथ 59 रन बनाकर नाबाद हैं। वहीं, ट्रेविस हेड ने 57 रनों की अहम अर्धशतकीय पारी खेली।

## रांची की लगातार तीसरी जीत




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** धनबाद में खेले जा रहे जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 एलीट ग्रुप के आज अपने तीसरे मुकाबले में हजारीबाग को 23 रनों से हरा दिया । पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने विशाल पाण्डेय के शानदार शतक की बदौलत 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 303 रन बनाए । विशाल पाण्डेय ने 110 यश ने 57 अनमोल राज ने 42* रन बनाए अश्वनी ने 3 और राहुल ने 2 विकेट प्राप्त किए । जवाब में हजारीबाग ने 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 280 रन ही बना पाई ।प्रभात कुमार ने शानदार 129 रन की पारी खेली वही कुमार आर्यन ने भी 103 रन बनाए ।रांची के लिए विवेक और अनमोल राज नए 4-4 विकेट लिए ।अनमोल राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# सभी टीमों की घोषणा, रायपुर में 06 फरवरी से होगी भिड़ंत

एजेंसी

लीजेंड 90 लीग

**रायपुर :** रायपुर में 6 से 18 फरवरी तक होने वाली लीजेंड 90 लीग में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों की घोषणा कर दी गई है। इस अनूठे टी-10 प्रारूप की लीग में पूर्व भारतीय दिग्गजों के साथ-साथ विदेशी क्रिकेट सितारे भी खेलते नजर आएंगे। इस रोमांचक टूर्नामेंट में हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, न्यूजीलैंड के रॉस टेलर, ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच, वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे।




**लीग में कुल 7 टीमें हिस्सा लेंगी**

**छत्तीसगढ़** वारियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जॉइंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज और राजस्थान किंग्स। स्टार खिलाड़ियों से सजी टीमें छत्तीसगढ़ वारियर्स में सुरेश रैना, अंबाती रायडू और मार्टिन गुप्टिल जैसे विस्फोटक बल्लेबाज शामिल हैं, तो दिल्ली रॉयल्स में शिखर धवन और रॉस टेलर के अनुभव का फायदा मिलेगा। हरियाणा ग्लेडिएटर्स की कप्तानी फिरकी मास्टर हरभजन सिंह करेंगे, जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का नेतृत्व करेंगे। शाकिब अल हसन दुबई जॉइंट्स के लिए खेलते नजर आएंगे।

**लीग का मकसद और आयोजन**

**लीजेंड** 90 लीग के निदेशक शिवेन शर्मा ने कहा, हम इस रोमांचक और तेज-तर्रार 90 गेंदों वाले टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर उत्साहित हैं। विश्वस्तरीय और घरेलू दिग्गजों के साथ यह लीग क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार होगी।

**टीमों की पूरी सूची**

**दुबई जॉइंट्स**

**शाकिब** अल हसन, थिसारा परेरा, केनर लुईस, केविन ओ ब्रायन, ब्रेंडन टेलर, लियाम प्लंकेट, ड्वेन स्मिथ, एच. मसाकद्जा, रिचर्ड लेवी, ल्यूक फ्लेचर, राहुल यादव, क्रिस्टोफर एम, सिड त्रिवेदी, एस. प्रसन्ना।

**छत्तीसगढ़ वारियर्स**

**सिद्धार्थ** कौल, शेल्डन जैक्सन, पवन नेगी, केवॉन कूपर, सुरेश रैना, विशाल कुशवाहा, मार्टिन गुप्टिल, अभिषेक सकुजा, अंबाती रायुडु, अमित वर्मा, गुरुकीरत सिंह मान, अमित मिश्रा, ऋषि धवन, कलीम खान, उन्मुक्त चंद, मनोज सिंह, अभिमन्यु मिथुन, कॉलिन डी ग्रैंडहोम।

**हरियाणा ग्लेडिएटर्स**

**पवन सुयाल**, प्रवीण गुप्ता, अबू नीशम, अनुरीत सिंह, इमरान खान, असेला गुनारत्ने, इशांक जग्गी, हरभजन सिंह, नागेंद्र चौधरी, रिक्की क्लार्क, पीटर ट्रेगो, चैडविक वाल्टन, मनन शर्मा।

**गुजरात सैम्प आर्मी**

**युसुफ पठान,** मोइन अली, ओबस पिएनार, सौरभ तिवारी, केसरिक विलियम्स, जेसल करिया, मिगुएल कमिंस, चंद्रपॉल हेमराज, शापूर जादरान, मुहम्मद अशरफुल, विलियम पर्किन्स, नवीन स्टीवर्ट, चतुरंगा डी सिल्वा, मौसिफ खान।




नाइजीरिया और आयरलैंड के मुकाबले में किया मैकार्टी ने दो विकेट लिए।

## एक झलक

### मारुति सुजुकी इंडिया को तीसरी तिमाही में 3,727 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नयी दिल्ली** : देश की दिग्गज कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमआईएस) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 3,207 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 38,764 करोड़ रुपये हो गई, जो विगत वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 33,513 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर गुजरात को मोटर वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी में विलय करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

### सैमसंग व ईएमबीआईबीई की साझेदारी से शिक्षा में नया आयाम




**गुरूग्राम/रांची** : भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एआई-आधारित लर्निंग प्लेटफॉर्म ईएमबीआईबीई के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत ईएमबीआईबीई को सैमसंग एजुकेशन हब ऐप में शामिल किया जायेगा, जिससे छात्रों को टीवी पर एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव शैक्षिक अनुभव मिलेगा। यह पहल सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी, कैम्ब्रिज और राज्य बोर्डों के छात्रों के लिए मददगार होगी, साथ ही आइआईटी जेईई और एनईईटी जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता प्रदान करेगी।
ईएमबीआईबीई के इमर्सिव 3डी व्याख्यात्मक वीडियो कठिन विषयों को समझना आसान बनाएंगे, जिससे पढ़ाई अधिक प्रभावी और रोचक होगी। इस संबंध में सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि यह ऐप टीवी को महज मनोरंजन का साधन न रहने देकर शिक्षा के प्रभावी प्लेटफॉर्म में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सैमसंग का विजन सीमाहीन शिक्षा प्रदान करना है। ईएमबीआईबीई की सीईओ अदिति अवस्थी ने इस साझेदारी को शिक्षा में नवाचार का नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि सैमसंग और ईएमबीआईबीई ने मल्टी-मॉडल इंटरएक्टिव कंटेंट और एआई-आधारित व्यक्तिगत अनुभव को एक मंच पर लाकर शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया है।

# बढ़त के साथ बंद हुआ सेंसेक्स व निफ्टी



**नयी दिल्ली** : मजबूत ग्लोबल संकेतों और आईटी सेक्टर में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। इंडेक्स शेयरों के अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी आज जोरदार तेजी का रुख बना रहा, जिसके कारण निवेशकों को एक दिन में ही करीब 8 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि, शुरूआती कारोबार में मुनाफा वसूली का दबाव बनने के कारण कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, एफएमसीजी सेक्टर में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 3.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 8 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 416.94 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 409 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.94 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,082 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,979 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,009 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 94 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,558 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,152 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 406 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

## गैलेक्सी एस25 सैमसंग का सबसे बेहतरीन स्मार्टफोन: टीएम रोह



**रांची** : सैमसंग कंपनी के अध्यक्ष और मोबाइल एक्सपीरियंस डिवीजन के हेड टीएम रोह ने कहा कि गैलेक्सी एस25 सैमसंग का अब तक का सबसे अच्छा तैयार प्रोडक्ट है। उन्होंने आगे कहा कि गैलेक्सी एस25 सबसे पतला और सबसे टिकाऊ स्मार्टफोन है, जो बेजोड़ कैमरा और बैटरी हार्डवेयर के साथ आता है। ये गैलेक्सी के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला कस्टमाइज्ड प्रोसेसर भी दिया गया। हमारी एस सीरीज के पहले से ही बेहतरीन कैमरे को गैलेक्सी एआई के साथ और भी बेहतर बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप एआई-संचालित इमेज क्वालिटी और इमेज एडिटिंग सुविधाएं मिलती हैं। भारतीय उपभोक्ता अनूठी सुविधाओं के प्रति काफी ज्यादा उत्सुक रहते हैं, और भारत में एआई फीचर्स का इस्तेमाल ग्लोबल औसत से अधिक है। यही कारण है कि गैलेक्सी एस25 में नए एआई फीचर्स को शुरू से ही हिंदी भाषा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकसित किया गया है। श्री रोह ने कहा कि गैलेक्सी एस25 में, गूगल जेमिनी लाइव कोरियाई, अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए हम गैलेक्सी एस25 जेमिनी लाइव के लिए इन तीन भाषाओं से शुरूआत कर रहे हैं, और फिर हम अन्य भाषाओं में भी इसका विस्तार करेंगे। इसलिए एक बार फिर, आप हमारे लिए भारतीय बाजार के महत्व को समझ सकते हैं। रोह ने कहा कि सैमसंग नॉक्स वॉल्ट के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी और सुरक्षित और विश्वसनीय एआई उपयोग के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा प्रदान करता है, ताकि उपभोक्ताओं को अपनी गोपनीयता के बारे में चिंता न करनी पड़े।

## शक्ति पंप्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा




**रांची** : शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, ₹मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रोंग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की ₹मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम₹ के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। इस विविधता की वजह से, कंपनी को अपने भविष्य के विकास पर पूरा भरोसा है। सोलर रूफटॉप एक शानदार अवसर है, जिसे सरकार की 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' जैसी पहल से बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के लिए सरकार ने 75000 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट तय किया है। सरकार किसानों की भलाई और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी को खेती से जोड़ने पर जोर दे रही है। इस पहल से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि उनके ऊर्जा जरूरतों को पूरा करके उनके खर्च भी कम होंगे। साथ ही, यह कदम देश के सस्टेनेबल डेवलपमेंट (स्थिरता के लक्ष्यों) को हासिल करने में मदद करेगा।

## भारत के ऊर्जा क्षेत्र में स्टार्टअप्स की नयी क्रांति

**मुंबई** : भारत में ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार और स्टार्टअप्स मिलकर एक नई दिशा में काम कर रहे हैं। 'एनर्जाइज इंडिया' जैसे कार्यक्रम न सिर्फ नए विचारों को प्रोत्साहन देते हैं, बल्कि देश के ऊर्जा भविष्य को और भी मजबूत बनाते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने ओएनजीसी मुख्यालय में 'एनर्जाइज इंडिया' कॉन्क्लेव के दौरान अविन्या'25 और वसुधा स्टार्टअप चैलेंज के विजेताओं की घोषणा की। भारत की प्रमुख ऊर्जा स्टार्टअप प्रतियोगिता, अविन्या'25 के विजेता उजानीवासी प्राइवेट लिमिटेड थे। उपविजेता ब्रीथ ईएसजी प्राइवेट लिमिटेड, एग्रीविजय, एपीरो एनर्जी और यूग्रीन टेक्नोलॉजी थे। अपस्ट्रीम तेल एवं गैस क्षेत्र में वैश्विक स्टार्टअप चैलेंज, वसुधा के लिए विजेता लैटिन एनर्जी पार्टनर्स आई.एन.सी., पैराग्वे था तथा उपविजेता अल्ट्रासाउंड प्रोसेस कंसल्टिंग एलएलसी, यूएसए था।

## ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी ने रांची के बरियातू में खोला नया स्टोर




**रांची** : बरियातू क्षेत्र में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी ने अपने नए स्टोर का शुभारम्भ किया। ई-मेडिक्स, जो भारत में आधुनिक और डिजिटल फामेर्सी सेवाओं का विस्तार कर रही है, ने इस नये स्टोर के साथ झारखंड में अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया है। स्टोर का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार बैद्य के करकमलों द्वारा किया गया। इस नए स्टोर के फ्रेंचाइजी मालिक डॉ. प्रदीप हैं, जिन्होंने ई-मेडिक्स के साथ मिलकर इस पहल को आगे बढ़ाया है। इस उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रमोद, रामाशीष सिंह, डॉ. प्रभात रंजन, डॉ. प्रवीण प्रसाद और डॉ. रिया शामिल थे। ई-मेडिक्स के सीओओ और डायरेक्टर दानिश अशरफ ने इस अवसर पर कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भारत के विभिन्न हिस्सों में किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएं। ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी केवल एक दवा स्टोर नहीं, बल्कि एक संपूर्ण हेल्थकेयर समाधान है, जहां मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं, परामर्श सेवाएं और डिजिटल मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी। यह स्टोर बरियातू के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा को और अधिक सुलभ बनायेगा। ई-मेडिक्स स्मार्ट फामेर्सी, जो 2015 में स्थापित हुई थी, आज बिहार, झारखंड और ओडिशा में अपनी तेजी से बढ़ती उपस्थिति के लिए जानी जाती है। यह कंपनी फ्रेंचाइजी मॉडल के तहत अपने विस्तार को गति दे रही है, जिससे अधिक से अधिक उद्यमी हेल्थकेयर व्यवसाय से जुड़ सकें।

# ईईएसएल की पहल का झारखंड के छोटे शहरों में दिखा शानदार असर

**रांची** : झारखंड के लोग ऊर्जा-दक्ष प्रकाश व्यवस्था अपनाने में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनकर उभरे हैं। राज्य ने इस मामले में महाराष्ट्र, तमिलनाडु और दिल्ली जैसे प्रमुख राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) की ओर से शुरू किए गए ई-मार्केटप्लेस ईईएसएलमार्ट डॉट इन के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड के उपभोक्ताओं ने अन्य राज्यों की तुलना में 5-स्टार 6-वाट बल्ब अपनाने में शानदार प्रदर्शन किया है। ईईएसएलमार्ट डॉट इन पर उपलब्ध 5-स्टार 6-वॉट का बल्ब केवल 6 वॉट बिजली की खपत करता है, जो एक नाइट लैंप की ऊर्जा खपत के बराबर है। बावजूद इसके यह 9 से 10 वॉट के एलईडी बल्ब के बराबर रोशनी प्रदान करता है। ईईएसएलमार्ट डॉट इन के आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा के नागरिकों ने ऊर्जा-कुशल 6-वाट बल्ब को अपनाने में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि महाराष्ट्र थोड़े से अंतर की वजह से तीसरे स्थान पर रहा। आश्चर्य की बात है कि बड़े महानगरों वाले राज्य महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु इस मामले में पिछड़ गए। झारखंड में कोडरमा, सरायकेला और साहिबगंज जैसे शहरों ने अग्रणी भूमिका निभाई है और देश के शीर्ष-10 में राज्य को जगह दिलाने में योगदान दिया है।
इस उपलब्धि के बारे में, ईईएसएल के सीईओ विशाल कपूर ने कहा, 'ऊर्जा दक्ष उत्पादों की बढ़ती मांग यह दिखाती है कि नागरिकों में पर्यावरण अनुकूल समाधान को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। हम सभी राज्यों के उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे ऊर्जा दक्ष उत्पाद अपनाएं और हरित भविष्य की ओर बढ़ें। यह उपलब्धि हमें प्रेरित करती है कि हम हर भारतीय परिवार को किफायती और नवीन ऊर्जा दक्ष समाधान प्रदान करते रहें।'

## वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में किया प्रवेश




**रांची** : सिम्फनी लिमिटेड ने वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में प्रवेश किया है। कंपनी ने 9-लेयर पुरोपॉड टेक्नोलॉजी के साथ वॉटर हीटर की एक श्रृंखला लॉन्च की है जो कठोर पानी को नरम पानी में परिवर्तित करने के साथ हानिकारक रसायनों एवं असुद्धिओ को फिल्टर करती है, जो बालों के झड़ने के मुख्य कारणों में से एक है। कंपनी ने वॉटर हीटर सेगमेंट में 3 मॉडल - 9 एसकेयू - सिम्फनी स्पा, सिम्फनी सौना और सिम्फनी सोल 10-लीटर, 15-लीटर और 25-लीटर क्षमता में लॉन्च किए हैं। फाइव स्टार रेटेड वॉटर हीटर की रेंज सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक, हेवी-ड्यूटी हीटिंग तत्व, बेहतर स्थायित्व के लिए टाइटेनियम प्रो कोटिंग, लंबी उम्र के लिए मैग्नीशियम रॉड और व्यापक सुरक्षा सुविधाओं के साथ आती है। इस संबंध में सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अचल बकेरी ने कहा कि सिम्फनी में, हम कल के बारे में सोचते हैं। हमारी इस सोच से प्रेरित होकर, हमने ग्राहकों के सुझाओ को एकत्र करने के बाद इस अद्वितीय गीजर रेंज को को विकसित किया है। यह गीजर स्नान करते समय भी बालों और त्वचा पर कठोर पानी के प्रभाव के साथ-साथ एडवांस्ड फिल्ट्रेशन और एआई-सक्षम, स्प्लैश-प्रूफ वायरलेस के साथ कंट्रोलर सहज संचालन सुनिश्चित करते हैं। कंपनी के ग्रुप सीईओ, अमित कुमार, ने कहा कि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग आधुनिक विलासिता चाहता है और हम सिम्फनी स्पा गीजर पेश करने के लिए उत्साहित हैं।

# राजधानी फूड्स ने भारतीय पाक परम्पराओं का जश्न मनाने के लिए करण जौहर व अनन्या पांडे को जोड़ा



**जमशेदपुर** : जब बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस जोड़ी रसोई में कदम रखती है, तो क्या होता है? जादू, बिल्कुल! राजधानी फूड्स ने एक नई ऊर्जा पैदा की है, करण जौहर, जो कहानी कहने के बादशाह हैं, और अनन्या पांडे, जेन-जी की सेंसेशन, को अपने प्रतिष्ठित राजधानी बेसन को प्रमोट करने के लिए साथ लाकर। फैशन और लाइफस्टाइल में अपनी चमकदार पहचान के लिए पहचाने जाने वाले ये सितारे, इस बार एक आम भारतीय रसोई की कहानी को ताजगी भरे अंदाज में पेश कर रहे हैं।
यह नया कैंपेन एक दृश्यात्मक आनंद है।
एक व्यस्त फिल्म सेट पर शूट किया गया यह विज्ञापन करण जौहर को अनन्या पांडे को एक सीन डायरेक्ट करते हुए दिखाता है। सीन खत्म होते ही जौहर ब्रेक की घोषणा करते हैं, लेकिन एक खास डिमांड के साथः पकोड़े! इस पर अनन्या, अपनी चिर-परिचित मजाकिया और रिलेटेबल शैली में पूछती हैं कि बारिश कहां है—जो कि पकोड़ों का असली मजा बढ़ाने के लिए जरूरी है। और फिर, सच्चे बॉलीवुड अंदाज में, जौहर सेट पर कृत्रिम बारिश कराते हैं। दोनों सितारे राजधानी बेसन से बने स्वादिष्ट पकोड़ों का आनंद लेते हैं। यह विज्ञापन नॉस्टेल्जिया, ह्यूमर और स्टार पावर का दिलचस्प मेल है, जो हर पीढ़ी के दर्शकों से जुड़ता है।
1966 से, राजधानी फूड्स गुणवत्ता, विश्वास और परंपरा का प्रतीक रहा है।
एक साधारण बेसन पीसने के व्यवसाय के रूप में शुरू हुआ राजधानी फूड्स, आज एक प्रसिद्ध घरेलू ब्रांड बन चुका है। इसमें बेसन से लेकर सत्तू, मखाना, साबूदाना, मूंगफली और फाइबर-युक्त नाश्ते के उत्पादों तक का एक व्यापक संग्रह शामिल है।
राजधानी बेसन के मैनेजिंग डायरेक्टर चेतन जैन ने इस कैंपेन पर बात करते हुए कहाः दशकों से, राजधानी बेसन कई पारिवारिक पलों का गुप्त तत्व रहा है—चाहे वह बारिश की शाम को कुरकुरे पकोड़े हों या त्योहारों के दौरान बेसन लड्डू। करण जौहर और अनन्या पांडे के साथ यह साझेदारी हमें इन पलों को आधुनिक दर्शकों के लिए नए सिरे से पेश करने में मदद करती है, जबकि हमारी शाश्वत विरासत का जश्न मनाती है।
यह सहयोग सिर्फ एक उत्पाद को प्रमोट करने के लिए नहीं है, बल्कि भारत की भावना का जश्न मनाने के लिए है।
बारिश में भीगी गलियों में पकोड़ों का आनंद लेने से लेकर त्योहारों की तैयारी में हंसते-खेलते रसोई तक, राजधानी बेसन हर जगह का हिस्सा है। करण और अनन्या के साथ यह अभियान इन पलों को जोश, ऊर्जा और बॉलीवुड ड्रामा के साथ कैद करता है।
यह विज्ञापन हमें याद दिलाता है कि कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं—जैसे दोस्तों और परिवार के साथ गरमागरम पकोड़ों का आनंद लेना। बॉलीवुड की चमक के साथ, राजधानी फूड्स इस अनुभव को और भी खास बना रहा है।

## पेज एक के शेष

**महाकुम्भ में भगदड़...30 की मौत...**

बेकाबू हो गयी।' महंत रवीन्द्र पुरी ने पत्रकारों को बताया, 'सभी संत महात्माओं के लिए सिंहासन लगा था और नागा संन्यासियों सहित सभी संत महात्मा स्नान के लिए तैयार थे। जब हमें सुनने में आया कि कोई घटना घटी है, तब हमने जनहित में यह निर्णय किया कि हम आज मौनी अमावस्या का स्नान नहीं करेंगे।'
उन्होंने बताया, 'हमने मोबाइल में देखा कि ऐसा हादसा हुआ है। अधिकारियों से भी हमें इस बारे में बता चला। हमारे सभी अखाड़ों ने यह निर्णय किया है कि हम मौनी अमावस्या का स्नान नहीं करेंगे।' महंत रवीन्द्र पुरी ने कहा, 'हमारा अगला स्नान बसंत पंचमी को होगा। आप देख रहे होंगे कि चारों दिशाओं से देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचे हुए हैं। इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करना बहुत बड़ी बात है। सभी साधु-संतों को जनहित के लिए निर्णय लेना पड़ेगा। वहीं, श्रद्धालु संयम बनाये रखें और जिन लोगों ने स्नान कर लिया है, वे अपने गंतव्यों को वापस लौटें।' कुम्भ मेला की परम्परा के मुताबिक, संन्यासी, बैरागी और उदासीन अखाड़े भव्य जुलूस के साथ संगम तट पर पहुंच कर एक तय क्रम में अमृत स्नान करते हैं, जिसमें क्रम में पहले स्थान पर पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी अमृत स्नान करता है। इससे पूर्व, मेला प्रशासन ने मंगलवार को ही श्रद्धालुओं के लिए परामर्श जारी किया था।
इसी दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कुम्भ) राजेश द्विवेदी ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि सभी घाट संगम घाट हैं और वे जिस घाट पर पहुंच जायें, वहीं स्नान करें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अफवाहों से बचने की अपील की। उल्लेखनीय है कि मौनी अमावस्या से एक दिन पूर्व मंगलवार को रात आठ बजे तक 04.83 करोड़ लोगों ने स्नान किया, जबकि इससे पूर्व मकर संक्रांति पर 03.5 करोड़ और पौष पूर्णिमा पर 01.07 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगायी थी। महाकुम्भ में बुधवार तड़के भगदड़ मचने की घटना के बाद अखाड़ा परिषद के प्रमुख महंत रवीन्द्र पुरी ने कहा कि संगम घाट पर 'अत्यधिक भीड़भाड़' के कारण स्थगित किये गये सभी अखाड़ों के पारम्परिक स्नान अनुष्ठान अब भीड़ का दबाव कम हो जाने के कारण सम्पन्न किये जायेंगे। महंत रवीन्द्र पुरी ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि अब भीड़ कम हो रही है और हम मेला प्रशासन से बातचीत कर रहे हैं। अगर भीड़ कम हो रही है, तो हम स्नान करना चाहेंगे।' उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले कहा था कि 'स्नान अनुष्ठान को संदर्भित किया गया है। यह दशार्ता है कि अखाड़ों का स्नान अनुष्ठान रद्द नहीं किया गया है जैसा कि पहले माना जाता था।'
योग गुरु स्वामी रामदेव ने बुधवार को कहा कि मौनी अमावस्या महास्नान पर्व पर संगम तट पर हुआ हादसा दुःखद है और इसीलिये उन्होने आज सांकेतिक स्नान किया है। स्वामी रामदेव ने पत्रकारों से कहा 'हादसे में दिवंगतों की आत्माओं को मोक्ष और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ हमने आज इस पवित्र तीर्थ में स्नान किया है। कुम्भ का पारमार्थिक अर्थ बहुत ऊंचा है। इसलिए आज हमने जूना पीठाधीश्वर के सानिध्य में सारे विश्व और राष्ट्र के कल्याण की कामना के साथ सांकेतिक रुप में स्नान किया है, जो कि आज बड़ी दुखद घटना हो गयी। इसलिए इसे महोत्सव का रूप नहीं दिया है, बल्कि एक अनुष्ठान के रुप में सम्पन्न किया है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुम्भ में भगदड़ जैसी घटना के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की और तत्काल सहायता उपाय करने को कहा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और अब तक आदित्यनाथ से दो बार बात कर चुके हैं। एक अधिकारी ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने कुम्भ मेले में स्थिति के बारे में योगी जी से बात की, घटनाक्रम की समीक्षा की और तत्काल सहायता उपाय करने को कहा।'

**राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुम्भ हादसे पर जताया शोक...**

करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों।'
प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रयागराज महाकुम्भ में हुआ हादसा अत्यन्त दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसम्भव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के सम्पर्क में हूं।'

**देश और दुनिया में हमारी बेटियों ने अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया...**

बनाने के लिए राज्य सरकार खेल नीति के तहत 35-35 लाख रुपये उपलब्ध करायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय के साथ भले हमारी ये स्टार बेटियां आर्थिक रूप से मजबूत हुई हों, परंतु संघर्ष के दिनों में जब मैं इनके गांव-घर पहुंचा था, तब इनकी आर्थिक स्थिति को देखा था, उसी समय किया गया वादा आज मैं पूरा कर रहा हूं। आज हमारी इन बेटियों को मिल रहा सम्मान राज्य की अन्य बेटियों एवं युवा वर्ग के लिए आशा और अवसर का प्रतीक बनेगा। इनसे प्रेरित होकर राज्य के अन्य खिलाड़ी अपने हुनर और प्रदर्शन को बेहतर करने का काम करेंगे।

**राज्य की पहचान सिर्फ खनिज सम्पदा से नहीं, बल्कि बेहतरीन खिलाड़ियों से भी है**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने कहा, 'यह बात सही है कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य विभिन्न चुनौतियों से गुजरा, लेकिन अब इस राज्य को हमारी सरकार एक बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ा रही है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'पहले झारखंड सिर्फ खनिज सम्पदाओं के लिए ही पहचाना जाता था, लेकिन हमारा मानना है कि हमारी पहचान सिर्फ खनिज सम्पदाएं नहीं, बल्कि एक बेहतर मानव संसाधन एवं स्टार खिलाड़ियों के रूप में भी हो, यही कारण हमारी सरकार ने यहां के युवाओं और खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए कई महत्त्वपूर्ण नीतियों का निर्धारण किया है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस कार्यक्रम में अभी राज्य की स्टार हॉकी प्लेयर सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान के संघर्षों से सफलता की कहानी ऑडियो -विजुअल के माध्यम से दिखायी गयी, जिसमें हमारी भी कुछ तस्वीरें हैं। हमारी ये तस्वीरें उस समय की हैं, जब हम सरकार में नहीं थे। इन बेटियों से हमारी मुलाकात तब हुई थी, जब ये भी अपनी मंजिल को हासिल करने के लिए मेहनत और संघर्ष कर रही थीं और मैं भी अपनी मंजिल को पाने के लिए संघर्ष और मेहनत कर रहा था। समय के साथ हम सभी अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहे और आज अपनी-अपनी मंजिल पर पहुंचे हैं।'

**मेहनत हमेशा रंग लाती है**

मुख्यमंत्री ने कहा, 'बड़े - बुजुर्गों ने हमें यह सिखाया है कि मेहनत हमेशा रंग लाती है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता है।' मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं से अपील की, कि 'अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरन्तर परिश्रम, त्याग और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है ; तभी सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा जा सकता है। आप सभी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, एक निर्धारित लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें, हमारी सरकार सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी।'

**हमारी सरकार ने बेहतर खेल पॉलिसी बनायी**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने कहा, 'झारखंड के खिलाड़ियों ने विगत कई वर्षों से अपने प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन किया है। हमारी सरकार ने राज्य में एक बेहतर खेल पॉलिसी बनाकर खिलाड़ियों को हर सम्भव मदद और प्रोत्साहित कर रही है। कई राज्य अपने सीमित संसाधनों की वजह से जाना जाता है, इन्हीं सीमित संसाधनों से संघर्ष के रास्ते इन राज्यों ने अपनी अलग पहचान भी बनायी है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'ईश्वर ने झारखंड की भूमि को खनिज सम्पदाओं से नवाजा है, पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से यहां खनिज सम्पदाओं पर काम किया जा रहा है। लेकिन, विडम्बना यह है कि इन खनिज सम्पदाओं का विशेष लाभ राज्यवासियों को नहीं मिला पाया।'

**सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

**इस** अवसर पर सुश्री सलीमा टेटे एवं सुश्री निक्की प्रधान ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। सुश्री सलीमा टेटे ने कहा, 'आज बहुत अच्छा लग रहा है। मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था, आज उन्होंने पूरा किया। सुश्री सलीमा टेटे ने कहा कोई भी काम दिल से करने पर मंजिल एक दिन जरूर मिलती है। हाल के दिनों में रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग का सफल आयोजन हुआ था। मुख्यमंत्री जी भी मैच देखने के लिए पधारे थे और काफी खुश थे। मुख्यमंत्री जी, आप इसी तरह हमेशा मुस्कुराते रहिए और हम जैसे खिलाड़ियों को सपोर्ट करते रहिए। आपका धन्यवाद !' मौके पर सुश्री निक्की प्रधान ने कहा कि वर्ष 2021 में मेरा पहला ओलंपिक पार्टिसिपेशन के बाद जब हम रांची पहुंचे थे तब मुख्यमंत्री जी ने इसी सभागार में जमीन देने का वादा किया था। आज उन्होंने अपना वादा पूरा किया। अब मेरा रांची में अपना घर होने का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री जी को तहे दिल से धन्यवाद! इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथिगणों द्वारा दोनों खिलाड़ियों के कोच, माता-पिता सहित अन्य परिजनों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक राजेश कच्छप, विधायक भूषण बाड़ा, मुख्य सचिव अलका तिवारी, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

**सीएनटी एक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में मतियस विजय टोप्पो बर्खास्त...**

वाद संख्या 190/2024 राज कुमार राम बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य के क्रम में राज कुमार राम, सेवानिवृत्त पदचर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिये जाने की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर वाद डब्लूपीएस नंबर 7081/2023 विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के आलोक में विजय कुमार ठाकुर, सेवानिवृत्त को वरीय अनुदेशक (तदर्थ रूप से नियुक्त), हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केन्द्र, जमशेदपुर की सेवा नियमित करते हुए पेंशनादि लाभों की मंजूरी दी गयी। इसी प्रकार निर्माण कार्य श्रेणी की गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) दर में वृद्धि (12.00 प्रतिशत के स्थान पर 18.00 प्रतिशत) के परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कार्य संविदाओं में भुगतान-अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गयी। उन्होंने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करनेवाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ₹झारखंड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना लागू करने की मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय, डब्लूएस नंबर 4074/2016, रश्मि प्रसाद बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा डब्लूपीएस नम्बर 4418/2016, दीपक कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य वाद में 23 जनवरी 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में वादी की स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान में नियुक्ति के अनुमोदन के लिए गैर-सरकारी सहायता प्राप्त भाषाई अल्पसंख्यक विद्यालय, श्री डोरण्डा बालिका उच्च विद्यालय, में सहायक शिक्षकों के दो छाया पद, 26 फरवरी, 2009 से 31 दिसम्बर, 2017 तक की अवधि के लिए सृजन की स्वीकृति दी गयी।

# बवाना की चुनावी रैली में गरजे राहुल, पूछा- केजरीवाल आरक्षण और जातिगत जनगणना पर रुख साफ करें

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली की जनता से झूठे वादे करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यमुना की सफाई और दिल्लीवासियों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने का केजरीवाल का पांच साल पुराना वादा तो पूरा नहीं हुआ लेकिन अब चुनावी बेला में वह एक बार फिर मतदाताओं को नए सब्जबाग दिखा रहे हैं। उन्होंने केजरीवाल को दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों और आरक्षण के खिलाफ बताया। राहुल ने कहा कि केजरीवाल स्पष्ट करें कि वह जातिगत जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को खत्म करने के पक्षधर हैं या नहीं? राहुल गांधी बुधवार को बवाना से कांग्रेस उम्मीदवार सुरेंद्र कुमार के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पीने के पानी की समस्या है। लोगों के घरों में सप्लाई का गंदा पानी मिलता है, इसलिए साफ पानी खरीदकर पीना पड़ता है। राहुल ने कहा कि पांच साल पहले केजरीवाल ने वादा किया था कि यमुना को साफ करेंगे। यमुना में नहाएंगे और यमुना का पानी पीएंगे लेकिन आज तक यह नहीं हो सका है। केजरीवाल करोड़ों रुपये के शीशमहल में रहते हैं और स्वच्छ पानी पीते हैं। केजरीवाल के शासन में दिल्ली में सबसे बड़ा करोड़ों रुपये का शराब घोटाला हुआ।



राहुल ने कहा, 'केजरीवाल मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आप दिल्ली की जनता को गंदा पानी पिलाते हो, आप आज जाकर यमुना का पानी पीकर दिखाओ। अगर पी लिया तो अस्पताल पहुंच जाओगे, हम वहां आपसे मिलेंगे।₹ कांग्रेस नेता ने शीला दीक्षित के मुख्यमंत्रित्वकाल के दौरान किए गए विभिन्न विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि हम झूठे वादे नहीं करते हैं। हमने तेलंगाना और कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के समय जो बोला था, वो वहां पर कांग्रेस सरकार बनने पर किया गया। दिल्ली में हमने महिलाओं को नकद पैसा बैंक खाते में देने का वादा किया है तो वो कांग्रेस सरकार बनने पर उन्हें जरूर मिलेगा। राहुल गांधी आज केजरीवाल के साथ ही भाजपा पर भी हमलावर रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 20-25 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। सरकारी अस्पताल, विश्वविद्यालयों और कालेजों का निजीकरण कर दिया। नतीजतन, मोदी और केजरीवाल के राज में आज देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। लोगों को भारी भरकम फीस देकर डिग्री मिल जाएगी लेकिन नौकरी नहीं मिलेगी। उन्होंने दिल्ली रेलवे स्टेशन का एक किस्सा सुनाया, जहां उनकी मुलाकात एक कुली से हुई और बातचीत के दौरान उसने बताया कि वह सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद नौकरी नहीं मिलने पर जीविकोपार्जन के लिए मजबूरी में यह काम कर रहा है। राहुल ने देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत होने लेकिन भागीदारी नगण्य होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली में आएगी तो जाति जनगणना कराएगी। आरक्षण की 50 प्रतिशत की दीवार को भी हम खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, ₹केजरीवाल बताएं कि क्या वह आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाना चाहते हैं कि नहीं? वह जाति जनगणना करवाएंगे कि नहीं? मोदी की तरह केजरीवाल भी आरक्षण पर गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हैं, क्योंकि दिल्ली हिंसा के समय वो आपकी मदद करने नहीं आए।' रैली में मंच से संविधान की किताब दिखाते हुए राहुल ने कहा कि मुझे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। मैं किसी से नहीं डरता, क्योंकि मैं संविधान को बचाने की बात करता हूं।

## एक झलक

### फिर क्रैश हुआ एफ-35 फाइटर जेट

**वॉशिंगटन :** दुनिया की सबसे ताकतवर अमेरिकी वायुसेना का सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट एफ-35 अलास्का में क्रैश हो गया। यह सिंगल सीट वाला एफ-35 फाइटर जेट था। लेकिन इस हादसे में पायलट की जान बच गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक 354वें फाइटर विंग के कमांडर कर्नल पॉल टाउनसेंड ने बताया कि पायलट को उड़ान के दौरान जेट में तकनीक खराबी का सामना करना पड़ा, लेकिन वह सुरक्षित तरीके से जेट से बाहर निकल आए। इसके बाद क्रैश ईल्सन एयर फोर्स बेस पर लैंडिंग के दौरान हुआ। उड़ान के दौरान पायलट ने इमरजेंसी की घोषणा की थी। दुर्घटना के बाद पायलट को स्थिर स्थिति में पाया।

### बांग्लादेश में रेल हड़ताल खत्म

**ढाका :** बांग्लादेश में रेल हड़ताल से मचे हाहाकार के बीच मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार घुटनों पर आ गई। रनिंग कर्मचारियों ने प्रमुख मांग पूरी होने के बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। ट्रेनों का संचालन आज तड़के फिर से शुरू हो गया। बांग्लादेश के समाचार पत्र प्रोथोम अलो के अनुसार, कमलापुर के स्टेशन मास्टर एमडी अनवर हुसैन ने कहा कि ट्रेनों की आवाजाही सुबह 4:40 बजे शुरू हो गई। देशभर के अन्य स्टेशनों से भी ट्रेनें रवाना हुईं। रनिंग स्टाफ सोमवार आधी रात (12 बजे से) हड़ताल पर चला गया था। इस दौरान कई जगह ड्राइवर ट्रेन छोड़कर भाग गए थे।

### नेपाल के पूर्व राजा परिवार सहित 3 को महाकुंभ में लगाएंगे डुबकी

**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह अपने परिवार सहित 3 फरवरी को वसंत पंचमी के अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंचेंगे। पूर्व राजा के संवाद सचिव फणींद्र पाठक ने बताया कि पूर्व राजपरिवार प्रयागराज जाने के लिए गुरुवार को काठमांडू से रवाना होगा। सड़क मार्ग से सुनौली होते हुए पहले गोरखपुर जाने का कार्यक्रम है। यहां गोरखनाथ मंदिर में पूर्व राजा और उनका परिवार विशेष पूजा में हिस्सा लेगा। गुरुवार को गोरखपुर में ही रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार को वहां से अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करने का कार्यक्रम है।

## दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र

# महिलाओं को 2500 व रसोई गैस 500 रुपये में देने का वादा

### दिल्ली में जाति जनगणना कराने का भी किया वादा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, गरीब परिवार की एक महिला को प्रत्येक माह 2500 रुपये, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में और सभी को सस्ते एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए 100 इंदिरा कैंटीन खोलने का वादा किया गया है।

घोषणा पत्र में पार्टी ने पांच गारंटी दी हैं। इसमें प्यारी दीदी योजना के तहत प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक मदद, जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ़्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज, युवा उड़ान योजना के तहत बेरोजगार युवक को एक साल तक प्रतिमाह 8,500 रुपये का स्टाइपेंड, महंगाई मुक्ति योजना के तहत 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ़्त राशन किट और घरों में 300 यूनिट मुफ़्त बिजली देने का भी वादा किया है।



घोषणा पत्र में वादा किया गया है कि दिल्ली में ठेका नौकरियां खत्म कर सभी नौकरियों को नियमित किया जाएगा। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर और वंचित लोगों के लिए नई पेंशन योजना शुरू कर प्रतिमाह 5 हजार रुपये दिए जाएंगे। वर्तमान में ऐसे लोगों को पेंशन के तौर पर 2,500 रुपये दिए जाते हैं। विधवाओं की बेटियों को शादी के लिए शगुन के तौर पर हम 1.1 लाख रुपये देंगे। दिल्ली भर में 100 इंदिरा कैंटीन स्थापित की जाएंगी। इन कैंटीनों में एक प्लेट भोजन की कीमत 5 रुपये होगी। 7.5 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को अच्छे अवसर दिए जाएंगे। दिल्ली में जाति जनगणना कराई जाएगी।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि आज 'गारंटी' शब्द सभी पार्टी इस्तेमाल कर रही हैं, लेकिन इस शब्द का इस्तेमाल कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में किया था। उन्होंने कहा कि हम जनता तक ये संदेश देना चाहते थे कि कांग्रेस जो कहती है, वो कर दिखाती है।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए कांग्रेस एक कानून गारंटी के रूप में लाई थी, जो पास हुआ था और उसका नाम 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' था। गारंटी का मतलब- ये जनता का एक अधिकार है। अगर उनसे किए गए वादे पूरे नहीं किए जाएं तो वे कानूनी रास्ता भी अपना सकते हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस ने दिल्ली के लिए 5 गारंटी दी हैं।

जयराम ने कहा कि दिल्ली में आज व्यापार करने में आसानी नहीं, सांस लेने में आसानी महत्व रखता है। प्रदूषण और संदूषण के मामले में दिल्ली सर्वोपरि है। ये भाजपा और आआपा सरकार की नीतियों का नतीजा है। इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए था, लेकिन उन्होंने नहीं लिया। उन्होंने कहा कि जब शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री थीं, तब यमुना एक्शन प्लान की शुरूआत हुई थी।

# प्रयागराज स्टेशन से 360 ट्रेनों का संचालन कर रहा है भारतीय रेलवे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे माघ मेले के दौरान माघी अमावस्या पर प्रयागराज स्टेशन से 360 ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इसमें 190 विशेष ट्रेनें, 110 नियमित ट्रेनें और 50-60 मेमू ट्रेनें शामिल हैं।




रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि रेलवे ने माघ अमावस्या, जो महाकुम्भ 2025 का सबसे शुभ दिन है, के लिए तीर्थयात्रियों की अभूतपूर्व संख्या को सम्भालने के लिए ट्रेन सेवाओं को बढ़ाने का ऐतिहासिक कदम उठाया है।

भारतीय रेलवे ने प्रयागराज में महाकुम्भ मेले के लिए 5000 करोड़ रुपये की लागत से बुनियादी ढांचे का विकास किया है, जिसमें नये रोड अंडर ब्रिज (RUBs) और रोड ओवर ब्रिज (ROBs), ट्रैक डबलिंग और स्टेशन अपग्रेड शामिल हैं। इन उन्नयनों ने रेलवे लाइनों को सुगम बनाया और रिकॉर्ड-तोड़ ट्रेन संचालन सम्भव किया।

श्री कुमार ने यह भी बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयागराज के हर स्टेशन पर नये शौचालय, पेयजल और फूड कोर्ट बनाये गये हैं। आपात स्थिति के लिए फर्स्ट एड बूथ और मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम की व्यवस्था भी की गयी है। प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज छिवकी में यात्रियों की सुविधा के लिए 'यात्री सुविधा केंद्र' स्थापित किये गये हैं, जहां व्हीलचेयर, लगेज ट्रॉली, होटल और टैक्सी बुकिंग, दवाइयां और शिशु दूध जैसी आवश्यक चीजें उपलब्ध हैं।

भीड़ प्रबंधन के लिए रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया है। विशेष आरपीएफ टीम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है।

### रेल मंत्री ने प्रयागराज से चलनेवाली ट्रेनों का लिया जायजा



**रेल मंत्री**, श्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को रेलवे बोर्ड के वार रूम में पहुंचकर सभी ट्रेनों की अपडेट की जानकारी ली। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया की स्थिति पर नजर रखें और योजना एवं आवश्यकतानुसार प्रयागराज से गाड़ियों का परिचालन करें। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ, श्री सतीश कुमार ने भी दिन भर वार रूम से गाड़ियों की मॉनिटरिंग की। प्रयागराज के लिए चलनेवाली सभी गाड़ियों को उच्च प्राथमिकता पर चलाने का निर्देश दिया।




### गणतंत्र दिवस परेड में महाकुंभ की भव्यता दर्शाती उप्र. की झांकी को मिला पहला पुरस्कार

**नयी दिल्ली :** देश के 76वें गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर निकली परेड में शामिल उत्तर प्रदेश की झांकी को पहला पुरस्कार मिला है। उत्तर प्रदेश की झांकी में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की भव्यता को दशार्या गया, जो 'विरासत और विकास' के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास था। तीनों सेनाओं और अर्धसैनिक बलों की मार्चिंग टुकड़ियों में जम्मू और कश्मीर राइफल्स दल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है। गणतंत्र दिवस परेड में शामिल सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्तों और झांकियों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।













सैनिक स्कूल तिलैया
पो. - तिलैया डैम
जिला- कोडरमा (झारखण्ड)

विद्यालय के प्राचार्य, अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्रों की ओर से झारखण्ड वासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

सूचना

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 की तिथि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के वेबसाइट https://exams.nta.ac.in/AISSEE/ पर जल्द ही प्रकाशित की जाएगी।

प्राचार्य।

